e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
सुविचार
खुशी केवल पैसों में नहीं बल्कि सफलता के आनंद में है !
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 241
रविवार
03.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

## इसरो का कमाल : पहले चांद पर चमत्कार, अब सूर्य को नमस्कार

# सूरज से मिलने 125 दिन के सफर पर निकला आदित्य

**श्रीहरिकोटा के लॉन्चिंग सेंटर से इसरो के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 मिशन को शनिवार 11.50 बजे लॉन्च कर दिया गया. आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को पृथ्वी और सूर्य के बीच की एक फीसदी दूरी तय करके एल-1 पॉइंट पर पहुंचा देगा. लॉन्चिंग के ठीक 125 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल1 तक पहुंचेगा. इस पॉइंट पर पहुंचने के बाद आदित्य-एल1 बेहद अहम डेटा भेजना शुरू कर देगा.**

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा :** चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो एक बार फिर इतिहास रचने की दहलीज पर है. अब देश के साथ-साथ विश्व की निगाहें इसरो के सूर्य मिशन यानी आदित्य-एल1 पर टिकी हैं. श्रीहरिकोटा के लॉन्चिंग सेंटर से इसरो के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 मिशन को शनिवार 11.50 बजे लॉन्च कर दिया गया. आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को पृथ्वी और सूर्य के बीच की एक फीसदी दूरी तय करके एल-1 पॉइंट पर पहुंचा देगा. लॉन्चिंग के ठीक 125 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल1 तक पहुंचेगा. इस पॉइंट पर पहुंचने के बाद आदित्य-एल1 बेहद अहम डेटा भेजना शुरू कर देगा. जब मिशन को लॉन्च किया गया तो उस दौरान श्रीहरिकोटा के व्यूवर्स गैलरी में मौजूद भीड़ ने भारत माता की जय के नारे लगाए. लॉन्च होने के थोड़ी देर बाद पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट से आदित्य-एल 1 अलग हो होकर अपनी यात्रा पर निकल गया. यहां से इसकी 125 दिन की यात्रा शुरू हो चुकी है. यहां से यह धरती के चारों तरफ 16 दिनों तक पांच ऑर्बिट मैन्यूवर करके सीधे धरती की गुरुत्वाकर्षण वाले क्षेत्र यानी स्फेयर ऑफ इंफ्लूएंस से बाहर जाएगा. फिर यहां से उसकी 109 दिन की यात्रा शुरू होगी. जैसे ही आदित्य-एल1 पर पहुंचेगा, वह वहां पर एक ऑर्बिट मैन्यूवर करेगा. ताकि एल1 प्वाइंट के चारों तरफ चक्कर लगा सके.

### एचईसी रांची के इंजीनियरों ने किया है लॉन्चिंग पैड का निर्माण

एचईसी के इंजीनियरों ने आदित्य एल 1 के लिए लॉन्चिंग पैड का निर्माण किया है. इसरो के लॉन्चिंग साइट पर लगे लॉन्चिंग पैड को बनाने में फ्लोलोडिंग कम वर्टिकल रिपोजिशनल प्लेटफार्म, होराइजेंटल स्लाइडिंग डोर, हैमर हेड टावर क्रेन, इलेक्ट्रिक ओवरहेड क्रेन, व्हील बॉगी सिस्टम सहित कई ऐसे कल-पुर्जे बनाए हैं. लॉन्चिंग पैड में लगने वाले विभिन्न पार्ट्स एचईसी के एचएमबीपी, एफएफपी, एचएमटीपी प्लांट्स में बनाए गए हैं. चंद्रयान और सूर्य मिशन के लिए लॉन्चिंग पैड बनाए जाने के बाद अब एचईसी के इंजीनियरो को इसरो की तरफ से और भी वर्क ऑर्डर मिलने की संभावना है. पिछले दिनों इसरो के पदाधिकारी ने एचईसी का दौरा किया था और कई बड़े वर्क ऑर्डर देकर एचईसी के इंजीनियरों के कार्यों की तारीफ भी की थी. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की तरफ से पहली बार सूर्य की जानकारी इक्कट्ठा करने के लिए सेटेलाइट लॉन्च किया गया है.




*** इसरो ने फिर रचा इतिहास, पूरे विश्व की निगाहें सूर्य मिशन पर टिकी**



## आदित्य एल 1

आदित्य एल 1 सूरज की स्टडी करेगा। सूरज की वजह से लगातार धरती पर रेडिएशन, गर्मी, मैग्नेटिक फील्ड और चार्ज्ड पार्टिकल्स का बहाव आता है. इसी बहाव को सौर हवा या सोलर विंड कहते हैं. सौर तूफान से धरती को कई तरह के नुकसान की आशंका रहती है. इसलिए अंतरिक्ष के मौसम को जानना जरूरी है. आदित्य एल 1 इन सारी चीजों की जानकारी इकट्ठा करेगा।

**11.50 बजे**
शनिवार को श्रीहरिकोटा के लॉन्चिंग सेंटर से इसरो के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च कर दिया गया

**125 दिन**
बाद यह अपने पॉइंट एल1 तक पहुंचेगा.

**16 दिन**
तक धरती के चारों तरफ पांच ऑर्बिट मैन्यूवर करके सीधे धरती की गुरुत्वाकर्षण वाले क्षेत्र यानी स्फेयर ऑफ इंफ्लूएंस से बाहर जाएगा.

## चांद, सूरज के बाद अब अंतरिक्ष की बारी

चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और सूरज की ओर बढ़ने के बाद इसरो ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा हुआ है. पिछले 11 दिन में इसरो ने ये दो इतिहास रचे हैं, आने वाले समय में भी ऐसे ही कई मिशन के लिए हिन्दुस्तान तैयार है. शनिवार को श्रीहरिकोटा से आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो के हौसले बुलंद हैं.अब भारत की नज़र अगले मिशन पर है, जिसका मकसद अंतरिक्ष का अध्ययन करना है. इसरो का नया मिशन एक्सपोसैट होने वाला है. एक्सपोसैट यानी एक्स रे पोलारिमीटर सैटेलाइट भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन है जो मुश्किल हालात में भी चमकीले खगोलीय एक्सरे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन



करेगा. इसके लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष यान भेजा जाएगा, जिसमें दो वैज्ञानिक अध्ययन उपकरण (पेलोड) लगे होंगे. इसरो के मुताबिक, इसके दो पेलोड पोलिस और एक्सपेक्ट होंगे. इसमें पोलिक्स का काम खगोलीय मूल के 8-30 केवी फोटॉन की मध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज में पोलारिमेट्री मापदंडों को मापना है.जबकि एक्सस्पेक्ट पेलोड 0.8-15 केवी की ऊर्जा रेंज में स्पेक्ट्रोस्कोपिक के बारे में बताएगा. ये मिशन लॉन्चिंग के लिए तैयार है, हालांकि अभी लॉन्चिंग डेट का ऐलान नहीं किया गया है. इसरो की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका जैसे खगोलीय स्रोतों से उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है. पोलारिमेट्री माप दो और आयाम को जोड़ेंगे, ध्रुवीकरण की डिग्री और ध्रुवीकरण का कोण और इस प्रकार यह खगोलीय स्रोतों से उत्सर्जन प्रक्रियाओं को समझने का एक बेहतरीन तरीका है. यानी इस मिशन का मुख्य मकसद अंतरिक्ष के बारे में अधिक जानकारी हासिल करना है.

### आदित्य-एल 1 की सफल लॉन्चिंग के बीच चंद्रयान-3 से आई एक और खुशखबरी : चांद पर 100 मीटर चल चुका प्रज्ञान



इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने आदित्य-एलवन की सफल लॉन्चिंग के बाद कहा कि चंद्रयान-3 का रोवर प्रज्ञान अब तक चांद की सतह पर 100 मीटर चल चुका है. विक्रम लैंडर और रोवर दोनों की सेहत सही है. दोनों के सभी पेलोड्स तरीके से काम कर रहे हैं.इससे पहले रोवर ने विक्रम लैंडर की शानदार फोटो ली थी. सामने आए गड्ढे से बचने के लिए उसने रास्ता भी बदला था. तस्वीरें वो नेविगेशन कैमरा से ले रहा है. इस कैमरे को लेबोरेटरी फॉर इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स ने बनाया है. प्रज्ञान रोवर में एक तरफ ये दो नैवकैम लगे हैं. असल में रोवर का कुल वजन 26 केजी है. यह तीन फीट लंबा, 2.5 फीट चौड़ा और 2.8 फीट ऊंचा है. छह पहियों पर चलता है.

### आदित्य-एल 1 का प्रक्षेपण एक ऐतिहासिक उपलब्धि : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक ट्वीट संदेश में कहा कि भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो भारत के स्वदेशी अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक नए पथ पर ले जाती है। इससे हमें अंतरिक्ष और खगोलीय घटनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। मैं इस असाधारण उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई देती हूं। मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति ने एक ट्वीट संदेश में कहा कि भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 का सफल प्रक्षेपण हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक शानदार नया अध्याय खोलता है। मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई देता हूं। यह शानदार उपलब्धि निश्चित रूप से सौर मंडल के बारे में हमारी समझ में भरपूर योगदान देगी।



### भारत के पहले सौर मिशन के लिए बधाई : पीएम मोदी



पीएम मोदी ने इसरो को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है. भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य -एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए, इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई. संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता के बाद इसरो के हमारे महान वैज्ञानिकों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल 1 की सफल लॉन्चिंग की है। इस अवसर पर देश सहित इसरो के समस्त वैज्ञानिकों और उनके परिवारों को अनेक अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहर।

### राज्यपाल ने वैज्ञानिकों को दी बधाई



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने ट्वीट कर शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब सूर्य की गतिविधियों के अध्ययन के लिए सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए समस्त देशवासियों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष में भारत का सनशाइन मूमेंट केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

आदित्य-एल1 की सफल लॉन्चिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सनशाइन मूमेंट है. हम सभी का भाग्य है कि हम श्रीहरिकोटा में बनने वाले एक सफल इतिहास का हिस्सा हैं. भारत के पहले सौर मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम इसरो को बधाई.



### सोमनाथ ने कहा : बधाई हो, आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को



सोमनाथ ने कहा, बधाई हो, आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को 235 गुणा 19,500 किमी की अण्डाकार कक्षा में स्थापित किया गया है, जिसका इरादा पीएसएलवी द्वारा बिल्कुल सटीक तरीके से किया गया था. यहां बहुत अनोखा मिशन मोड है, जिसमें पीएसएलवी का ऊपरी चरण पहली बार प्राथमिक उपग्रह को इंजेक्ट करने के लिए दो बर्न अनुक्रम लेता है.

### बधाई के पात्र हैं इसरो के वैज्ञानिक : खड़गे



कांग्रेस ने भी आदित्य एल1 मिशन को देश के लिए शानदार उपलब्धि करार दिया और इसकी ऐतिहासिक परिष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि परियोजना को साल 2009 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की मंजूरी मिली थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेताओं ने सफल लॉन्चिंग के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी।

# कौन-कौन से पेलोड्स जा रहे हैं आदित्य के साथ?

पापा यानी प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य. यह सूरज की गर्म हवाओं में मौजूद इलेक्ट्रॉन्स और भारी आयन की दिशाओं और उनकी स्टडी करेगा. कितनी गर्मी है इन हवाओं में इसका पता करेगा. साथ ही चार्ज्ड कणों यानी आयंस के वजन का भी पता करेगा. वेल्क यानी विजिबल लाइन एमिसन कोरोनाग्राफ. इसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने बनाया है. सूर्ययान में लगा वेल्क सूरज की एचडी फोटो लेगा. इस स्पेसक्राफ्ट को पीसीएलवी रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा. इस पेलोड में लगा कैमरा सूरज के हाई रेजोल्यूशन तस्वीरे लेगा. साथ ही स्पेक्ट्रोस्कोपी और पोलैरीमेट्री भी करेगा. सूट यानी सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलिस्कोप.यह एक अल्ट्रावायलेट टेलिस्कोप है. यह सूरज की अल्ट्रावायलेट वेवलेंथ की तस्वीरे लेगा. साथ ही सूरज के फोटोस्फेयर और क्रोमोस्फेयर की तस्वीरें लेगा. यानी नैरो और ब्रॉडबैंड इमेजिंग होगी.

सोलेक्स यानी सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर. सूरज से निकलने वाले एक्स-रे और उसमें आने वाले बदलावों की स्टडी करेगा. साथ ही सूरज से निकलने वाली सौर



लहरों का भी अध्ययन करेगा. हाई एनर्जी एल 1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर. यह एक हार्ड एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर है. यह हार्ड एक्स-रे किरणों की स्टडी करेगा. यानी सौर लहरों से निकलने वाले हाई-एनर्जी एक्स-रे का अध्ययन करेगा. एस्पेक्सयानी आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट. इसमें दो सब-पेलोड्स हैं. पहला स्विस यानी सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर जो कम ऊर्जा वाला स्पेक्ट्रोमीटर है. यह सूरज की हवाओं में आने वाले प्रोटोन्स और अल्फा पार्टिकल्स की स्टडी करेगा. दूसरा स्टेप्स यानी सुपरथर्म एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर. यह सौर हवाओं में आने वाले ज्यादा ऊर्जा वाले आयंस की स्टडी करेगा. मैग यानी एडवांस्ड ट्राई-एक्सियल हाई रेजोल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर्स. यह सूरज के चारों तरफ मैग्नेटिक फील्ड की स्टडी करेगा. साथ ही धरती और सूरज के बीच मौजूद कम तीव्रता वाली मैग्नेटिक फील्ड की भी स्टडी करेगा. इसमें दो मैग्नेटिक सेंसर्स को दो सेट हैं. ये सूर्ययान के मुख्य शरीर से तीन मीटर आगे निकले रहेंगे.

### क्या है लैरेंज प्वाइंट ?

लैरेंज प्वाइंट यानी एल. यह नाम गणितज्ञ जोसेफी-लुई लैरेंज के नाम पर दिया गया है. इन्होंने ही इन लैरेंज प्वाइंट्स को खोजा था. जब किसी दो घूमते हुए अंतरिक्षीय वस्तुओं के बीच ग्रैविटी का एक ऐसा प्वाइंट आता है, जहां पर कोई भी वस्तु या सैटेलाइट दोनों ग्रहों या तारों की गुरुत्वाकर्षण से बचा रहता है.

### आदित्य-एल 1 क्या है?

आदित्य-एल 1 भारत की पहली अंतरिक्ष आधारित ऑब्जरवेटरी है.यह सूरज से इतनी दूर तैनात होगा कि उसे गर्मी तो लगे लेकिन खराब न हो. क्योंकि सूरज की सतह से थोड़ा ऊपर यानी फोटोस्फेयर का तापमान करीब 5500 डिग्री सेल्सियस रहता है. केंद्र का तापमान 1.50 करोड़ डिग्री सेल्सियस रहता है. ऐसे में किसी यान या स्पेसक्राफ्ट का वहां जाना संभव नहीं है.

### क्या करेगा आदित्य-एल 1 स्पेस्क्राफ्ट?

सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है. आदित्य सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी करेगा. सौर हवाओं के विभाजन और तापमान की स्टडी करेगा.सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास करेगा.

### नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक आदित्य-एल 1 की लांचिंग : योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदित्य-एल 1 की लांचिंग को नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि चन्द्रमा के साथ ही अब सूर्य भी आत्मनिर्भर भारत की शक्ति का साक्षी बनेगा। आदित्य-एल 1 की लांचिंग के लिए मुख्यमंत्री ने इसरो के वैज्ञानिकों की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक पीएसएलवी-सी 57/आदित्य-एल 1 मिशन सफलतापूर्वक लांच हो गया।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# कितनी भी घोर परेशानी हो नारायण का भजन करने से सबका अंत हो जाता है : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी ने कहा कि -अरी पामर तृष्णा! मैं तुझसे पूछता हूँ कि इतने कुकर्म कराकर भी तुझे संतोष हुआ या नहीं .सूर्य के उदय और अस्तके साथ मनुष्यों की जिन्दगी रोज घटती जाती है.समय भागा जाता है, पर कारोबार में मशगूल रहनेके कारण वह भागता हुआ नहीं दिखता. लोगों को पैदा होते, विपत्तिग्रस्त होते और मरते देखकर भी मन में भय नहीं होता. इससे मालूम होता है कि मोहमयी प्रमादरूप मदिरा (शराब) के नशेमें संसार मतवाला हो रहा है। मनुष्य दूसरे को बूढ़ा हुआ तथा मरनेवाला देखता है, पर स्वयं यही समझता है मैं तो सदा जवान रहूँगा- अमर रहूँगा। यह अज्ञानी का लक्षण है.मनुष्यों ! मिथ्या आशा के फेर में दुर्लभ मनुष्य शारीर को यों ही नष्ट न करो। अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मर्यादा है. शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा. यह ठीक नही है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नही है उनको पाप लगेगा। महा नर्क हो जाएगा। ऐसा नही की विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढा करके, दंड कमंडल ले करके घुमने लगे, यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया। घर परिवार को सजाओ. शिक्षित करो। बच्चों को संस्कार दो.बेटा बेटी को विवाह करो. सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो. तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है. तब भगवान प्रसन्न होगें.तब आत्म कल्याण होगा.पात्र के अनुसार ही दण्ड भोगना पड़ता है. बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पडेगा. जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा.जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा हीं दण्ड की प्रक्रिया होती है. यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नही हो तो सुंदरकाण्ड का पाठ कर ले. हनुमान चालीसा का पाठ कर ले उसी से मार्जन हो जाएगा. कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग अलग व्यवस्था बनाया गया है। सबके लिए एक ही नियम लागू नही हो सकता है। जैसे की गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है। परंतु वहीं गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े लिखे लोग करते हैं तो उन्हे कठोर दण्ड भोगना पड़ता है।

# रोजगार की तलाश में गए एक और युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी पंचायत के कुंवरठीका निवासी बिजेंद्र सिंह उम्र 31 वर्ष पिता जगदीश सिंह की मौत ईलाज के दौरान अहमदाबाद में हो गई। वह दो माह पूर्व ही अहमदाबाद के नाना चिलोड़ा स्थित हिन्दुस्तान इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी में काम करने गया हुआ था। बीते 31 अगस्त को कंपनी में काम करते समय वहाँ उसकी अचानक तबियत खराब होने के बाद उसे ईलाज हेतु वहीं के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ ईलाज के दौरान 31 अगस्त की रात में मौत हो गई थी। शनिवार के सुबह मृतक का शव एम्बुलेंस से पैतृक आवास पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक का दाह संस्कार गांव के ही पुरान पानी नदी के श्मशान घाट पर किया गया। उधर मजदूर का शव आने की जानकारी मिलते ही उपप्रमुख पिंटू टोपो, बबलू यादव, सदर उल्फत अंसारी, विजय उरांव, सुनील राम, राजेश्वर सिंह, हीरालाल सिंह आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

# मुखिया के देवर बने लाभुक समिति के अध्यक्ष व गोतनी बनी मनरेगा की मेट

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत में 15 वें वित्त व मनरेगा के कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई। जिसकी शिकायत पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी ने पलामू उपायुक्त, उप विकास व प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर की है। सुनैना देवी ने बताई की 15 वें वित मद से कराए जाने वाले कार्यों में भंडार पंचायत के मुखिया आरती देवी के देवर अनुज पासवान लाभुक समिति के अध्यक्ष बने हैं। लाभुक समिति के द्वारा कुआं मरम्मती का कार्य कराया जा रहा था। लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि यह कुआं भी उनका स्वयं का है। इतना ही नहीं मनरेगा से भंडार अखाड़ा भवन से शिवनंदन ठाकुर के घर तक कराए गए पथ निर्माण कार्य में मुखिया की बड़ी गोतनी पूनम देवी मेट बनकर कार्य कराई है। जबकि उक्त पथका पूर्व में एनआरईपी से ग्रेड वन का कार्य कराया गया है। अवशेष भाग नंदकिशोर ठाकुर के घर से द्वारपार तक मनरेगा से हीं मिट्टी मोरम का कार्य कराया गया है। इस योजना में वार्ड सदस्य की बहू मेट बनकर कार्य कर रही है। यह योजना भी पूर्व में एनआरईपी से कराया गया है। बताई की मिट्टी सड़क के किनारे न खोदकर दूर कहीं जेसीबी व ट्रैक्टर से लाकर डाला गया है। सड़क पर मिट्टी डाले जाने से पथ किचड़ में तब्दील हो गया है। जिसपर लोगों का चलना काफी दुभर हो गया है।

## ढाब कला में नाली निर्माण कार्य का प्रमुख ने किया शिलान्यास



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत ढाब कला गांव स्थित रविदास टोला में शनिवार को प्रमुख कमला देवी ने नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। पन्द्रहवें वित्त आयोग के योजना मद से पक्की नाली करीब दो लाख अड़तालीस हजार की लागत से बनेगी। मौके पर प्रमुख ने कहा कि उक्त टोला में पक्की नाली निर्माण हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत प्रदान होगी। वहीं उन्होंने नाली निर्माण कार्य करने वाले लाभुक समिति से ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर समाजसेवी सह प्रमुख पति अनिल पासवान पंचायत समिति सदस्य वासुदेव राम शिक्षक अर्जुन राम, बलराम राम, देवनंदन राम, कर्मदेव राम, चंद्रमणि देवी, रतनी कुंवर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महुगांई दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने बिजली साव और अरविंद प्रजापति सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुर्गाबाड़ी प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसमिति से बिजली साव को दुर्गा पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अरविंद प्रजापति को सचिव और संजय राम को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह अनूप कुमार पांडेय को उपाध्यक्ष, बाबूलाल शर्मा को उप सचिव और सतेंद्र राम को उप कोषाध्यक्ष चुना गया है। कमेटी में संरक्षक, व्यवस्थापक समेत 21 लोगों को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावे कई लोगों को कमेटी का सहयोगी भी चुना गया है। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिजली साव ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। उन्होंने गांववासियों से दुर्गा पूजा में बढ़चढ़ कर सहयोग करने का आग्रह किया है। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी कीमत में हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूजा में हुड़दंग और अशांति पैदा करने वालों पर कमेटी कठोर कार्रवाई करेंगी। मौके पर बिजली साव, अरविंद प्रजापति, संजय राम, अनूप कुमार पांडेय, बाबूलाल शर्मा, सतेंद्र राम, पूर्व उप मुखिया सुनील मिश्रा, विश्वनाथ प्रजापति, सुनैन राम, राजेश पासवान, भोला उरांव, सुनील उरांव, शिवकुमार उरांव, जयपाल उरांव, कृष्णा प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, आमारिक राम, सुकन कुमार, विजय पांडेय, विजय साव, राजेश प्रजापति, सुनील प्रजापति, ब्रजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मृतक उदल के पुत्र रोहित ने उपायुक्त से मांगी मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** मृतक योगेंद्र प्रसाद उर्फ उदल महतो के 16 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार चौरसिया ने उपायुक्त पलामू को आवेदन पत्र सौंपा तथा आर्थिक मदद मांगा। आवेदन में रोहित कुमार चौरसिया ने कहा है कि 28 अगस्त को रात्रि लगभग 10:30 बजे गढ़वा डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर बराव के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार बरेजा कार के चपेट से मेरे 35 वर्षीय पिता योगेंद्र प्रसाद उर्फ उदल महतो की मौत हो गई है।रोहित कुमार चौरसिया ने बताया कि मैं 16 वर्षीय नाबालिग हूं। परी कुमारी की उम्र 16 वर्ष, काजल कुमारी की उम्र 8 वर्ष,सृष्टि कुमारी की उम्र 5 वर्ष की तीन बहने है।रोहित ने बताया कि मेरे पिताजी एक मजदूर थे। वह किसी तरह मजदूरी कर हम सभी भाई बहन का लालन पोषण करते थे। परंतु देखते देखते एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बरेजा कार ने मेरा सहारा छिन लिया।उन्होंने कहा कि दुर्घटना के दिन भी पिताजी डाल्टनगंज में मजदूरी करके आए थे। अब हम अनाथ बेसहारा हो गए है।रोहित ने बताया कि एक्सीडेंटल मृत्यु होने पर सरकारी प्रावधानुसार सरकारी लाभ मिलता है। इसलिए आज रोहित ने उपायुक्त से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाया तथा सरकारी लाभ दिलाने का आग्रह किया।नरसिंहपुर पथरा पंचायत के मुखिया मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया सेवानिवृत शिक्षक ने भी सरकार से तथा माननीय विधायक, माननीय सांसद से सहानुभूति पूर्वक मदद करने की अपील किया। डीसी को बताया कि मृतक पिता के तीन मासूम बेटीयां परी11 वर्ष, काजल 8वर्ष, सृष्टि 5 वर्ष, मां और रोहित कुमार चौरसिया है।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग से संबंधित, विधुत विभाग से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे।उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# मुखिया नीलम देवी ने पंचायत अंतर्गत विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को लोहरगड़ा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरका में एस एम सी अध्यक्ष के चुनाव के लिए समय निर्धारित किया गया था। पर ग्रामीणों के कम उपस्थिति एवं भारी शोरशराबे के कारण उक्त चुनाव पंचायत के मुखिया नीलम देवी के द्वारा स्थगित किया गया। साथ ही पंचायत अंतर्गत कई विद्यालय का पठन पाठन एवं संचालित एमडीएम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उक्त मुखिया के द्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय सचिव को एमडीएम नियमित संचालित एवं उसमे सुधार करने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने पंचायत अंतर्गत पीएचडी विभाग से लग रहे हर घर जल नल योजना में अनियमितता बरते जाने पर नाराजगी जताते हुए कार्य करा रहे लोगों को कड़ी फटकार लगाई एवं गुणवातापूर्ण कार्य करने का सख्त निर्देश दिया।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बनखेता निवासी परशुराम सिंह उम्र 40 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गए। जानकारी के अनुसार परशुराम सिंह शनिवार की शाम बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम के लिए मेदनीनगर जा रहे थे। तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल परशुराम सिंह का इलाज करवा रहे हैं। वहीं दूसरी और पाटन थाना क्षेत्र के निवासी हरेंद्र कुमार पासवान उम्र 26 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

# एलिम्को (भुवनेश्वर) व झारखण्ड शिक्षा परियोजना गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को प्रखंड के 3-18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये एलिम्को (भुवनेश्वर) व झारखण्ड शिक्षा परियोजना गढवा के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय व बीपीओ तहमीना प्रवीण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में एलिम्को के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धनन्जय महाराणा द्वारा 24 दिव्यांगों का जांच किया गया तथा विगत वर्ष जांच किये गये 21 दिव्यांगों में से 7 दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया जिसमें दो को सीपी चेयर, एक को फोल्डिंग चेयर,दो को हाथ की छड़ी तथा दो को क्लिपर उपलब्ध कराया गया। मौके पर सहयोगी अरुण यादव, रंजन यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर नीतीश यादव, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, उपेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, चंदन कुमार पासवान, अनुमंडलीय दिव्यांग संघ के अध्यक्ष कमलेश बिहारी, उमेश पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिमडेगा : 18th मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा हॉकी चैंपियनशिप 2023 में पांचवे दिन महिला वर्ग के 02 और पुरुष वर्ग के 02 मैच खेले गए



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29अगस्त से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 18th मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में आज पांचवे दिन कुल 04 मैच खेले गए। पहला मैच में एसटीसी लचरागढ़ टीम ने आर सी यू मध्य विद्यालय करगागुड़ी को 8=0से तथा दूसरा मैच में एसटीसी लचरागढ़ क्क ने चक्कस सिमडेगा 3=0 पराजित कर तीन तीन अंक अर्जित किए। पुरुष वर्ग में दो मैच हुए बासेंन और गोस्नार कॉलेज के बीच खेले गए मैच 3=3 गोल बराबरी पर रहे वन्हि आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास की टीम ने बेरी टोली को 2=1गोल से पराजित कर तीन अंक दर्ज किए। कल पुरुष वर्ग का 08 मैच खेले जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियुस् टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, एलशन किड़ो, वेद प्रकाश, अनु राहुल मिंज, प्रतिमा तिर्की, करिश्का परवार, सुजीत एक्का, रोहित बेसरा, सुमित बरवा, इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रेहला योगी वीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**➲आगामी छः सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी यागराज व बंगाल के कलाकार लेंगे भाग**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन मौके पर आगामी छः सितंबर दिन बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला सिद्ध पीठ योगीवीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता ने आज पत्रकारों को दी। श्री गुप्ता ने कहा की कृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर सिद्ध पीठ योगी वीर देव स्थल कमिटी के तत्वाधान में भव्य भक्ति जागरण व झांकी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह भाग लेंगी। वहीं कलकता के प्रसिद्ध झांकी बंटी एंड रूप के द्वारा सुंदर व दिव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन को सफल बनाने में देव स्थल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी, पिंटू केशरी, विनोद सिंह, संरक्षक मंडली के वरीय सदस्य साइमन मैथ्यू एसले, स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार, राजमोहन पाल,डाक्टर अनिल सिंह, रंजीत सिंह, राजू सिंह, संजू सिंह, कृपा शंकर सिंह, नीरज सिंह, धीरज सिंह, रामनाथ कश्यप, दिनेश गुप्ता के सक्रिय सहयोग के अलावा प्रधान संरक्षक आदर्श सिंह राजपूत, राजेश प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, प्रीतम भगत, राकेश चौबे, संतोष चौबे, शंकर गुप्ता, पारस नाथ पाल, विजय शंकर, हरकेशवर प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# कार्तिक चुनाव सीनियर डिवीजन फुटबाल लीग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला फुटबाल संघ लोहरदगा के तत्वाधान में कार्तिक चुनाव सीनियर डिवीजन फुटबाल लीग प्रतियोगिता का आज का मैच भक्सो फुटबाल क्लब बनाम हिरही फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया मध्यांतर तक दोनों टीम बराबरी पर थी मध्यांतर के बाद दोनों टीमो मे भक्सो ने 5 खिलाड़ी बदले तथा हिरही ने 4 चेंज लिया मैच काफी उतार-चल हो रहा परंतु दोनों टीमों में कोई भी गोल नहीं कर सकी और मैच बराबरी पर छूटा । आज के मैच में मुख्य रूप से जिला फुटबाल सघ के सचिव जाहिद अहमद सुकरा उराव साजीद अहमद सजय भगत विरेन्द्र यादव महेश बर्मा तबारक अंसारी नुसरत असारी सचिन तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे। मैच के निर्णायक पन्ने राम लोहरा रौशन मुंडा राहुल उराव अभिषेक साहु थे।

# युवा सद्भावना मंच अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में आज शनिवार कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। कुडू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में बुक क्लब एक्टिविटी अंतर्गत डायन प्रथा विषय पर नाट्य मंचन किया गया। भंडरा प्रखंड के प्लस टू विद्यालय बमण्डीहा में बुक क्लब एक्टिविटी अंतर्गत हिंदी साहित्य पर चर्चा की गई। कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, रविवार, 03 सितंबर 2023| पेज 3


## संक्षिप्त खबरें

### लापता व्यवसायी का दो दिन बाद भी सुराग नहीं

**रांची :** रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यवसायी नवीन कुमार मिश्रा का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। नवीन कुमार मिश्रा ने बीते 31 अगस्त को अपने बेटे के मोबाइल फोन पर लोकेशन भेजा था। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। नवीन के परिजनों ने रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ भी किया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि नवीन ने क्रिप्टोकरेंसी में करीब एक से डेढ़ करोड़ निवेश किया था। इसके अलावा उन्होंने शेयर बाजार में भी पैसा इन्वेस्ट किया था। नवीन ने कई लोगों से सूद पर पैसा उधार लिया था। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि नवीन कुमार मिश्रा की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनको ढूंढ लिया जाएगा।

### संत जीएम स्कूल में गणित विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**रांची :** माही ने सेंट्रल स्ट्रीट, हिंदपीढ़ी स्थित संत जीएम स्कूल में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें क्विक मैथ्स कम्प्यूटेशन स्ट्रेटजी और वैदिक गणित के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के दसवीं कक्षा के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें गणित के कठिन प्रश्नों के समाधान के लिए कलम और कॉपी के बिना बौद्धिक तरीकों का प्रयोग कर हल करने का विधि सिखाया गया,जिसमें उन्होंने अतिशीघ्र गणित के उलझे हुए प्रश्नों को सेकंडों में हल करना सीखा। ज्ञात हो कि माही द्वारा गणित पर कार्यशाला का यह श्रृंखला विभिन्न स्कूलों में निरंतर चलाया जा रहा है।

## रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी की

# बागडोर फिर गद्दी समाज के हाथ

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची :** कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव 3 सितंबर को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा । वहीं मतगणना भी पांच बजे के बाद से शुरू हो जाएगी । संभवतः मगरिब बाद तक चुनाव का परिणाम आ जाए। 138 मतदाताओं के बीच करीब 39 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला आज है। इसमें मुख्य रूप से टीम कुतुब और टीम खिदमत दोनों आमने-सामने हैं, कुछ निर्दलीय भी हैं ,सबकी निगाहें इन उम्मीदवारों पर टिकी हुई है, जो परिस्थितियां बन रही है दोनों टीमों से ही चुनकर लोग आयेंगे और निर्वाचित कमेटी बनेगी,ये कितना काम करेगी आने वाला वक्त बताएगा। मतदाताओं को चाहिए रिश्तेदार, दोस्ती, जाती से ऊपर उठकर शिक्षित, ईमानदार और जिनके पास विजन है, विवादित न हो उसे ही मतदान करके चूने।

### आसान नहीं है डगर ये है जिम्मेदारियां

कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव हो रहा है। लेकिन कमेटी चुनकर आयेगी उनके लिए तीन साल का समय कम और काम के साथ जिम्मेदारियां बहुत है। पहले करीब 12 सालों तक रहा, तो कोई इससे अधिक समय तक राज किया। लेकिन अब आगे ऐसा नहीं होने दिया जाएगा, तीन साल में चुनाव तय है। इसलिए सबसे पहले मजार शरीफ का अगर बायलॉज है तो उसमें सुधार जरूरी है। दरगाह में जो चंदा से राजस्व आता है उसका हिसाब, पूर्व का हिसाब पारदर्शी करना होगा। वर्ष एक बार एजीएम तय करना होगा। मजार की अपनी जमीन बताया जाता है सम्भवतः 2.65 एकड़ के करीब है। इस जमीन की हिफाजत, चारदीवारी अपने आप में एक शर्त है। जमीन पर अतिक्रमण है , यह कराया गया है, यह अतिक्रमण मुक्त है यह भी जांच का विषय है। 138 ही मतदाता हैं, जबकि झारखंड का प्रसिद्ध दरगाह है इस का विस्तार होना चाहिए। इसके लिए रांची जिला के तीस साल पुराना संस्थान, मस्जिद,मदरसा,बीस साल पुराना रजिस्टर्ड संस्थानों से पांच पांच पदाधिकारियों सदस्यों सहित सभी जिले से भी जोड़ कर मतदाता बनाने की पहल हो।मजार का गुंबद निर्माण, मैरिज हॉल गरीबों को सस्ता में मिले, अस्पताल को बेहतर बनाना, पांच दिवसीय सलाना उर्स का भव्य आयोजन, उर्स में दूर दराज से जो लोग आते हैं उनके ठहरने की व्यवस्था, किसी भी परिस्थिति या आपदा में गरीबों को अनाज उपलब्ध कराना,गरीब युवती की शादी कराना, पंचायतों के आवेदन पर उस पंचायत की युवती की शादी के लिए विशेष सहुलियत देना, गरीब छात्रों के शिक्षा की व्यवस्था कराना, कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह को अब तक राजकीय महोत्सव घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी उम्मीदवार के एजेंडे में यह देखा गया , जबकि मैंने इसकी मांग अपने अखबार के माध्यम से तत्कालीन पर्यटन मंत्री अमर बाउरी से कर चुके थे, उन्होंने कहा था कि दरगाह कमेटी एक प्रस्ताव दे इसपर सरकार आगे बढ़ेगी, जिसकी जानकारी पूर्व अध्यक्ष मरहूम हाजी राउफ गद्दी को दी गई थी।

### चुनावी मैदान में हैं

टीम कुतुब के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुहेल अख्तर गब्बर हैं और टीम खिदमत से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं अयूब गद्दी तो वहीं तीसरे मोर्चे के तौर पर निर्दलीय उम्मीदवार अतिकुर रहमान हैं जो अध्यक्ष के पद पर हैं और तीनों गद्दी समाज से आते हैं, यानी गद्दी समाज के हाथों पे फिर होगी कमेटी की बागडोर। वहीं सचिव पद पर मो फारुख हैं और पहले भी इस पद रह चुके हैं और इन्हें टक्कर देंगे सचिव पद के उम्मीदवार जावेद अनवर नया चेहरा है। उपाध्यक्ष उम्मीदवार पद पर हाजी जाकिर, रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, हाजी मोख्तार कुरैशी हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए सुहैब, अली अहमद दोनों को टक्कर देंगे मो सादिक और जुल्फेकार अली भुट्टो। कोषाध्यक्ष में जैनुल अबैदीन उर्फ राज,कपिल गद्दी शामिल हैं।



### कार्यकारिणी उम्मीदवारों में

सरफराज गद्दी उर्फ संपा,अनीश गद्दी,समसुल होदा, आफताब आलम,मो रिजवान राजा, अब्दुल खालिक,एजाज गद्दी,मो नज्जू,समी अख्तर सहित आसिफ नईम, मोहम्मद गुलाम ख्वाजा, शाहिद आलम, साजिद उमर, मोहम्मद शहजाद बबलू, नसीम उल हक, महबूब हुसैन, शादाब अहमद आदि शामिल हैं।

## टीम रेड को बाहर का रास्ता दिखाकर

# टीम ग्रीन और येलो के बीच फाइनल आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के परिसर के वॉलीबॉल कोर्ट पर मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला हुआ। टीम ग्रीन और टीम येलो ने अपने दोनों लीग मैच को जीतकर फाइनल में जगह बनाई है। टीम ब्लू ने पहला सेट 25 -15 से जीत लिया । टीम येलो ने दूसरा सेट 25-19 और तीसरा सेट 15-12 से जीता। दूसरे मैच में टीम ग्रीन ने टीम रेड को सीधे सेट में 25-15, 25-17 से हरा दिया। तीसरे मुकाबले में टीम येलो ने टीम रेड को एकतरफा मुकाबले में 25-7, 25-15 से हराकर टीम रेड को खिताबी मुकाबले से बाहर का रास्ता दिखा दिया। टीम ग्रीन ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी कर जीत दर्ज की। टीम ब्लू ने पहला सेट 26-24 से जीता । लेकिन टीम ग्रीन ने शानदार वापसी कर अगले दो सेट 25-21 व 15-



12 से जीत फाइनल का पहुंचा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशासक रामाशंकर सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेतांक सेन व राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अलावा अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम राज, राष्ट्रीय रेफरी संजय ठाकुर, निशिकांत पाठक, राम सुधीर झा के अलावा अजय झा, अमन खलखो, लव आनंद व शिवदयाल सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ इंडियाअधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19 वीं आम सभा का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन तीन सितंबर को राँची के गुरु नानक उच्च मध्य विद्यालय ऑडिटोरियम में होना है। उक्त सभा में पटना से बैंक अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) के चेयरमेन और फेडरेशन ऑफ़ बैंक ऑफ़ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस के महासचिव कॉमरेड सुनील कुमार, मुंबई से फेडरेशन के अध्यक्ष कॉमरेड निलेश पवार, कोलकाता से चेयरमैन कॉमरेड संजय दास, गांधीनगर से कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड स्वेतांग त्रिवेदी और भुवनेश्वर से उपाध्यक्ष कॉमरेड कमलजीत महापात्र मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। राज्य इकाई की ओर से बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा, अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, एआईबीओसी के झारखंड राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ झारखंड राज्य के महासचिव कॉमरेड अरूण जॉन प्रबाल अपने विचार रखेंगे। वार्षिक आम सभा में झारखंड राज्य से अनुमानतः 1500 अधिकारी हिस्से लेंगे।

## डीसी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में जिला अंतर्गत सभी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श करते हुए राजनीतिक



दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किये गए। उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव से राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 58-तमाड़, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, मतदान केंद्र के नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

## एमएसएमई का एक दिवसीय बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल झारखंड राज्य की एक आवश्यक बैठक संत जोसेफ हॉल, पुरलिया रोड रांची में आयोजित की गई। बैठक में एमएसएमई पीसीआई के केंद्रीय वाइस चेयरमैन प्रदीप मिश्रा सरकार, अध्यक्ष विजय कुमार और झारखंड स्टेट अध्यक्ष सुभाष चंद्र गायली ने अपनी बातों को रखा ।बैठाक में अपनी बातों को रखते हुए प्रदीप मिश्रा सरकार ने कहा कि एमएसएमई के बारे में बड़े पैमाने पर लोगों के बीच जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है ,जिससे लोग एमएसएमई के बारे में जान सके । मौके पर बोलते हुए सुभाष चंद्र गयाली अध्यक्ष झारखंड ने कहा कि लोगों को रोजगार मिले यह हमारा प्रयास है । उन्होंने कहा कि झारखंड के हर जिले में 22 लोगों की एक टीम बनाया जा रहा है, जो लोगों के बीच जाकर एमएसएमई के बारे में जागरूक करेगी। इस मौके पर इस मौके पर विजय कुमार केंद्रीय अध्यक्ष एमएसएमई इंडिया, रोहित नागसाया डिप्टी चेयरमैन , शांति सवाया , रश्मी तिवारी डिप्टी चेयरमैन ,आरती टुडू डिप्टी चेयरमैन ,राधिका तिवारी डिप्टी चेयरमैन ,अजय सिंह , कौशल महतो डिप्टी चेयरमैन, प्रतिमा सिंह डिप्टी चेयरमैन समेत कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो ने किया सवाल, संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र क्यों बुला रही केंद्र सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र क्यों बुला रहे हैं, यह बतायें। साथ ही कहा कि इंडिया गठबंधन से भाजपा और केंद्र सरकार को भय होने लगा है। यही वजह भी है कि संसद के पांच दिनों के विशेष सत्र के आयोजन के संबंध में वह सरकारी नोटिफिकेशन जारी नहीं कर रही। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश संविधान और कुछ पारंपरिक मान्यताओं से चलता है। इस सरकार में हिंदुस्तान की संसदीय परंपरा समाप्त हो रही है। आखिर किन विशेष परिस्थितियों में पांच दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन हो रहा है, यह सरकार बताए। भट्टाचार्य ने कहा कि तीन महीने से मणिपुर जल रहा है लेकिन विशेष सत्र केंद्र सरकार नहीं बुला पाती। प्रधानमंत्री विदेशों का दौरा करते हैं। अपने मित्र से संबंधित बातों का जवाब नहीं देते। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान, आर्थिक मामलों के जानकार नाम लेकर तथ्यों के साथ देश के सबसे बड़े उद्योगपति के कारनामे छाप रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहते हैं। गुजरात सरकार उनके मित्र की चोरी पकड़ती है लेकिन वे खामोश रहते हैं। आखिर विशेष सत्र में होगा क्या। जब दो महीने के बाद शीतकालीन सत्र तो आना ही था तो ऐसी कौन सी आपदा आ गयी कि विशेष सत्र बुला रहे हैं। पहले पता रहता तो सभी दल तैयारियों के साथ इसमें शामिल होते।उन्होंने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी 27 दलों का आभार भी जताया। साथ ही कहा कि एक सितम्बर को इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्तर पर बनी समन्वय समिति का सदस्य चुना गया। इस देश के 11 करोड़ से ज्यादा आदिवासी जनसमुदाय के प्रतिनिधित्व करने, नौजवानों का, मूलवासियों का प्रतिनिधित्व करने को सबसे पुरानी पार्टी सहित कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पार्टियों ने हेमंत पर भरोसा जताया है।

## मीडिया कप वॉलीबॉल में येलो और ग्रीन टीम ने फाइनल में जगह बनायी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत रांची विश्वविद्यालय कैंपस के वॉलीबॉल कोर्ट में शनिवार को हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रशासक रामाशंकर सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेतांक सेन और राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन येलो टीम और ग्रीन टीम ने लीग में अपना मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह पक्की की। रविवार को दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला खेला जायेगा। प्रतियोगिता के



पहले दिन पहला मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ब्लू ने पहला सेट 25-15 से जीता। लेकिन टीम येलो ने दूसरा सेट 25-19 और तीसरा सेट 15-12 से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया। दूसरे मुकाबला टीम ग्रीन और टीम रेड के बीच खेला गया, जिसमें टीम ग्रीन ने टीम रेड को सीधे सेट में 25-15, 25-17 से हराकर जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला टीम येलो और टीम रेड के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले में टीम येलो ने 25-7 और 25-15 से जीत दर्ज की। दो हार के बाद टीम रेड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। दिन का आखिरी मुकाबला टीम ग्रीन और टीम ब्लू के बीच रोमांचक रहा। जिसमें टीम ग्रीन ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। टीम ब्लू ने पहला सेट 26-24 से जीता। लेकिन टीम ग्रीन ने शानदार वापसी कर अगले दो सेट 25-21 और 15-12 से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर गयी।

## बूथ जीतो-चुनाव जीतो : कर्मवीर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने डुमरी उप चुनाव में सांगठनिक व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने शनिवार को सरसाखो मंडल के बेहरासुइया शक्ति केंद्र की बैठक की। बूथ समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान का केंद्र बिंदु बूथ ही होता है।

हर कार्यकर्ता को अपने अपने बूथों पर प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए संकल्पित होना है। कर्मवीर ने कहा कि हम बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मंत्र को कभी नहीं भूलें। चुनाव के दिन बूथ के कार्यकर्ताओं को बूथ की ही चिंता करनी चाहिए। हम बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का संकल्प लें। बैठक में सिमरिया विधायक किशुन दास, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव भी उपस्थित थे।

## न्यू गिरिडीह रांची स्टेशन के बीच ट्रेन का परिचालन 12 सितंबर से

**रांची :** न्यू गिरिडीह रांची स्टेशन के बीच ट्रेन का परिचालन 12 सितंबर से शुरु हो जाएगा। ट्रेन को सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाई जाएगा। इस ट्रेन का स्टॉपेज धनवार,महेशपुर हॉल्टच, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, टाटी सिल्वे स्टेशन पर होगा. जल्द हीं ट्रेन की टिकट बुकिंग भी शुरु की जाएगी। इस संबंध में पूर्वी रेलवे के परामर्श दात्री के सदस्य प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि न्यू गिरिडीह-कोडरमा रेलमार्ग से पटना-कोलकाता के लिए सीधी ट्रेन देने पर सहमति मिली है।

## उपायुक्त राहुल सिन्हा सहित पदाधिकारियों व कर्मियों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक-ए स्थित जी-1 में राजेन्द्र इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस (रिम्स) के तत्वावधान में आयोजित शिविर में उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित पदाधिकारियों/कर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान के बाद उपायुक्त ने कहा कि रिम्स राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल है। पूरे राज्य से मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं, इमरजेंसी में खून की आवश्यता होती है। ऐसे में रिम्स में सभी ग्रुप के ब्लड हमेशा उपलब्ध



रहे ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खून शरीर के लिए आवश्यक तत्व है, इसकी भरपाई कहीं और से नहीं हो सकती, सिर्फ एक इंसान ही इंसान को रक्त उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने स्वस्थ व्यस्कों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि इससे किसी तरह का शारीरिक नुकसान नहीं होता। उपायुक्त ने शिविर में रक्तदान करनेवाले पदाधिकारी/कर्मीगण को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में समाहरणालय के पदाधिकारी/कर्मीगण ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसकी खुशी है, आगे भी इस तरह के शिविर के आयोजन का आयोजन किया जायेगा।

रक्तदान शिविर में रिम्स की डॉक्टर कविता सहित अन्य ने अपना योगदान दिया।

## जेवरात, स्कॉर्पियो व मोटरसाइकिल सहित एक युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र से 3:30 लाख का जेवरात स्कॉर्पियो जेएच01 डीजेड 5000 और हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल जेएच01 डीबी 6957 चोरी हुई थी। इसका मामला तमाड थाना में दर्ज कराया गया था । जेवरात और स्कॉर्पियो और छोटे भाई के पॉकेट से रुपए चोरी का मामला अनूप कुमार साहू ने दर्ज कराया था। तो वहीं मोटरसाइकिल चोरी का मामला संजय केसरी द्वारा दरू कराया गया था।

इन दोनों मामलों में एक युवक विवेक सिंह मुंडा को गिरफ्तार किया गया है। यातायात एसपी सह ग्रामीण एसपी हारिस बिन जमा ने



कहा कि तमाड थाना क्षेत्र में 3 जुलाई 2023 को स्कॉर्पियो और जेवरात चोरी का मामला दर्ज किया गया था और वहीं दूसरा मामला 27 अगस्त 2023 को मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने टीम गठित कर जेवरात और स्कॉर्पियो नामकुम थाना क्षेत्र से बरामद किया गया था और इसी के आधार पर पुलिस स्कॉर्पियो की चाबी एवं मोटरसाइकिल और जेवरात भी बरामद कर लिया है। पुलिस जांच पड़ताल करते हुए विवेक सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले का उद्भेदन बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार तमाड,थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ,चंदन कुमार साहा, अजय प्रताप, परमेश्वर शर्मा, जितेंद्र कुमार, कोराली उरांव,रामचंद्र उरांव शामिल थे।

## फादर कामिल बुल्के की जयंती पर आयोजित किया गया काव्यार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हिंदी साहित्य साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान फादर कामिल बुल्के जयंती पर एक काव्यार्पण आयोजित किया गया। गीता चौबे गूंज ने माँ सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुभारंभ की। अर्पणा सिंह ने सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण दिया। जीना चाहता हूँ मरने के बाद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राशदादा रास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जिन्होंने फादर कामिल बुल्के के जीवन दर्शन पर विस्तृत एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। मंच संरक्षक विनय सरावगी की संरक्षण में मंच दिनोंदिन साहित्य जगत में बढ़ रहा है। मंच उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने फादर बुल्के के रामकथा पर शोध योगदान एवं विशेष रूप से हिंदी भाषा के उत्थान एवं प्रचार पर अतिप्रेरणाप्रद संभाषण दिया। मंच की कार्यक्रम संयोजिका ओज कवयित्री ममता मनीष सिन्हा ने शानदार संचालन किया। अनेक कवि-कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार, प्रसिद्ध शायर हिमकर श्याम, डॉ शिवनंदन प्रसाद सिन्हा, वरिष्ठ लेखिका अनिता रश्मि, मंच कोषाध्यक्ष श्रीकृष्णा विश्वकर्मा बादल,मंच कार्यक्रम संयोजक ममता मनीष सिन्हा, मंच मीडिया प्रभारी ऋतुराज वर्षा, अर्पणा सिंह, गीता चौबे गूंज, घटा गिरी, अजित प्रसाद, राजश्री जयंती, गीता सिन्हा गीतांजली, डॉ एनके पाठक निराला, कल्याणी झा कनक, राज रामगढ़ी, रीना गुप्ता, मंजू सिन्हा, शिवचंद्र प्रसाद आदि प्रमुख हैं। अंत में अध्यक्ष एवं मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव के अध्यक्षीय भाषण तथा मंच संयुक्त सचिव वैधनाथ मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## पिपरवार के बचरा में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हुआ प्रांरभ



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शनिवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।शनिवार की सुबह यज्ञ समिति के द्वारा मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई यह कलश यात्रा पूरे आवासीय कॉलोनी और क्षेत्र का भ्रमण किया,जिसके बाद कलश यात्रा बचरा सपही नदी पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओ ने कलश में पानी भरकर वापस मंदिर प्रागंण पहुंचा,जहां यज्ञ मंडप में कलश की स्थापना की गई।यज्ञाचार्य श्री प्रोणानिक जी महाराज की देख-रेख मे महायज्ञ के सभी अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा।इस संबंध मे यज्ञाचार्य श्री प्रोणानिक जी महाराज ने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा के बाद दुसरे दिन रविवार को पचांग पूजन की जाएगी,इसी तरह आठ दिनो तक कई अनुष्ठान कराये जाऐगें।उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन संध्या पांच बजे से रात्री आठ बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा,जिसमे भागवत कथा के उदेश्य की जानकारी दी जाएगी।इधर महायज्ञ को लेकर पूरे कोयलांचल क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।कलश यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील प्रसाद, सचिव रविंद्रनाथ सिंह, मुखिया गुजंन कुमारी सिंह, रीना देवी,धीरेन्द्र शर्मा,रविन्द्र सिंह,विद्यापति सिंह,पिंकी सिंह,अरूण सिंह,मुकेश राणा,संतोष ठाकुर,बिजेन्द्र सिंह,नन्ददेव राम,बिनोद कुमार,मुकेश सोनी,मुरारी प्रसाद सहित काफी संख्या मे महिला,युवती और पुरुष श्रद्धालु भक्त शामिल थे।

## पिपरवार में हुई ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी ईम्पलाइ काउंसिल की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में शनिवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी बीसी एम्प्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मिथिलेश पासवान और संचालन सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया।बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे काउंसिल के सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान उपस्थित थे।बैठक मे 11 सितम्बर को सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार मे होनेवाले ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की सीसीएल स्तरीय बैठक सह सम्मेलन को सफल बनाने और इसमे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने संगठन के उद्देश्य,आरक्षण, रोस्टर,बैक लोग,प्रमोशन सहित अन्य बातो पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही एससी/एसटी/ओबीसी को जागरूक करने का आहवान किया।बैठक मे सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान,सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,पिपरवार अध्यक्ष रतन लाल,सचिव रामचंद्र उरांव,मिथिलेश पासवान,सरजू सिंह,रमेश भोगता,प्रेम कुमार,एसडी राम,दिलीप पासवान, रिजवान आलम,गणेश कुमार,आश्विन गंझु,सुभाष कुमार,बीरू मुंडा,रौशन कुमार सहित काउंसिल के कई लोग मौजूद थे।

## रेन्बो स्कूल के बच्चों ने सूर्य मिशन के सफल लॉन्चिंग का देखा लाइव टेलीकास्ट

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):**चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के बाद इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। इसरो के सूर्य मिशन Aditya-L1 को आज सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस स्टेशन से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के बच्चों ने सूर्ययान के सफल लॉन्चिंग का लाइव टेलीकास्ट को देखा। इस दौरान बच्चे सूर्ययान के सफल लॉन्चिंग होने पर खुशी से उछल पड़े एवं भारत माता की जय के नारे लगाने लगे। अब लॉन्चिंग के ठीक 125 दिन बाद यह अपने पॉइंट रु तक पहुंचेगा। इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा। उन्होंने बताया कि अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के तहत सूरज से निकलने वाली किरणों की जांच करेगा। आदित्य एल-1 को सूरज और पृथ्वी के बीच में लैरेंज प्वाइंट-1 पर रखा जाएगा। आदित्य एल-1 में लगे 7 पेलोड्स सूरज से निकलने वाली विभिन्न किरणों का अध्ययन किया जाएगा। आदित्य एल-1 सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी करेगा। इसरो इस मिशन की मदद से सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास करेगा। आदित्य एल-1 सौर हवाओं के विभाजन और तापमान का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है इसका भी पता लगाएगा। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण आदि उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों से देश के जन-जन और कण-कण को जोड़ने का अभियान : अन्नपूर्णा देवी

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों से देश के जन - जन और कण - कण को जोड़ने तथा राष्ट्रनायकों के प्रति देश की कृतज्ञता निवेदित करने के लिए केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने आज से कोडरमा संसदीय क्षेत्र में ÷मेरी माटी - मेरा देश÷ अभियान की शुरुआत की। अभियान की शुरुआत कोडरमा जिलांतर्गत जयनगर प्रखण्ड के परसाबाद से हुई। परसाबाद के बाद घरौंजा, घुरमुंडा (जयनगर, कोडरमा), खरीयोडीह एवं तिलोकरी में भी मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत पवित्र मिट्टी एकत्रित की गई। पंच प्रण की शपथ ली गई। मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हर गांव और हर घर से मिट्टी एकत्रित करने का कार्यक्रम पूरे पखवारे तक जारी रखेंगे। इसके साथ ही हर गांव में अमृत (वसुधा) वाटिका लगाने का क्रम भी जारी रहेगा। देश के हर घर और हर गांव की मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर लगेगी।

# मरकच्चो के जंगलों में लकड़ी तस्करों का बोलबाला धड़ल्ले से कट रहे पेड़ पौधे, विभाग बेखबर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, कस्बो,जंगलों के पेड़ो में लकड़ी तस्करों का बोलबाला है। धड़ल्ले से पेड़ कट रहें हैं। इन दिनों मरकच्चो थाना क्षेत्र के जंगलों व गांवो में लगातार तस्कर हावी हो रहे है और धड़ल्ले से पेड़ो को काटकर इसकी तस्करी कर रहे है। वन विभाग हरेक जंगल क्षेत्र में वन रक्षा समिति का गठन की है। वनरक्षा के लिए वनपाल भी विभाग के पास है तो फिर लकड़ी कटने की सूचना वन विभाग को पहले क्यो नही मिलती है। खैर इन सवालों के पर्दे के पीछे की कहानियां है जो दाल में कुछ काली चीजो की तरफ इशारा कर रही है। थाना क्षेत्र के वन मंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेहरवा जंगल,नादकरी, हरलाडीह में पेड़ो को तस्कर बेख़ौफ़ हो कर दिन दहाड़े काट रहे हैं और विभाग को इसकी शायद भनक तक नहीं है या फिर यूँ कहें सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधे हुई है। नतीजन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि दिन के उजाले में भी पेड़ो की कटाई कर परिवहन करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह पूरा खेल क्षेत्र के वन कर्मियों के इशारे से धड़ल्ले से जारी है।ग्रामीणों की माने तो थाना क्षेत्र के गांव,कस्बो व जंगलो में हरे भरे पेड़ों की कटाई इन दिनों तेजी से चल रही है। कहीं-कहीं तो वन विभाग के लोग सुविधा शुल्क लेने के लिए जिस स्थान पर पेड़ काटा जा रहा है वहां पहुंच जाते हैं। फिर क्या वन माफियाओं के आदमी उनकी सेवा कर देते हैं और वह भी चुप्पी साधे वाहनों में सवार होकर निकल पड़ते हैं। अवैध कमायी के चक्कर में वन विभाग के अधिकारी इन व्यापारियों को खुली छूट दे रखे हैं। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीण अपने स्तर पर इसकी शिकायत विभाग से करते रहते हैं लेकिन सुनवाई कुछ नहीं होती। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है लेकिन विडंबना ही है वन विभाग का लकड़ी तस्करों पर इस तरह का नज़रे क्रम साफ तौर पे कहीं न कहीं तस्कर और विभाग की मिली-भगत को साबित करता है।पेड़ों को काट वन माफिया अपनी जेब को गर्म कर रहे है साथ ही साथ वन कर्मियों की जेब भी गर्म कर दे रहे हैं।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण दो दिवसीय शिविर का आयोजन 19 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** मारवाडी युवा मंच की प्रेरणा शाखा एवं श्री अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वाधान में तथा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 19 और 20 सितम्बर को श्री अग्रासेन भवन में आयोजित किया जायेगा। इस शिविर को लेकर दोनों संगठनो की बैठक हुई और इसके बाद पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया सचिव सारिका लडढा तथा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल सचिव हिमांशु केडिया ने कहा कि मानवता की सेवा ही मंच और समाज का मुख्य उद्धेश्य है। समाज के अंतिम पैदान तक के लोगों को इसका लाभ मिले। इसके लिए जिलावासियों को इसके प्रचार प्रसार करने का अपील की है। उन्होनें बताया कि निःशुल्क जांच हेतु मरीज अपना आधार का कार्ड का फोटो कॉपी तथा पासपोंअ साईज कादो फोटो पंजीकरण 15 सितम्बर तक करा लें। इसके लिए संपर्क सूत्र 8210111816, 82106582983, 9661082222, 9135780956, 9431153874 पर संपर्क कर सकते हैं। शिविर में कैलिपर्स वैशाखी कान की मशीन, हाथ पैर साइज के अनुसार अंग लगाया जायेगा। इसके लिए एक वाहन श्री अग्रसेन भवन के बाहर रहेगा और साइज के अनुसार इसे बनाया जायेगा ।

## सांसद पहुंचे सिल्ली, कई गांवों का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची सांसद संजय सेठ शनिवार को सिल्ली पहुंचे इस दौरान उन्होंने पिस्का, बिसरिया, कुटाम एवं छोटा मुरी का दौरा किया। ज्ञात हो कि प्रखंड के पिस्का गांव जहां पिछले दिनों कुंआ धंसने से 6 लोगों की मौत हुई थी उनके परिजनों से सांसद संजय सेठ ने मुलाकत किया । उन्होंने गहरा शौक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया तथा उनके मुआवजे को लेकर जरुरी पहल करने की आश्वासन दिया। वहीं बिसरिया गांव में ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। जहां ग्रामीणों ने सांसद से गांव के पहुंच पथ के समस्या को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि बिसरिया गांव पहुंच पथ पर रेलवे की जमीन होने कारण अन्य विभाग से सड़क नहीं बन पा रही है न ही रेलवे की ओर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उनकी समस्या सुनी एवं रेल मंत्री से वार्ता कर अविलंब समाधान का आश्वासन दिया। इसी क्रम में रेलवे कॉलोनी ए टाइप दुर्गा पंडाल में पहुंचे और कॉलोनी वासियों से मुलाकात किये। कॉलोनी वासियों ने अर्ध निर्मित पूजा पंडाल में शेड बनाने के लिए उनसे अग्रह किया। सांसद ने क्लोनी वासियों को आसवासन दिया की सेड की निर्माण कर दी जाएगी।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मंडल अध्यक्ष विनोद साहु, मुखिया सोमरा मांझी, मुखिया जीतनी देवी, पंसस अनिल मांझी, मनोहर महतो, तापस महतो, पद्मलोचन महतो, सुधीर साहू, शायन त्रिपाठी, भोला प्रसाद, अमित साहू, गोकुल महतो, नोकुल महतो, मुकुंद, समेत ग्रामीण मौजूद थेमुकुंद, समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## पावरग्रिड उपकेंद्र द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय जरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** भारत सरकार द्वारा संचलित पावरग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लि0 बेड़ो के द्वारा प्रखंड के जरिया गांव स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय के परिसर में क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पावरग्रिड उपकेंद्र के प्रतिनिधि उपमहाप्रबंधक श्रीकुमार अभिषेक, मुख्य प्रबंधकसाइमन सोरेन, रोहित कुमार श्रीवास्तव व पंचायत के मुखिया कुंवारी खलखो द्वारा शुगर जाँच व रक्तचाप जाँच के साथ शुरूआत किया गया।

इस निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर में क्षेत्र के कुल 350 लोगों की जाँच की गई। रोगियो की जाँच आर्किड मेडिकल सेंटर हॉस्पिटल राँची और आईरिस सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल राँची के चिकित्सको द्वारा किया गया। वहीं आर्किड मेडिकल सेंटर,डॉ. आकांक्षा और डॉ. राहुल तकनिकी राजकुमार,रितिका साथ ही सपोर्टिंग स्टाफ अभिषेक, सांतनु, खुशबू कुमारी, आईरिस सुपरस्पेशलिटी ऑफ हॉस्पिटल के पूजा कुमारी, उमर फारूक खान, जहांगीर अंसारी, मनीष कुमार, हर्ष कुमार के द्वारा किया। निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में रक्तचाप जाँच, शुगर जाँच, नेत्र जाँच, ईसीजी साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं इत्यादि की जाँच व परामर्श दी गई।

वहीं स्वास्थ्य शिविर में पावरग्रिड की ओर से माणिक मंडल, बिश्वजीत खलखो, रुपेश कच्छप एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन में अहम् योगदान रहा।

## चान्हो प्रखंड में कई योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में कई योजनाओं का विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शिलान्यास। शिलान्यास में चटवल पंचायत के ग्राम मसमानो मे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना लगभग 55 लाख के लागत से निर्माण होगी। वहीं सोन्स पंचायत में कस्तूरबा गांधी स्कूल से पतरातू मोड़ तक पथ निर्माण कार्य का लगभग 38 लाख 14 हजार 700 सौ के लागत से निर्माण किया जाना है। इस दौरान विधायक ग्रामीणों से मुलाक़ात किया, उसकी समस्याओ को सुना। उनकी समस्याओ को सुनकर जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया।मौके पर मंगलेस्वर भगत,अब्दुल्ला अंसारी,इरशाद खान शिव उरांव, आदि मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया संस्कृत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को संस्कृत दिवस मनाया गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिसके बाद स्कूल के शिक्षकों सहित बच्चों ने संस्कृत दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।वही स्कूल के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि संस्कृत सबसे प्राचीन भाषा है और सभी भाषाओ की जननी है।यह भाषा कंप्यूटर के लिए आसान सिद्ध होती है।इस मौके पर बच्चों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिसमें श्लोक उच्चारण, मंत्रोउच्चारण आदि का पाठ बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।

## कांग्रेस पार्टी की बैठक आज

**सिल्ली :** सिल्ली स्थित प्रखंड कांग्रेस पार्टी कार्यालय में रविवार दिन के 12 बजे एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी, एवं अग्रिम संगठनों के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे की। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो,जिला सचिव नागेश्वर महतो तथा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास रजक विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

# झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्यों ने डुमरी में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** राज्य के शिक्षा मंत्री रहे जग्रनाथ महतो के निधन के कारण डुमरी विधानसभा में हो रहे उपचुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला के केन्द्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, केन्द्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव,मो. इस्लाम अंसारी, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रदेव यादव व बासुदेव यादव ने डुमरी विधानसभा के कई इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर राज्य के मंत्री और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में जनता का सहयोग माँगा इस दौरान इन नेताओं ने कहा कि स्व जगरनाथ महतो के द्वारा किए गए कार्य को देखते हुए उनके पत्नी बेबी देवी को रिकॉड मतों से जिताकर विधानसभा भेजे ताकि डुमरी का विकास हो सके. सबसे पहले वहां पहुँचे नेताओं ने पूर्व मंत्री लालचंद महतो से मुलाक़ात की जहाँ वें बेबी देवी के पक्ष में समर्थन दिये है। जिसके बाद गहन दौरा कर कई कसबो में प्रचार प्रसार अपने पुरे लाव लश्कर के साथ की. चुनाव प्रचार के दौरान झामुमो मंत्री हफिजुल हसन से भी मुलाकात की । डुमरी चुनाव कार्यालय के आदेशानुसार झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी के चुनाव प्रचार में डुमरी के विभिन्न पंचायतों के विभिन्न गांवो जैसे चेंगरों,सेवाटांड, गनोडीह, तेलखरा,ढिबरा,चेलमो, एवं चितपुर मे ग्रामीणो के साथ बैठक कर झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी को भारी मतों से मतों से विजयी बनाने की अपील किये।

## एचडीएफसी परिवर्तन समर्थित ग्रांट को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** आज उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में उनके सभागार में एचडीएफसी परिवर्तन समर्थित ग्रांट थॉर्टन भारत, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, नाबार्ड तथा जिले के सभी एफपीओ की समीक्षात्मक बैठक की गई । जिसमे पिछले बैठक में लिए गए निर्णय और कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही एफपीओ के विकास के लिए और भी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए। मडुआ प्रसंस्करण की इकाई एवं आलू चिप्स प्रसंस्करण इकाई को लेकर जी टी भारत के मोहम्मद हारून के द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एवं होने वाले कार्यों कार्य सीमा की पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति की गई तथा उसका संक्षिप्त विवरण बनाकर एवम अन्य सुझावों को सम्मिलित कर डीसी महोदया के साथ डीएमएफटी कमिटी के समक्ष अगले 2 दिन में प्रस्तुत करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही कोडरमा केसरिया कलाकंद को लेकर सभी प्रखंड में मिठाई की दुकान अतिशीघ्र स्थापित करने की उसमे अपेक्षित सहयोग को लेकर भी चर्चा की गई। समीक्षात्मक बैठक जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह, जेएसएलपीएस से डीपीएम जेबियर इक्का एवम सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक,नाबार्ड डीडीएम मुजम्मिल हुसैन, जीटी भारत से मोहम्मद हारून , अंबर भारद्वाज , कृषि विशेषज्ञ पुरुषोत्तम कुमार , ध्रुमिल शाह, काशिफ रजा, दिव्या कांत मेहता, बराकर एफपीओ के यशवंत यादव तथा सिरोजिनी सीबीबीओ के अधिकारी शामिल हुए।

# कोडरमा में बन रहे विद्युत श्मशान घाट की अनियमितता उजागर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत बरसोतियाबर शमशान घाट पर बन रहे विद्युत शव दाह गृह का झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने किया निरीक्षण किया.इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि बरसोतियाबर श्मशान घाट पर बन रहे झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रस्तावित योजना 16 नगर निकाय में आम जनता के प्रति परेशानियों को देखते हुए विद्युत शव दाह गृह बनाने का निर्णय लिया गया लेकिन यह कार्य गुप्ता कंस्ट्रक्शन रांची के द्वारा बहुत ही घोर यनियमित्तता बरती जा रही है जबकि प्रत्येक मनुष्य का आखरी मंजिल शमशान घाट ही होता है. उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात तो यह है की कोडरमा लोकसभा के सांसद सह केंद्र सरकार की मंत्री एवं कोडरमा विधानसभा के विधायक के आवास से कुछ ही दूरी पर बन रहा है उसके बावजूद भी यह दोनों महानुभाव के द्वारा किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया जाना एक सवाल या निशान खड़ा होता है. उन्होंने कहा कि जांचों प्रांत देखा गया कि झारखंड सरकार के प्राक्कलन के अनुसार ना तों सरिया दिया गया और नहीं प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट और बालू ही. वहीं हो रहे कार्य के दौरान कंस्ट्रक्शन का ठेकेदार भी मौजूद नहीं मिले. उन्होंने कहा कि यहां पाया गया लोकल ठेकेदार को काम देकर जैसे तैसे लूट मचाए हुए हैं कोडरमा जिला के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी एवं उपायुक्त से मांग करता हूं कि यह कार्य आम जनता के हित को देखते हुए तथा झारखंड सरकार के प्राक्कलन के अनुसार हो जिससे कोडरमा की आम जनता लाभान्वित हो सके इस कार्य के प्रति कंस्ट्रक्शन के द्वारा कार्य में बरती गई लापरवाही की सूचना झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी दी जाएगी. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी की सरकार में लापरवाही या भ्रष्टाचार कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसकी सूचना मुख्यमंत्री को जल्द ही दिया जाएगा. इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, सतगावॉ प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना भारत : आशीष



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ऑफ इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान का कहना हैं कि भारत का पहली तिमाही का 7.8 फीसदी वृद्धि जीडीपी आंकड़ा शानदार है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। अमेरिकी आर्थिक वृद्धि लगभग 2 प्रतिशत है, चीन के भी इसी सीमा के आसपास रहने की उम्मीद है, और यह और नीचे जा रहा है। वहीं भारत दुनिया का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। एनएसई के एमडी और सीईओ श्री चौहान ने आगे कहा कि पहली तिमाही में सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और यह काफी समय से विकास का केंद्र रहा है। कुल मिलाकर 35 प्रतिशत निवेश बहुत उत्साहजनक है। भारत भविष्य के लिए निर्माण कर रहा है, ताकि तेज विकास हासिल किया जा सके।

## शिबू कुमार झा से सनी बनी ट्रांसवुमन अब अपने परिवार का बनी है सहारा



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिबू कुमार झा से सनी बनी आदित्यपुर की ट्रांसवुमन को बचपन से ही दोस्तों, करीबियों, पड़ोसियों, सम्बंधियों द्वारा चिढ़ाने, भद्दे कमेंट्स, अपमानजनक टिप्पणी और शारीरिक प्रताड़ना ने इतना झकझोर दिया था कि आम बचपन, अवसाद की स्थिति में आ जाता। लेकिन सनी ने उसे चुनौती के रुप में लिया और उसी अपमान ने उसे इतना सशक्त बना दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी उसने गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, आदित्यपुर से सफलतापूर्वक अपनी मैट्रिक की पढ़ाई पूरी कर ली। आगे का जीवन अंधकारमय था, किंतु टाटा स्टील लॉग प्रोडक्ट्स के सीएसआर विभाग से सम्पर्क होने के बाद उसकी किस्मत ने करवट ली और आज सनी प्रतिमाह इतनी आय उपार्जन कर लेती है कि वो अब स्वतंत्र और खुशहाल जीवन गुजार सकती है। माँ मेड का काम करने वाली, पिता एक श्रमिक और एक भाई के कुल चार सदस्यों के परिवार में शिबू कुमार झा मानसिक और शारीरिक रूप से एलजीबीटीक्यू+ समुदाय के बीच रहना पसंद करता था। अपने परिवार में कठोर सामाजिक भेदभाव के बावजूद वह एक महिला के रूप में रहने के रुझान को कायम रखते हुए वह सनी बन गई।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में भागवत कथा आज से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 03 सितम्बर रविवार से होगा, जो आगामी 09 सितम्बर शनिवार तक चलेगा। रोजाना दोपहर 03.30 बने से राया, मथुरा निवासी कथा वाचक हिमांशु जी राधा चरणं उपासक व्यासपीठ पर आसीन होकर कथामृत का सरपान करायेंगे। यह जानकारी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सुरेश कुमार आगीवाल ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 08 बजे से कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा निकलेगी। भागवत कथा के दौरान बुधवार 06 सितम्बर को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से भागवत कथा में रोजाना आने का अनुरोध किया हैं ।

## पटमदा डिग्री कॉलेज में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संस्थापक प्राचार्य सह पूर्व सूचना आयुक्त प्रफुल्ल कुमार महतो की दसवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। पटमदा डिग्री व इंटर कॉलेज जाल्ला, एनएसएस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 55 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वाणीपद सिंह ने 15 बच्चों समेत 75 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं विशिष्ट अतिथियों में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि सह डिग्री कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मृत्युंजय महतो, प्रमथ नाथ मंडल, आदित्य महतो, सुनील वरण महतो व बुद्धेश्वर महतो आदि लोग शामिल हुए। शिविर को सफल बनाने में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन, इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो, व्याख्याता चंद्रशेखर महतो, विश्वनाथ महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चक्रधरपुर में सिटी स्टाइल शोरुम का हुआ उद्घाटन



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर के पवन चौक के समीप राजबाड़ी रोड में सिटी स्टाइल के शोरुम का उद्घाटन शनिवार को किया गया। चक्रधरपुर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने फीता काटकर व दीप जलाकर शोरुम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि छोटे शहर में इस तरह के शोरुम खुलने से लोगों को अब दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। राजबाड़ी रोड में पार्किंग व्यवस्था को लेकर इंतेजाम कराये जाएंगे। इस अवसर पर मौजूद क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले लोगों के लिए शहर में सिटी स्टाइल का उद्घाटन किया गया है, ताकि लोग शोरुम में आकर किफयाती दरों में कपड़े व अन्य सामानों की खरीदारी कर सकें। इस अवसर पर सिटी स्टाइल शोरुम के डायरेक्टर करण गोयनका ने कहा की शोरूम के उद्घाटन पर ग्राहकों को कई प्रकार के ऑफर दिए जा रहे हैं। मौके पर डायरेक्टर अंशुल गोयनका, बाबुन बनर्जी, ललित सिंघानिया,महेन्द्र केडिया के अलावे अन्य मौजूद थे।

# गोइलकेरा में तीन जोड़ी यात्री ट्रेनों का ठहराव
## सांसद, मंत्री व डीआरएम ने दिखाया हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कोरोना काल से बंद पड़े रेल सेवा को पुनः बहाल करते हुए रेलवे ने कई यात्री ट्रेनों का ठहराव चक्रधरपुर, गोइलकेरा व सोनुवा स्टेशनों पर शुरू कर दिया। शनिवार से गोइलकेरा स्टेशन में तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव होगा।रेलवे द्वारा गोइलकेरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद गीता कोड़ा, मंत्री जोबा माझी एवं डीआरएम अरुण जे राठौर ने हरी झंडी दिखाकर यात्री ट्रेनों को विदा किया। सांसद गीता कोड़ा ने गोइलकेरा वासियों को ट्रेन सुविधा बहाल होने पर बधाई दी और कहा कि यह आपके संघर्ष का परिणाम है। मालूम हो कि सांसद गीता कोड़ा के प्रयास से हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, इस्पात एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, समलेश्वरी एक्सप्रेस, अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस, बिलासपुर एक्सप्रेस, मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस जैसे दर्जनों ट्रेनों का कोविड-19 के बाद दोबारा ठहराव शुरू हो सका है. मौके पर जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, रामेश्वर बहान्दा, राहुल पूर्ति, रंजन दास, राजेश चौरासिया, जोंकों अंगरिया, सोनाराम कोड़ा इत्यादि उपस्थित रहे।



# उपायुक्त से सीधी बात कल
### शिकायतों का होगा ऑनस्पॉट समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम द्वारा 04 सितंबर, सोमवार, पूर्वाह्न 11 बजे से शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिकायतों का ऑनस्पॉट समाधान किए जाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है ताकि ग्रामीण सीधे अपनी समस्याओं को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष रख सकें । उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनसमस्याओं के समाधान के साथ साथ सभी योग्य, जरूरतमंद लोगों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभवंतित करना है । जिससे कि उन्हें उनके पंचायत में रहकर ही उनका हक मिले तथा कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े ।

## उप विकास आयुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया, साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह मौजूद रहीं।

# ज्ञान की खोज कभी रुकनी नहीं चाहिए : मनोहर राघवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम ( जीएम ) की ओर से सीएक्सओ सिरीज के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में 3 एम एशिया पैसिफिक पीटीइ लिमिटेड के पूर्व डायरेक्टर मनोहर राघवन उपस्थित थे. बीएम, एचआरएम व जीएम के प्लेसमेंट के कन्वेनर प्रोफेसर कनगराज ने उनका स्वागत किया. कार्यक्रम में श्री राघवन ने कहा कि किसी भी बिजनेस का प्राइमरी ऑब्जेक्टिव अपने कस्टमर व शेयरहोल्डर के लिए वैल्यू क्रिएट करना है. इसके अलावा, उन्होंने व्यवसाय परिदृश्य के लगातार विकसित होने वाली प्रकृति पर प्रकाश डाला. कहा कि जीवन में सीखना एक लाइफ लांग जर्नी है, ज्ञान की खोज कभी भी किसी भी परिस्थिति में रुकनी नहीं चाहिए. उन्होंने महत्वाकांक्षी बिजनेस लीडरों के लिए नेटवर्किंग के महत्वपूर्ण कौशल पर भी जोर दिया, क्योंकि यह उन्हें अवसरों, सलाहकारों और एक व्यापक पेशेवर समुदाय से जोड़ता है.



# रुसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में होगा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य : सविता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के रुसुनिया में शनिवार को डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत रुसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरन कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण 43 लाख 13 हजार 3 सौ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने कहा विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण होने में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बैठने में सुविधा होगी। विधायक ने संवेदक को भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुखिया मंगल मांझी, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, ग्राम प्रधान नागेंद्रनाथ महतो, स्कूल के शिक्षक शंकर कुमार महतो व जमीनदाता सोनू सिंह सरदार, राहुल वर्मा के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।



### पहाड़पुर के मुखिया की अनोखी पहल
# गुमानडीह में खोला गया नि:शुल्क कोचिंग सेंटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला बोड़ाम प्रखंड का गुमानडीह गांव अब नि:शुल्क ज्ञान बांटने के लिए जाना जाएगा। यह संभव हुआ है इस क्षेत्र के युवा एवं शिक्षित मुखिया अजब सिंह सरदार के प्रयास से। उनकी अनोखी पहल से पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत गुमानडीह गांव में गरीब परिवार के लिए नि:शुल्क कोचिंग सेंटर खोला गया। कोचिंग सेंटर के लिए लोगों ने तत्काल मार्केट काम्प्लेक्स को चुना और उस जगह की साफ-सफाई की। मुखिया ने बताया कि गांव में ऐसे कोचिंग सेंटर खोलने से गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई में मदद मिलेगी। इसी तरह से पहाड़पुर पंचायत के प्रत्येक गांव में अपने स्तर से कोचिंग सेंटर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षित करने से ही नशामुक्त समाज और सर्वांगीण विकास संभव है। मौके पर वार्ड सदस्य निखिल महतो, धनंजय महतो, सुभाष महतो, संजय महतो, नरहरि सिंह व कालिपद गोराई आदि लोग मौजूद थे।



# घर-घर सत्यापन कर बीएलओ एप अपडेट करें : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा निर्वाचन कार्य की समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारी, डुमरिया - सह - एयरो-46, अंचल अधिकारी, जमशेदपुर - सह - एयरो-46, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बोड़ाम - सह - एयरो-49, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पटमदा-सह-एयरो -47, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जमशेदपुर- सह - एयरो-47 का बीएलओ ऐप प्रविष्टि में खराब स्थिति पर अप्रसन्नता जताई गई। निदेशित किया गया सभी बी. एल. ओ. एवं बी.एल.ओ. - पर्यवेक्षक के कार्य का नियमित समीक्षा करें एवं कैम्प कराते हुए घर-घर सत्यापन कार्य का शतप्रतिशत बीएलओ ऐप में प्रविष्टि एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करें । सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी / सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को 9 सितंबर तक 75 प्रतिशत तथा 15 सितंबर तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि घर-घर सत्यापन के दौरान प्राप्त दावा / आपत्ति आवेदन पत्र का एक सप्ताह के अन्दर बीएलओ एप के माध्यम से प्रविष्टि कराते हुए नियमानुसार निष्पादन किया जाय ।

# एडिशनल मिशन डायरेक्टर ने आकांक्षी प्रखंड सरायकेला व गम्हरिया केंद्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** एडिशनल मिशन डायरेक्टर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम नीति आयोग, नई दिल्ली, आनंद शेखर द्वारा शनिवार को जिले के आकांक्षी प्रखंड सरायकेला एवं गम्हरिया अंतर्गत विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आम जनता, आंगनबाड़ी सेविका, सी एच ओ, ए एन एम, बच्चों एवं किशोरियों से वार्ता कर केंद्र के बेहतर संचालन एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक पहलुओं पर वार्ता की। सरायकेला प्रखंड के सभी पंचायतों में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम प्रखंड विकास स्ट्रेटजी के निर्माण हेतु पंचायत स्तरीय आमसभा एवं चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। इटाकुदर पंचायत में ऐडिसनल मिशन डायरेक्टर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम नीति आयोग नई दिल्ली, आंनद शेखर एवं उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला समेत अन्य वरीय पदाधिकारी पहुँचे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित ग्रामीणों एवं दीदियों से क्रमवार वार्ता कर क्षेत्र की समस्याओं तथा उसके समाधान पर चर्चा किया। मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, नाडेप, सोख्ता गढ्ढा निर्माण, सोलर जलमीनार की मरमत्ती, हर घर जल नल योजना के तहत कनेक्शन, सड़क मरम्मति, टीकाकरण, बैंक सखी की उपलब्धता, जाहेरस्थान घेराबंदी, तलाब जीर्णोधार, पेंशन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नाला ढकाई समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा किया गया।



# ओवर लोडिंग करने वाले स्कूल वैन पर हो कार्रवाई
## अभिभावक संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के निजी स्कूल में स्टूडेंट को ले जाने वाले वाहनों में ओवर लोडिंग हो रही है। अभिभावन संघ का आरोप है कि ओवरलोडिंग के चलते दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ दिन पहले जुगसलाई में एक स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे तीन छात्र घायल हो गए थे। पिछले साल स्कूली वैन से एक छात्र गिर गया था। वैन चालक को पता ही नहीं था । राहगीरों ने बताया कि छात्र गिर गया है। तब उसको उठाया गया। अभिभावक संघ के डॉ उमेश ने शनिवार को डीसी ऑफिस में ज्ञापन देकर मांग की है कि स्कूली वाहनों की चेकिंग की जाए और ओवरलोडिंग करने वालों पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि पिछले साल ओवरलोडिंग नहीं करने के नाम पर स्कूली वाहन संचालकों ने किराया बढ़ा दिया था। बाद में चेकिंग अभियान ढीला पड़ने पर ओवरलोडिंग भी कर रहे हैं और बढ़ा हुआ किराया भी वसूल रहे हैं।




# तीन दिवसीय फुटबॉल में जी एस ब्रदर्स ने बबलू एकेडमी को 3-1 से हराकर बना चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आज संपन्न हुआ। इसमें 64 टीमों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि खरसावां विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल का उद्घाटन किया। फाइनल जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी एवं बबलू एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी के टीम ने बबलू एकेडमी के टीम को 3-1 गोल से पराजित कर विजय हुआ। विजेता एस ब्रदर्स लेदराड़ी टीम को 80 हजार उपविजेता बबलू एकेडमी टीम को 60 हजार नगद पुरस्कार दिया गया। मौके पर विधायक गागराई ने कहा कि कुचाई खरसावां क्षेत्र में नौजवान खिलाड़ियों में अद्भत प्रतिभा समाहित है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुंडा, दुर्गा चरण, पड़िया तिलोपदा मुखिया राम सोय, खरसावां 20 सूत्री अध्यक्ष अजय समाड, लखीराम मुंडा, मुन्ना सोय, घनश्याम सोय, कानु सोय आदि उपस्थित थे।



# घाटशिला के 22 पंचायतों में आज लगेगा कैम्प
### छूटे हुए जमाबन्दी दर्ज/ त्रुटि /सुधार/लगान अद्यतन से संबंधी आवेदन लिया जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शिकायत निवारण कार्यक्रम में घाटशिला के स्थानीय लोगों द्वारा उठाये गए समस्या के समाधान को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार घाटशिला के 22 पंचायतों में रविवार, 03 सितंबर को सुबह 11 बजे से ऑनलाइन छूटे हुए जमाबन्दी दर्ज/ त्रुटि /सुधार/लगान अद्यतन से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु कैम्प आयोजित किया गया है । कैम्प के सफल संचालन को लेकर राजस्व उपनिरीक्षक एवं वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं इस सर्वेक्षण टीम के वरीय प्रभारी में अपर उपायुक्त होंगे।

**संबंधित पंचायत का नाम- शिविर का स्थान**

1. काशिदा, बड़ाजुड़ी एवं कालचिति-काशिदा पंचायत भवन, 2. बाघुड़िया, जोड़िसा एवं महुलिया-जोड़िसा पंचायत भवन, 3. उत्तरी मौभण्डार, पूर्वी मौभण्डार, पश्चिमी, मौभण्डार, गोपालपुर, घाटशिला, पावड़ा एवं धरमबहाल-धरमबहाल पंचायत भवन, 4. झाटीझरना एवं भादुआ-भादुआ पंचायत भवन, 5. बड़ाखुर्शी एवं उल्दा-बड़ाखुर्शी पंचायत भवन. 6. बांकी, काड़ाडूबा एवं आसना-काड़ाडूबा पंचायत भवन, 7. हेन्दलजुड़ी एवं बनकाटी-हेन्दलजुड़ी पंचायत भवन

# कुचाई के सुरसी सोना नदी में तैरता मिला वृद्ध का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई सोना नदी में तैरता हुआ शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार कुचाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरसी के सोना नदी में स्नान करने गए एक वृद्ध व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। वहीं शनिवार को कुचाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मालुम हो कि भुरकुंडा गांव के टोला सुरसी निवासी घनश्याम मुंडा बीते शुक्रवार शाम को स्नान करने के लिए घर से निकला। इसके बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटा। वहीं शनिवार की सुबह जब गांव के कुछ लोग स्नान करने नदी गए तो देखा कि एक शव पानी में तैर रहा है। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना कुचाई पुलिस को दी।

संपादकीय

## परिवहन का रुख बदलना होगा

**नक्शे** पे पहली बार हिमाचल ने जख्म भर लिए, धरती के दर्द ने कुछ नए रास्ते चुन लिए। कीरतपुर-मनाली फोरलेन से गुजरने की सजा भुगतते पंडोह बांध के करीब का कैंची मोड़, इस सफर की कवायद को अस्थिर बना देता है। कभी लगा कि कीरतपुर से मनाली के बीच उभरा यह फॉल्ट, सदियों के दोष को माथे मढ़ गया, लेकिन फिर विकास का ख्वाब जिंदा निकला। वहीं जहां सडक़ के आंसू निकले थे, एक नई आशा का पहाड़ खड़ा हो गया। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव की मानें, तो कुल्लू दशहरा के मेहमान इसी रास्ते से पहुंचेंगे। अक्तूबर तक फोरलेन पुनः खुद के घाव भर लेगी, लेकिन आपदा के मुआयने ने सडक़ निर्माण की विधा को कई हिदायतें और कई विकल्प तराशने की जरूरत बता दी। जाहिर है फोरलेन निर्माण की गति और पहाड़ पर सडक़ बनाने की मति में कुछ तो सुधार आएगा, ताकि आइंदा बारिशों से घाव की सतह हमारे विकास की कलह न बने। बेशक एनएचएआई ने अपनी प्राथमिकताओं में शुरू की गई तमाम परियोजनाओं की सुध लेते हुए इन्हें वक्त रहते सुधारने की गुंजाइश को पूरा करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। इसी के साथ प्रदेश के लिए आपदा के बाद विकास की अगली सदी को संबोधित करने की हिदायतें बदली हैं। इन्हीं के प्रारूप में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय एजेंसी को अपना प्रारूप बदलने की गुजारिश की है। हिमाचल ने परिवहन का रुख बदलने के लिए तीन ऐसी सुरंगें चुनी हैं, जिनके मार्फत सफर का नक्शा बदलेगा। भुभु जोत, चंबा-चुवाड़ी और भावा से पिन घाटी को जोडऩे वाली सुरंगों का निर्माण अगर प्राथमिक आधार पर होता है, तो हिमाचल आज जहां खड़ा है, वहां से कहीं आगे सुरक्षित, सदाबहार और नए तरानों के साथ अपनी पेशकश कर सकता है। चंबा से चुवाड़ी और घटासनी से भुभुजोत सुरंगों के दायरे में दूरियां घटेंगी और साथ ही पर्यटन का एहसास भी बदलेगा। जाहिर है ये दो सुरंगें कहीं न कहीं कांगड़ा के केंद्र में अन्य जिलों से हाथ मिला सकती हैं। भुभुजोत अगर कांगड़ा-मनाली के बीच 55 किलोमीटर सफर घटा रही है, तो चंबा-चुवाड़ी सुरंग से पूरा भूगोल बदल सकता है। सुरंग रास्तों के कई और प्रस्ताव भी सामने आते रहे हैं, लेकिन न योजनाएं बनीं और न ही राज्य की प्राथमिकताएं तय हुईं। दरअसल हिमाचल के विकास की दृष्टि से चार संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक हसरतें परवान चढ़ती गईं, नतीजतन औद्योगिक विकास के सारे मुहावरे परवाणू के बाद बीबीएन में सिमट गए। फोरलेन की पैमाइश परवाणू-शिमला व कीरतपुर-मनाली तक होती रही, जबकि आठ जिलों की जनता को ढोने वाले मटौर-शिमला ऐसी किसी प्राथमिकता में बहुत देरी से आ रहा है। इसी तरह ऊना रेल की परिधि में अगर मंदिर पर्यटन का खाका बनता तो अब तक अंब-अंदौरा से चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ा, चामुंडा, दियोटसिद्ध तथा नयनादेवी तक पटरियों का विस्तार हो जाता। अंब-अंदौरा से मात्र पचास किलोमीटर का सफर ज्वालाजी को हिमाचल में रेल विस्तार का प्रमुख केंद्र बना सकता है। इसी तरह अगर सरकार जल परिवहन पर गंभीरता से विचार करें तो कौल डैम के मार्फत तत्तापानी, गोविंदसागर के मार्फत बिलासपुर से पंजाब तथा पौंग बांध के मार्फत कांगड़ा-हमीरपुर के बीच पर्यटन के कई टापू खड़े कर सकते हैं। दरअसल हिमाचल की महत्त्वाकांक्षा अलग-अलग प्रदेश सरकारों तथा केंद्र सरकारों के बीच बिखरती रही है। ढंग से माल ढुलाई पर ही गौर करते, तो अब तक सेब की ढुलाई के लिए रज्जु मार्गों की एक श्रृंखला बन चुकी होती। हिमाचल को आगे बढ़ाने के लिए स्थायी नीतियों, राजनीतिक सौहार्द, फिजूलखर्ची पर रोक तथा क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर समूचे प्रदेश के नक्शे पर क्रांतिकारी उद्घोष को जिंदा रखना होगा।

> सुरंग रास्तों के कई और प्रस्ताव भी सामने आते रहे हैं, लेकिन न योजनाएं बनीं और न ही राज्य की प्राथमिकताएं तय हुईं। दरअसल हिमाचल के विकास की दृष्टि से चार संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक हसरतें परवान चढ़ती गईं, नतीजतन औद्योगिक विकास के सारे मुहावरे परवाणू के बाद बीबीएन में सिमट गए। फोरलेन की पैमाइश परवाणू-शिमला व कीरतपुर-मनाली तक होती रही, जबकि आठ जिलों की जनता को ढोने वाले मटौर-शिमला ऐसी किसी प्राथमिकता में बहुत देरी से आ रहा है। इसी तरह ऊना रेल की परिधि में अगर मंदिर पर्यटन का खाका बनता तो अब तक अंब-अंदौरा से चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ा, चामुंडा, दियोटसिद्ध तथा नयनादेवी तक पटरियों का विस्तार हो जाता। अंब-अंदौरा से मात्र पचास किलोमीटर का सफर ज्वालाजी को हिमाचल में रेल विस्तार का प्रमुख केंद्र बना सकता है। इसी तरह अगर सरकार जल परिवहन पर गंभीरता से विचार करें तो कौल डैम के मार्फत तत्तापानी, गोविंदसागर के मार्फत बिलासपुर से पंजाब तथा पौंग बांध के मार्फत कांगड़ा-हमीरपुर के बीच पर्यटन के कई टापू खड़े कर सकते हैं। दरअसल हिमाचल की महत्त्वाकांक्षा अलग-अलग प्रदेश सरकारों तथा केंद्र सरकारों के बीच बिखरती रही है। ढंग से माल ढुलाई पर ही गौर करते, तो अब तक सेब की ढुलाई के लिए रज्जु मार्गों की एक श्रृंखला बन चुकी होती।

कुछ अलग

## महंगाई, बेकारी का चुनाव

**चुनावी** मौसम छाने लगा है, तो महंगाई और बेरोजगारी दरों की गर्मागर्म चर्चा छिड़ी है। कुछ सर्वे सामने आए हैं, जिनमें औसतन 25 फीसदी लोगों ने महंगाई और बेरोजगारी पर चिंता और सरोकार जताए हैं। ये आम चुनाव 2024 के प्रमुख मुद्दे बनेंगे अथवा नहीं, उसके मद्देनजर कुछ इंतजार करना पड़ेगा। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि राज्यों के जनादेश क्या होंगे, उनसे भी बहुत कुछ स्पष्ट होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रसोई गैस सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया है। देश के निम्न-मध्य वर्ग के लिए 903 रुपए का सिलेंडर भी महंगा है। सिलेंडर उपभोक्ताओं की कुल संख्या 31.4 करोड़ है, जिसमें 10.35 करोड़ 'उज्ज्वला योजना' के लाभार्थी हैं। उन्हें गैस सिलेंडर 700 रुपए का मिलेगा। बुनियादी सवाल महंगाई का है, जिसकी जुलाई में खुदरा दर 7.44 फीसदी थी। यह बीते 15 माह के रिकॉर्ड स्तर पर थी। जुलाई में ही उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति की दर 11.5 फीसदी थी। मुद्रास्फीति की उच्चतम दर मोदी सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने तय कर रखी थी कि वह 6 फीसदी से नीचे ही रहनी चाहिए। सरकार उसमें लगभग सफल रही थी, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं, तो सरकार भी चिंतित लग रही है। महंगाई का असर चौतरफा होता है। चूंकि अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है, तो बेरोजगारी दर 7.9 फीसदी भी चुभती है। यह दर अमरीका, ब्रिटेन, चीन, जापान और जर्मनी आदि बड़े देशों की बेकारी दर से अधिक है। अब मोदी सरकार सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने और पेट्रोल-डीजल को कुछ सस्ता करने पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार आधा दर्जन बार उत्पाद शुल्क बढ़ा कर 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा देशवासियों से वसूल चुकी है। तेल-गैस कंपनियों ने भी करीब 35,000 करोड़ रुपए का मुनाफा कूट लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत अब 86 डॉलर प्रति बैरल है। रूस से अपेक्षाकृत सस्ता तेल आयात किया जा रहा है, लेकिन आम उपभोक्ता को महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ रहा है। वह राज्यों की अर्थव्यवस्था का भी बुनियादी स्रोत है, लिहाजा राजस्थान, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना सरीखे राज्यों में सर्वाधिक महंगाई है। फिर भी राज्य सरकारें 'रेवड़ी' बांटने में जुटी हैं, क्योंकि वोट चाहिए। चूंकि पांच राज्यों के बाद लोकसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा मोदी सरकार भी नहीं चाहेगी कि महंगाई इतना बड़ा मुद्दा बने, जो चुनावों को प्रभावित कर सके। नतीजतन महंगाई पर मंथन जारी है। देशवासियों को और भी राहतें दी जा सकती हैं। बेशक अब टमाटर बाजार में सस्ता हो गया है, लेकिन वह करीब 1400 फीसदी तक महंगा हुआ था। जमाखोरों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है। सब्जियां अब भी औसतन 37 फीसदी महंगी हैं। यदि बेरोजगारी की दर की बात करें, तो बीते 14 माह में, रोजगार मेलों के जरिए, करीब 5.5 लाख नियुक्ति-पत्र ही बांटे गए हैं।

### चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है

## चीन सुधरेगा नहीं, चौकन्ना रहना होगा

ललित गर्ग

> चीन की ओर से जारी किए गए ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है।

**चीन** अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। ब्रिक्स समिट में जगी भारत-चीन के सामान्य संबंधों की आस आकार लेने से पहले ही धूमिल हो गयी है। नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत-चीन के संबंधों में सामंजस्य बैठाने के प्रयास चीन के नापाक इरादों से जटिल ही बने रहने वाले हैं। चीन की ओर से जारी किए गए ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। इससे पहले भी शातिर और चालबाज चीन ने अप्रेल में जारी अपने नक्शे में पहले चुपके से अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए थे, जिसकी भारत ने निंदा की थी। अब दक्षिणी हिंद महासागर में 19 स्थानों के नाम बदले हैं। चीन की तरफ से दक्षिण हिंद महासागर में 19 तलों के नाम बदलने की हिमाकत की गई है, वे भारतीय प्रायद्वीप से करीब 2000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी मीडिया ने इसे बीजिंग का 'सॉफ्ट पॉव्र' प्रोजेक्शन कहा है। चीन की ओर से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर के इलाके में भारतीय प्रभाव पर सीधा दखल है। एक महीने के भीतर शी जिनपिंग की भारत की संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ की यह दूसरी हिमाकत है। इसे चीन के विस्तारवादी रवैये और हिंद क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखल के रूप में देखा जा रहा है। पिछले पांच साल में चीन नाम बदलने का यह दुस्साहस तीन बार कर चुका है। इस साल अप्रेल से पहले उसने 2021 में 15 और 2017 में छह जगहों के नाम बदले थे। हालांकि तब भी भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए नए नामों को सिरे से खारिज कर दिया था। चीन का यह नया नक्शा ब्रिक्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद एवं नई दिल्ली में अगले माह की शुरुआत में ही होने वाले जी-20 शिखर



सम्मेलन से पहले सामने आया है। समूची दुनिया चीन के विस्तारवादी रवैये और दूसरे देशों की जमीन को कब्जाने की नीयत को अच्छी तरह देखती और समझती है। चीन भरोसे करने के काबिल न पूर्व में रहा है और न भविष्य में होने की संभावनाएं हैं। भारत के मामले में चीन का रवैया सदैव शत्रुतापूर्ण एवं उसके क्षेत्रों पर अनाधिकृत कब्जाने का ही रहा है। चीन की पिछली हरकतों से भी यह साफ हो गया है कि चीन कभी भी भारत से मित्रवत संबंध बनाने के प्रयासों का साथ देने वाला नहीं है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। चीन ने विस्तारवादी नीतियों के तहत जैसी गतिविधियां चला रखी हैं उनसे भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। राजनीतिक रूप से हमारे यहां विभिन्न दल भले ही एक-दूसरे के विरोधी हों, पर चीन को लेकर भारत से उठने वाली आवाज एक ही होनी चाहिए। चीन के मनमाने रवैये को पश्चिमी देश अच्छे से महसूस भी कर रहे और उनके पक्ष-विपक्ष के नेता एक सुर में उसकी हरकतों के खिलाफ आवाज भी उठा रहे। इसके विपरीत भारत में अलग स्थिति है। अपने देश के कई नेता चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये को लेकर मोदी सरकार को तो कठघरे में खड़ा करते हैं लेकिन चीन के प्रति एक शब्द भी नहीं बोलते। हाल ही में राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान था, उससे यही पता चलता है कि वे चीन जैसे शत्रु राष्ट्र का मूक समर्थन करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में 'हिन्दी चीनी भाई-भाई' का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी एवं विपक्षी दलों के नेता जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मर्यादाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी कर जिस तरह अपने नए नक्शे में दक्षिण चीन सागर को भी शामिल कर लिया, वह उसकी उपनिवेशवादी मानसिकता का ही परिचायक है। चीन अपनी कुचेष्टाओं एवं करतूतों से भारत को उकसाना चाहता है लेकिन शायद चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। हम दुश्मन को घर में घुसकर मारते हैं।

## बांग्लादेश में स्थिरता जरूरी है, काम आ सकता है भारत-अमेरिका का यह विचार

> बांग्लादेश दरअसल, जिन चुनौतियों से जूझ रहा है, उनकी जड़ें देश से बाहर हैं। हालांकि बांग्लादेशी सरकार की कोशिशों और पड़ोसी भारत से मिलने वाली मदद ने संकट को टाला हुआ है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल के जिस दौर से गुजर रही है, उसमें इस छोटी अर्थव्यवस्था वाले देश को समस्याओं से निपटने में मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि शेख हसीना के नेतृत्व वाले पिछले तीन कार्यकालों में बांग्लादेश में उल्लेखनीय आर्थिक विकास हुआ है। यह दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है और फिलवक्त यह क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो केवल भारत से पीछे है। कुछ रिपोर्ट यह तक बताती हैं कि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति आय क्षेत्र में सबसे ज्यादा है और विभिन्न सामाजिक संकेतकों पर भी इसने अपनी स्थिति सुदृढ़ की है।

**बांग्लादेश** में आम चुनावों के दस्तक देने के साथ, देश के राजनीतिक व आर्थिक भविष्य को लेकर चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। हाल के दिनों में कुछ हद तक राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता हासिल करने के बावजूद, देश अब नए सिरे से अनिश्चितता का सामना करता दिख रहा है। बांग्लादेश दरअसल, जिन चुनौतियों से जूझ रहा है, उनकी जड़ें देश से बाहर हैं। हालांकि बांग्लादेशी सरकार की कोशिशों और पड़ोसी भारत से मिलने वाली मदद ने संकट को टाला हुआ है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल के जिस दौर से गुजर रही है, उसमें इस छोटी अर्थव्यवस्था वाले देश को समस्याओं से निपटने में मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि शेख हसीना के नेतृत्व वाले पिछले तीन कार्यकालों में बांग्लादेश में उल्लेखनीय आर्थिक विकास हुआ है। यह दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है और फिलवक्त यह क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो केवल भारत से पीछे है। कुछ रिपोर्ट यह तक बताती हैं कि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति आय क्षेत्र में सबसे ज्यादा है और विभिन्न सामाजिक संकेतकों पर भी इसने अपनी स्थिति सुदृढ़ की है। हालांकि, वर्तमान में बांग्लादेश कई आर्थिक चुनौतियों से घिरा है, जिनकी वजहों पर उसका कोई काबू नहीं है। इसके लिए कुछ हद तक कोविड और रूस- यूक्रेन युद्ध को जिम्मेदार माना जा सकता है। चूंकि, प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं, इसलिए इसके निर्यातों में भी कमी आई है। दरअसल, छोटी अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति तब और खराब हो गई, जब कोविड के लंबे चले दौर और रूस-यूक्रेन संघर्ष से पैदा हुई रिकॉर्ड महंगाई की स्थिति से निपटने के लिए अमेरिका ने नीतिगत दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की। इस कदम ने निवेशकों को एशियाई बाजारों से हटने के लिए प्रेरित किया, जिससे इनमें से कई अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा का अवमूल्यन हुआ, जिससे महंगाई बढ़ी। अमेरिकी डॉलर की तुलना में बांग्लादेशी टाका का मूल्य करीब 25 फीसदी तक कम हो गया है। छह जुलाई, 2023 तक, बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार 2022 में 41.8 अरब डॉलर से घटकर 29.97 अरब डॉलर हो चुका था। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 28 फीसदी की इस गिरावट का श्रेय विदेशी मुद्रा बाजार में चल रही चुनौतियों को दिया गया है, जो मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर की कमी से उपजी हैं। बांग्लादेश में डॉलर संकट, निर्यात से होने वाली आय की तुलना में आयात खर्चों के बढ़ने की वजह से उभरा है। नतीजतन, बांग्लादेश को ईंधन के आयात की अपनी जरूरतों के लिए पैसा जुटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, भारत ने महामारी के दौरान उद्योगों के लिए आवश्यक वस्तुओं और कच्चे माल की आपूर्ति करके बांग्लादेश को पूरा समर्थन दिया था। लेकिन, बिगड़ती वैश्विक आर्थिक स्थितियों ने बांग्लादेश पर भी प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। यह सब तब सामने आ रहा है जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। अफसोस की बात है कि आर्थिक उथल-पुथल के इस दौर में बाइडन प्रशासन के लोकतांत्रिक तरीकों से पीछे हटने के आरोपों का सामना भी बांग्लादेश को करना पड़ रहा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर दबाव बनाने के लिए, पिछले चुनावों में शेख हसीना की अवामी लीग को सहायता देने के आरोपी अर्धसैनिक बल रैपिड ऐक्शन बटालियन (आरएबी) के कई वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। इनमें से कुछ पर



मानवाधिकार उल्लंघन का भी आरोप है। पाकिस्तान, भारत और अन्य देशों को आमंत्रित करते हुए पिछले लोकतंत्र-केंद्रित शिखर सम्मेलनों से बांग्लादेश को बाहर करने और मई में विश्व बैंक की बैठक के लिए वाशिंगटन की यात्रा के दौरान शेख हसीना की उपेक्षा सहित बाइडन प्रशासन की कार्रवाइयों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस संबंध में अमेरिका का नजरिया बदलता रहा है। इससे न केवल बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बल्कि उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) का भी हौसला बढ़ा है। एक परिप्रेक्ष्य यह भी है है कि बांग्लादेश की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण अमेरिका उसके साथ मजबूत रक्षा संबंध स्थापित करने में रुचि रखता है और इसलिए वह दबाव बना रहा है। अमेरिका पहले ही ढाका को छोटे नौसैनिक जहाज और सैन्य परिवहन विमान उपलब्ध करा चुका है। इसका उद्देश्य यह है कि बांग्लादेशी सरकार दो बुनियादी सैन्य समझौतों पर हस्ताक्षर कर दे। इन समझौतों से आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने, दोनों देशों के बीच रक्षा-संबंधित व्यापार, सूचना विनिमय और सैन्य सहयोग के विस्तारित अवसरों की सुविधा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, बांग्लादेश ने इन समझौतों को अंतिम रूप देने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका द्वारा की गई कथित अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों के संबंध में अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है जो एक पड़ोसी देश के रूप में भारत की समग्र सुरक्षा और व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र को प्रभावित कर सकती हैं।

देश दुनीया से

## मुक्त होती स्कूली शिक्षा, स्वागत योग्य है शुरुआत

**शिक्षा** का काम व्यक्ति को मुक्त करना है, लेकिन अगर वह खुद ही बेड़ियों में बंधी होगी, तो यह काम कैसे कर सकेगी? राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 में प्रस्तावित बदलाव स्कूली शिक्षा के स्वरूप और उसके द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण, रचनात्मक, सुविचारित और सकारात्मक हैं। ये स्कूली शिक्षा को मुक्त बनाते हैं और विद्यार्थियों को अपनी पसंद से सीखने, अपनी रुचियों का विकास करने, व्यावसायिक कौशल विकसित करने और अपनी इच्छा के अनुसार परीक्षाएं देने की स्वतंत्रता देते हैं। इसमें पहला सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सीखने के कौशलों पर बल देना है। अब ऐसे विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिलेगा, जो केवल रटकर परीक्षा पास कर लेते हैं। नए फ्रेमवर्क में इस बात पर बल है कि विद्यार्थी की न केवल ज्ञान में बढ़ोतरी हो, बल्कि वह नया ज्ञान अर्जित करने के कौशल, ज्ञान को जीवन में लागू करने और सॉफ्ट स्किल्स व पेशेवर कौशल अर्जित करके समाज के लिए अधिक उपयोगी नागरिक बन सके। इसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास, रचनात्मकता और नवाचार पर बल, भाषिक क्षमताओं में वृद्धि, समस्या-समाधान और तर्क-क्षमता को भी स्थान दिया गया है। विद्यार्थियों की दृष्टि को स्थानीय से वैश्विक बनाने के लिए यह प्रावधान भी किया गया है कि समाज विज्ञान के विषयों के पाठ्यक्रमों में 20 फीसदी सामग्री स्थानीय स्तर की हो, 30-30 फीसदी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों की और 20 फीसदी सामग्री वैश्विक स्तर की हो। पाठ्यक्रम में विभिन्न मूल्यों पर भी बल दिया गया है, जो न केवल अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिक्षा को उदात्त स्तर पर भी रखते हैं। इनमें लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान, पर्यावरण की रक्षा, गरिमा, विविधता की सराहना, जीवदया, समानता आदि शामिल हैं। दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव विद्यार्थियों को विषय चुनने में छूट देना है। अब पहले की तरह विज्ञान, कॉमर्स, और आर्ट्स के समूह नहीं होंगे, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने की छूट होगी। उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी विज्ञान के साथ इतिहास या संगीत सीखना चाहे, तो उसे इसकी छूट होगी। विद्यार्थियों को सीखने की आजादी देने व उन्हें कॅरिअर में फंसे रहने के बजाय, अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने की सुविधा देने की दृष्टि से यह बहुत महत्वपूर्ण बदलाव है। विषयों में कला क्षेत्र के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य भी शामिल हैं। तीसरा महत्वपूर्ण बदलाव सीखने में भाषाओं और उनमें भी भारतीय भाषाओं पर बल देना है। अब नौवीं और दसवीं कक्षाओं में विद्यार्थियों को तीन भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा, जिनमें से कम-से-कम दो भाषाएं भारतीय होना जरूरी हैं। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में दो भाषाएं होंगी, जिनमें से कम-से-कम एक भाषा भारतीय होनी चाहिए। यह बदलाव कई दृष्टियों से क्रांतिकारी है। प्रथम, सभी प्रकार की शिक्षा के लिए भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है। दूसरे, शोध यह सिद्ध कर चुके हैं कि द्विभाषिकता विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है। तीसरे, इस प्रस्ताव में भारतीय भाषाओं पर बल देने से एक तो विद्यार्थियों को अपनी भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा, साथ ही भारत की अन्य भाषाओं को सीखने से उन्हें भारत से गहन परिचय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विद्यार्थी भारत की विविधता, इसकी समृद्ध संस्कृति, धरोहर, सामासिकता व मेल-मिलाप के गुण विकसित कर सकेगा। इससे न केवल उसका व्यक्तित्व अधिक भारतीय हो सकेगा, बल्कि भारतीय भाषाओं के विकास, परस्पर सहयोग, और साहित्यिक आदान-प्रदान के मार्ग भी खुलेंगे। यह अवश्य है कि पहले की तुलना में विद्यार्थियों को अब एक विषय अधिक पढ़ना होगा, जो उनके शैक्षिक बोझ में बढ़ोतरी करेगा। लेकिन एक तो यह बदलाव वैश्विक मानदंडों के अनुरूप है और दूसरे विषयों के चयन में स्वतंत्रता देने के कारण यह संभवतः बोझ नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास में योगदान करेगा।

> राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 में प्रस्तावित बदलाव स्कूली शिक्षा के स्वरूप और उसके द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण, रचनात्मक, सुविचारित और सकारात्मक हैं। ये स्कूली शिक्षा को मुक्त बनाते हैं और विद्यार्थियों को अपनी पसंद से सीखने, अपनी रुचियों का विकास करने, व्यावसायिक कौशल विकसित करने और अपनी इच्छा के अनुसार परीक्षाएं देने की स्वतंत्रता देते हैं। इसमें पहला सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सीखने के कौशलों पर बल देना है।

दृष्टिकोण

## कामयाबी की होड़ में न टूटे कोई छात्र

**राजस्थान** के कोटा शहर में कई छात्रों द्वारा आत्महत्या एक गंभीर चिंता का विषय है। ये बच्चे 16 से 19 साल के थे, जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए यहां आए थे और कड़ी प्रतिस्पद्र्धा का दबाव न झेल पाने के कारण उन्होंने खुदकुशी कर ली। इस वर्ष अब तक 25 के आसपास छात्रों ने आत्महत्या की है, जो न सिर्फ उनके परिवार की हानि है, बल्कि राष्ट्र के लिए बहुमूल्य मानव-संसाधन की क्षति भी है। फिर भी, इस मसले पर तमाम कोनों में चुप्पी दिखती है। आखिर कोई बच्चा अपनी जान क्यों देता है? इसके लिए उसके परिजन सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। माता-पिता अपने बच्चे की क्षमता जाने बिना उसे यहां ले आते हैं, फिर चाहे उन्हें इसके लिए कुछ भी क्यों न करना पड़े। यहां का ट्रेंड कहता है कि कोटा में अमूमन मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चे ज्यादा आते हैं, जो आरक्षण जैसी सुविधाओं से वंचित होते हैं। वे आमतौर पर हिंदी माध्यम स्कूलों में पढ़े होते हैं। चूंकि उन पर माता-पिता के अरमानों का बोझ काफी ज्यादा होता है, इसलिए जब उनको यह एहसास होता है कि वे उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पा रहे, तो जान देना उन्हें कहीं ज्यादा आसान जान पड़ता है। दूसरे सबसे बडे जिम्मेदार कोचिंग संस्थान हैं। वे पैसे कमाने की मशीन बन गए हैं। निस्संदेह, वे बच्चों पर मेहनत भी करते हैं, लेकिन यह नहीं समझना चाहते कि परीक्षार्थियों में दबाव सहने की क्षमता कितनी है? यहां हरेक हफ्ते, पाक्षिक या मासिक आंतरिक परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसके नतीजे नोटिस-बोर्ड पर चिपकाए जाते हैं। छात्रों पर इसका काफी ज्यादा नकारात्मक असर पड़ता है। इसमें कम अंक पाने वाले बच्चों को लगता है कि वे सार्वजनिक तौर पर जलील किए जा रहे हैं। नतीजतन, उनमें हीन भावना पनपने लगती है। एक तो परिवार का दबाव, ऊपर से अच्छे अंक न ला पाने की हताशा, वे टूटन लगते हैं। तीसरी जिम्मेदारी राज्य की है। यहां नियामक तंत्र का सख्त अभाव है। जरूरत कोचिंग संस्थानों पर ही नजर रखने की नहीं है, मकान मालिकों व हॉस्टलों पर भी समान रूप से ध्यान देने की है, क्योंकि ये सब मनमानी करते हैं। मनमाना किराया वसूलने के साथ-साथ वे अपने-अपने हिसाब से नियम तय करते हैं। माना जाता है कि यहां 400 से ज्यादा हॉस्टल हैं और छात्रों की संख्या तकरीबन दो लाख है। बड़े कोचिंग संस्थान बेशक 10 के करीब हैं, लेकिन छोटे-छोटे कई कोचिंग इंस्टीट्यूट यहां चल रहे हैं। स्थिति यह है कि जयपुर में अब 100-150 छोटे-बड़े कोचिंग सेंटर खुल गए हैं। ऐसे ही, सीकर में 'कोचिंग अर्थव्यवस्था' तेजी से विकसित हो रही है। इन सबको लेकर क्या राज्य सरकार ने कोई नीति बनाई? बेशक, राज्य सरकार ने छात्र-आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एक कमेटी का गठन किया है, लेकिन जरूरत विशेषज्ञों की समिति बनाने की है।

# निदेशक पर्यटन ने नेतरहाट में मानसून महोत्सव के आयोजन लिए स्थल का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** निदेशक पर्यटन अंजली यादव, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने नेतरहाट में नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थल निरीक्षण किया। निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन निदेशालय झारखण्ड के द्वारा नेतरहाट में 22 सितम्बर से 22 अक्टूबर 2023 तक नेतरहाट मानसून महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा दिनांक 22 सितम्बर 2023 को मानसून महोत्सव का शुभारम्भ किया जाएगा। मानसून महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, फ़िल्म स्क्रीनिंग, हैंडीक्राफ्ट मेला, साईक्लाथॉन समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।निदेशक पर्यटन, उपायुक्त लातेहार एवं पुलिस अधीक्षक ने नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन को लेकर होटल प्रभात विहार, नेतरहाट लेक के पास निर्मित ओपन थिएटर, कोयल व्यू पॉइंट, नेतरहाट विद्यालय के मैदान एवं टूरिस्ट इंफॉरमेशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संधारण, ट्रैफिक नियंत्रण, कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर कुमार आशीष उप निदेशक पीटीआर, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** लावालौंग प्रखण्ड के सांभे मड़वा फुटबॉल ग्राऊंड में पुलिस और ग्रामीण के बीच बेहतर सम्बंध बनाने को लेकर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट का उद्घाटन चतरा डीएसपी केदार राम, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने विधिवत किक मार कर किया। इस सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड के सभी आठ पंचायतो से एक एक टीम को चयनित कर खेलने का मौका दिया गया। सभी खिलाड़ियों ने अपने अच्छे अंदाज में खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं विजेता और उप विजेता को शील्ड देकर सम्मनित किया गया। बता दें कि जिस गाँव में यह फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया वहां कुछ दिन पूर्व उग्रवादियों का डेरा रहा करता था। वहीं अज्ञानता के कारण पुरे क्षेत्र में अफीम की खेती लहलहाता नजर आता था। इसी कड़ी में पुलिस ने पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर सम्बंध को लेकर इस तरह का खेल का आयोजन किया जा रहा है। चुकी यह गाँव बिलकुल हीं सुदूरवर्ती क्षेत्र है। जबकि खेल का संचालन मुखिया अमित चौबे ने किया। मौके पर लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार, मुखिया नेमन भारती, मिथलेश चौबे, राजेश कुमार, मुकेश कुमार के अलावे पंचायत के सभी मुखिया एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ी शामिल थे।

## गणेश महोत्सव में सम्मिलित होने को लेकर पुलिस अधीक्षक को किया गया आमंत्रित



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर, चुंदरु धाम में हमेसा की तरह होने वाले दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को इस बार भी पुरे धूमधाम से मानने को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारियों ने चतरा एसपी राकेश रंजन व जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस संबंध में गणेश महोत्सव के नियुक्त अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्र एवं श्री गणेश भगवान के प्रतिमा को देकर सम्मानित कर महोत्स्व में आने का एवम् पुरे महोत्सव को शान्ति एवम् सुचारू रूप से पूर्ण करने को लेकर आमंत्रण पत्र के साथ ज्ञापन सौंपा।

## बिना अनुज्ञप्ति के दवा दुकानदारों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड के लातेहार जिलाध्यक्ष नेजाम कुरैसी ने शनिवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर बिना अनुज्ञप्ति के दवा दुकानदारों पर कार्रवाई की मांग की है। नेजाम कुरैसी ने उपायुक्त से मांग की है कि बालूमाथ थाना अन्तर्गत बिना अनुज्ञप्ति के दवा दुकान का संचालन ड्रग इंस्पेक्टर के मिली भगत से किया जा रहा है तथा डुप्लीकेट दवा की बिक्री धड़ल्ले से कि जा रही है। साथ ही बिना डिग्री प्राप्त फर्जी डॉक्टरों द्वारा उक्त दवा दुकान चलाने में सहयोग कर रहे हैं।और मोटि रकम की उगाही भी कर रहे हैं। जिससे आम जनता के जीवन के साथ ये लोग खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि उचित कार्रवाई की जाय ताकि आम जनता की जान माल की रक्षा हो सके।

## अवैध माइंस व क्रेसर के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना व प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के रक्सी, खरिक, चेडीखाप और चटानिया के ग्रामिणों ने पत्थर माफिया के विरूद्ध हल्ला बोला है। महिला, पुरुष, युवा ने इन गांवों में चल रहे माइंस और क्रेसर से हो रहे नुकसान से त्रस्त होकर जोरदार प्रदर्शन एवम् धरना दिया है।ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध उत्खनन के कारण होने वाले नुकसान से ध्वनि प्रदूषण से फेफड़ा संबधी बीमारी से लोग काफी परेशान है। साथ ही जलस्तर भी काफी नीचे चला गया और फसल में उपज भी नहीं हो रहा है, जिसके कारण लोग काफी विचलित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को कई बार लिखित आवेदन दे कर न्याय की गुहार भी लगा चुके है। इधर शासन और प्रशासन के उदासिनता का परिणाम है कि पत्थर माफिया, गामीणों को डरा धमकाकर चुप कराना चाहते। हैवी ब्लास्टिग से हर दिन गांव में भूकंप जैसा हालत बन जाता है। धरना में उपस्थित लगभग तीन सौ ग्रामीणों द्वारा अपनी मांग पत्र सौंपा जिसमे खेती के लिए उपयुक्त जमीन पर पत्थर माफियों द्वारा माइंस और क्रेसर खोलने की इजाजत नहीं दी जाय सहित अन्य मांगे भी शामिल हैं। कार्यक्रम में सदर प्रखंड के गंधरिया पंचायत की मुखिया अनीता देवी, उपमुखिया दिपांसु दीप, पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, संपूर्णा देवी, मुखिया पति कृष्ण कुमार वर्मा एवं वार्ड दो के सद्स्य एव ग्रामीणों में सुबोध सिंह धर्मेंद्र राणा, शंकर साव, अंकित राय, रामप्यारे राय, अभिमन्यु राय, प्रेम साव, लोकनाथ राना, संतन सिंह अनिल राय, संतन राम, जागेश्वर भुइया, सहित तीन सौ लोगो शामिल हुए।

# जेएसएलपीएस के तहत सीएलएफ में हुआ एकेएम एपिएस व एडब्ल्यू का मासिक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित सीएलएफ ऑफिस छ्-घरवा में आजीविका कृषक मित्र आजीविका पशु सखी एवं सक्रिय महिला के साथ मासिक बैठक किया गया। बैठक सीएलएफ अध्यक्ष शीला कुमारी के अध्यक्षता में की गई। बैठक की समीक्षा एफटीसी अनिल प्रजापति एवं आईपीआर सुनीता देवी ने किया। बैठक में महीने भर का कार्य का समीक्षा किया गया। जैसे किसानों के द्वारा गांव में जैविक खेती करवाना नाडेप, घनजीवामृत जैसे खाद निमास्त्र जैसे दवाई का छिड़काव करना पशु सखी से मुर्गी बकरी सूअर गाय जैसे जानवरों को छमाही एक टीकाकरण करवाना एवं सक्रिय महिलाओं का कार्य सीसी लिकेज बैंक में जमा करवाना समय-समय से समूह का बैठक करवाना कार्यों का जांच किया गया। एवं सभी का मासिक वर्क डन जमा करवाया गया। मौके पर उपस्थित सुमन वर्मा लेखपाल शीला कुमारी प्रतिमा देवी संगीता देवी उषा देवी रेखा देवी राजन्ति देवी जयंती देवी सरस्वती कुमारी मालती कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर शुक्रवार की देर रात करीब 11:30 बजे बरनी ग्राम के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष उरांव 28 वर्ष पिता नीरू उरांव ग्राम बचरा थाना बरियातू निवासी बाइक से बालूमाथ की ओर आ रहा था ।इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना बारियातु पुलिस को दी ।तब जाकर युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर रवि कुमार ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया ।हालांकि अब तक यह नहीं पता चल पाया है कि युवक किस काम से बालूमाथ आ रहा था। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। घटना के बाद परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बारीयातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप के लगभग सौ मीटर दुरी एन एच मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन के चपेट में आकर डाढा पंचायत के बचरा ग्राम निवासी संतोष उरांव पिता स्वर्गीय नरु उरांव की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष उरांव फुटबॉल खेलता था, संतोष उरांव अपने दोस्त को अपने वाइक से कर्माही पहुंचाने गया था। बताया जाता है कि घर आने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बारीयातु पुलिस प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग के क्रम में वाइक सहित शव को पड़ा हुआ देखा।शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए लातेहार भेज दिया। इधर सड़क दुर्घटना में मौत होने के कारण मृतक की पत्नी माघो देवी एवं उनके चारों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि संतोष उरांव घर पर एक मात्र कमाऊ सदस्य था। चारों बच्चों के सर से पिता का साया उठ जाने से वे बिल्कुल असहाय हो गए हैं। परिजनों ने प्रखंड प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों से मुवावजा दिलाने के साथ सहयोग की मांग की है।

## भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सांसद के प्रति नाराजगी बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति फिर एकबार नाराज़गी ज़ाहिर की है। जहां छिपादोहर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंडल के आदिवासी समुदाय के कार्यकर्ता भाजपा के वरीय पदाधिकारियों की कार्यशैली और सम्मान मान-मर्यादा को ठेस पहुंचाने से नाराज़ चल रहे थे। उन्होंने बताया कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के छिपादोहर दौरे पर सांसद ने नाराज कार्यकर्ताओं से मिलने की जहमत नहीं उठाई जिससे कि मंडल के आदिवासी कार्यकर्ता काफी नाराज़ हो गये और सामुहिक रूप से आदिवासी कार्यकर्ताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का घमंड तोड़ने के लिए कमर कस लिये हैं। मौके पर वींरेंद्र सिंह खरवार अवधेश सिंह खरवार लक्ष्मण सिंह खरवार, ललित सिंह खरवार सुधीर सिंह खरवार ओम कुमार खरवार राजकुमार सिंह सरीमन सिंह अखिलेश उरांव, विश्वनाथ सिंह खरवार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जनता दरबार का हुआ आयोजन बीडीओ ने किया पीएम आवास की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में की गई है।और कार्यक्रम के द्रव्यमान बिडियो ने अपने कर्मियों के साथ पेंडिंग पीएम आवास अधूरे पीएम आवास एवं रेकर्ड में छूट कागजात का समीक्षा अपने कर्मियों से किया। एवं जांचों उपरांत जल्द से जल्द सभी रेकर्ड को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक कमलेश कुमार वर्मा दिगंबर पांडेय उज्जवल कुमार सिंह प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# शहीद नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** कहा जाता है खेलकूद प्रतियोगिता शारीरिक और मानसिक विकास की धुरी है। जहां शुक्रवार प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र पंचायत लात के ग्राम बेरे में शहीद नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित की गई कार्यक्रम को चार चांद लगाने पहुंचे मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा सीट के दमदार प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह ने फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर डॉक्टर अभिषेक ने कहा कि आज भी सुदरवर्ती क्षेत्र में खासकर फुटबॉल खेल में ग्रामीण और खिलाड़ियों में रुचि बरकरार है। वहीं खेलकूद से शारीरिक विकास होता है और मानसिक तनाव दूर करता है। उन्होंने कहा कि हम पेशे से डॉक्टर हैं, बहुत जल्द ही इस क्षेत्र में मेडिकल कैंप लगाकर बीमार लोगों का इलाज करेंगे। वहीं आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश प्रसाद व सुनील प्रसाद ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया है, इस टूर्नामेंट में लगभग इलाके के 50 से 60 फुटबॉल टीमों ने भाग लिए हैं। मौके पर सचिव लालू प्रसाद यादव, प्रेमचंद सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज प्रसाद, जितेन्द्र सिंह के साथ खिलाड़ी मौजूद रहे।

## फुटबॉल टुर्नामेंट का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के बर टोला के खेल मैदान में एसआर फुटबॉल क्लब सरयू के द्वारा आयोजित फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को प्रमुख अमिता देवी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल से शारिरीक एवं मानसिक विकास होता है। हरेक व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलनी चाहिए। बहुत ही खुशी की बात है कि इस मैदान में खेल का आयोजन किया गया है। वहीं क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्हे निखारने की जरूरत है। क्लब के द्वारा आयोजित मैच में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हे फुटबॉल का किट मुहैया कराया जायेगा साथ ही हर संभव मदद की जायेगी ताकि वे आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर सचिव दिपक नायक, सोनु खान, रिंकु प्रसाद, सद्दीक मिया, जोनी लोहार, सकेन्द्र उरांव, समेत दर्जनों दर्शक मौजूद थे।

# तेतरियाखाड कोलियरी में हिंसक झड़प की संभावना, पुलिस बनी मूकदर्शक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में पिछले कुछ महीनो से हो रहे रंगदारी एवं मनमानी एवम इसके विरोध करने को लेकर दो पक्षों में कभी भी हिंसक झड़क होने की संभावना बनी हुई है। बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने लातेहार उपयुक्त से मांग करते हुए कहा है। कि कोलियरी में स्वयंभू विस्थापित नेता गिरधारी यादव अपने समर्थक मंटू साव एवं कृष्णा साव के साथ मिलकर ट्रकों के प्रवेश करने वाले बैरियर को हाईजैक कर रखा है ।और मनमानी तरीके से ट्रकों का लोडिंग पॉइंट पर प्रवेश कराते है। एवं प्रत्येक ट्रक से 200 से 300 रुपये तक की अवैध उगाही की जाती है। बैरियर के पास सीसीएल का गार्ड भी मौजूद रहता है ।बावजूद इनके रंगदारी के सामने किसी की नहीं चलती है। इन लोगों द्वारा कोलियरी के लोडिंग पॉइंट में जहां अनाधिकार प्रवेश वर्जित रहता है उन स्थानों पर भी दर्जनों लोग उपस्थित होकर कोयला का लोडिंग अपने अनुसार कराते हैं। साथ में इन लोगों द्वारा लोडिंग के नाम पर नियम को ताख पर रख कर अपना लोडर लगाकर 3000 से 5000 रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है ।गिरधारी यादव एवम उसके समर्थकों ने अनधिकृत रूप से जेसीबी लगाकर प्रत्येक ट्रक से 200 से 300 रुपए की अवैध वसूली कराते हैं। शनिवार को बालूमाथ, बरियातू , चंदवा लातेहार समेत कई प्रखंड के ट्रक अपनी लाइन से कोलियरी के अंदर फॉर्मेट लेकर प्रवेश होना चाह रहा था। इसी बीच गिरधारी यादव व उसके समर्थकों ने सारे ट्रकों को रोक कर सिर्फ बसिया पंचायत के ट्रैकों का प्रवेश कराया। इस बात को लेकर बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने बैरियर के समीप ही अपना हक को मांगते हुये अपने-अपने ट्रकों को खड़ा कर मुख्य बैरियर को जाम कर दिया। लेकिन गिरधारी यादव एवं उसके समर्थकों ने बिना सीसीएल के अनुमति के ही बगल से तुरंत जेसीबी द्वारा दूसरा रास्ता बनाकर प्रवेश द्वार बना कर अपने समर्थकों के ट्रैकों का प्रवेश और निकासी कर दिया। इन लोगों की दबंग इतना बढ़ गया है की उनके आदेश के बगैर एक पत्ता भी नहीं हिलता है। इधर बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर बालूमाथ के ट्रकों के साथ शीघ्र इंसाफ नहीं होगा। तो आने वाले दिनों में आर पार की लड़ाई करते हुए बालूमाथ में अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा। बहरहाल जो भी हो पिछले तीन महीना से यह विवाद चलते आ रहा है। लेकिन इसमें पुलिस प्रशासन द्वारा कोई रुचि नहीं लिए जाने के कारण कभी भी खूनी संघर्ष की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जबकि तेतरियाखांड में एक पुलिस पिकेट भी है। इस संबंध में तेतरियाखाड के पीओ केएल यादव ने कहा कि तेतरियाखाड में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। जिसे शीघ्र ही दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अघोषित बिजली कटौती पर तालाबंदी कर चक्का जाम करने का दिया अल्टीमेटम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में लगातार अघोषित बिजली कटौती का मार झेल रहे उपभोक्ताओं ने अपने शब्र खो दिया और बिजली विभाग के अधिकारियों को शबक देते हुए विद्युत कार्यालय और सब स्टेशन में तालाबंदी और चक्का जाम करने का अल्टिमेटम दे दिया है। शनिवार को व्यवसायिक संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक राज की अगुवाई में दर्जनों उपभोक्ताओं के साथ विद्युत कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यपालक अभियंता के नाम कनीय अभियंता को मांगपत्र सौंपा । वहीं मांगपत्र के माध्यम से बताया गया है कि बरवाडीह प्रखंड को नियमित 18 घंटे बिजली आपूर्ति बहाल किया जाए, अघोषित बिजली कटौती बंद किया जाए,एसडीओ को मुख्यालय में रहने, उपभोक्ताओं पर फर्जी केस बंद करने मुख्य रूप से मांग रखी गई है। वहीं अध्यक्ष दीपक ने कहा कि एक सप्ताह में इन महत्वपूर्ण समस्याओं में सुधार नहीं हुआ तो बाध्य होकर आगामी 11 सितंबर दिन सोमवार को तालाबंदी करते मुख्य सड़क जाम किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर जिप सदस्य कन्हाई सिंह उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए दर्जनों लोगों के साथ मौजूद कनीय अभियंता को मांगपत्र सौंपा। उन्होंने मांगपत्र के हवाले से कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है, विभाग मनमाने ढंग से बिजली कटौती कर रही है जिसे अब उपभोक्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अफीम डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राकेश रंजन के गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। सूचना मिली थी कि मेदवाडीह कुन्दा से जोगियारा होकर पाण्डेयपुरा की ओर एक स्विफ्ट डिजायर कार जिसका न0- ओआर 14 डब्लू 0003 से अफीम डोडा की तस्करी अपाची मोटरसाईकिल से स्कोर्ट कर कुछ लोग करने वाले है। इस प्रतापपुर के अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जोगियारा बस्ती मोड़ के पास से एक 23 वर्षीय पाचु गंझु जी कसियाडीह टोला-डंडई, थाना जोरी जिला चतरा को अवैध अफीम डोडा 161.9 कि0ग्रा0 के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में प्रतापपुर थाना कांड सं0- 124/23 दि0- 02.09.2023 धारा- 15/25/27/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार जिसका रजि0 न0- ओआर 14 डब्लू 0003, नौ प्लास्टिक के बोरा मे 161.9 कि0ग्रा0 अवैध अफीम डोडा, एक वीवो कम्पनी का स्क्रीन टच मोबाईल, एक अपाची मोटरसाईकिल जिसका रजि0 न0- जेएच 13 ए-4177 भी जब्त किया गया है। इस छापामारी दल में पु0नि0 सह थाना प्रभारी लव कुमार, अंचल अधिकारी, प्रतापपुर, जुल्फिकार अंसारी,. पु0अ0नि0 जितेन्द्र उरांव, प्रतापपुर स0अ0नि0 बिरेन्द्र तिवारी, प्रतापपुर थाना सहित थाना सशस्त्र बल सदर थाना चतरा शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक में पीछे से बस की टक्कर एक महिला गंभीर, दर्जनों घायल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : आज तड़के सुबह करीब 06-30 पूर्वाह्न हजारीबाग-बगोदर पथ पर गिरिडीह के जमुआ से रांची जा रही विजय रथ बस पंजीयन सँख्या जे0एच002 ए0जे0 1638 टाटीझरिया थाना क्षेत्र के रोल पत्थर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इसमें डेढ़ दर्जन से ज्यादा सवारी घायल हो गए हैं। घायलों में बगोदर के बेको की कुंती देवी पति महेश पंडित गंभीर रूप से घायल है।बस के शीशे से उसका गला आंशिक रूप से कट गया । बगोदर-हजारीबाग एनएच 522 पर शनिवार की सुबह हुए इस सड़क हादसे के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि रांची जा रही यह बस आगे जा रहे ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने की वजह से बस में ब्रेक लगाने में ड्राइवर असफल रहा जिसकी वजह से ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।इस टक्कर से बस का सामने वाला शीशा टूट गया।टूटे शीशे के टुकड़े से कुंती देवी की गर्दन का कुछ हिस्सा कट गया है।घटना के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई।जिसमे मो0इरशाद अंसारी पिता सोमर मियाँ,उम्र 38 वर्ष,सकीना खातून पति सोमर मियाँ,उम्र 65 वर्ष,शर्मिला शर्मा पति बबलू शर्मा,उम्र 24 वर्ष,स्मृति शर्मा,पिता बबलू शर्मा,उम्र 07 माह,राजकुमार,उम्र 32 वर्ष,सुलेखा देवी,पति दशरथ महतो,उम्र 30 वर्ष,राजकुमार यादव,पिता प्रीतम महतो,उम्र 23 वर्ष उपरोक्त सभी भरकट्टा के रहने वाले शेष शंकर यादव,पिता भेखलाल यादव उम्र 13 वर्ष,ऋषि कुमार विश्वकर्मा,पिता जगदीश विश्वकर्मा,उम्र 27 वर्ष,अंजलि कुमारी,पिता अनिल विश्वकर्मा,उम्र 16 वर्ष पलौन्जिया निवासी घायलों का विष्णुगढ़ सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया।वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को हजारीबाग अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगन में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने बाँसुरी, झूला, राधा-कृष्ण मूर्ति निर्माण व मटकी सजाकर और हाथों पर मेहँदी लगाकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बांसुरी प्रतियोगिता में प्रथम भैया अनुपम उरांव कक्षा षष्ठ व, झूला बनाने की प्रतियोगिता में भैया राजेश, युवराज और अमित दशम अ प्रथम स्थान ,भैया नवीन कुमार नवम अ द्वितीय स्थान, कृष्ण राधा मूर्ति कला प्रतियोगिता सिमरन षष्ठ ब प्रथम स्थान , सिल्क कुमारी सप्तम ब द्वितीय स्थान, खुशी कुमारी तृतीय स्थान, मेहंदी प्रतियोगिता प्रथम स्थान खुशबू और दिया दशम ब, आराधना और सोनम दशम ब द्वितीय स्थान, रोशनी और निर्जला दशम ब तृतीय स्थान, मटकी सजाओ प्रतियोगिता प्रथम स्थान निशू कुमारी और लक्ष्मी कुमारी नवम ब, द्वितीय स्थान मुस्कान और सोनम नवम ब, तृतीय स्थान भूमि और सोनी अष्टम ब और 3डी कार्ड बनाने की प्रतियोगिता में भैया बंटी मंडल नवम ब प्रथम स्थान ऋतुराज नवम ब द्वितीय स्थान, लवनीश तृतीय स्थान नवम ब को प्राप्त किया।

### रेनासांस आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा कलाकारों का ऑडिशन आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:आनंदमार्ग की इकाई रावा रेनासांस आर्टिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । रावा की जिला समन्वयक शिवानी प्रिया ने बताया कि इस इवेंट में सिंगिंग, डांसिंग, एक्टिंग और योगा के प्रतिभागियों का ऑडिशन होने वाला है । ऑडिशन संत कोलंबा कॉलेज में होगा। ऑडिशन के जज वैश्विक समन्वयक एवं बीआईटी मेसरा के मृणाल पाठक और मुंबई से अभिनेत्री सुस्मिता कुमारी राणा होंगी।मुख्य अतिथि संत कोलंबा कॉलेज के प्राचार्य रेव. डॉ बिमल रेवेन के साथ ही जिले के अन्य स्कूलो के प्राचार्य भी मौजूद रहेंगे ।

### दस सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पैराडाइस रिसोर्ट में

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भक्तिवेदान्त विद्या भवन इस्कोन द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में दस सितंबर रविवार को डाक बंगला कार्मल चौक के पास स्थित पैराडाइस रेसोर्ट में हरे कृष्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दस सितम्बर दिन (रविवार) को दोपहर बारह बजे से रात्रि आठ बजे तक कार्यक्रम होना तय है।दोपहर बारह बजे से नगर संकीर्तन विवेकानन्द स्कूल के पास से प्रारंभ होगा।दोपहर डेढ़ बजे हवन यज्ञ,दोपहर तीन बजे राधा कृष्ण महाअभिषेक,शाम चार बजे से भागवत कथा,शाम पाँच बजे से बच्चों द्वारा आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम,शाम छः बजे से छप्पन भोग/दर्शन आरती एवं कीर्तन ।

### 10+2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल में तंबाकू नियंत्रण पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता)** :10+2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल अमृत नगर में शनिवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के क्रियान्वयन के लिए विद्यालय सभागार में बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता कराई गई । जिसमे दशम के विद्यार्थी हीरालाल कुमार प्रथम ,दिव्यांशु कुमार एवं अभिनव द्वितीय एवं आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी, मोहम्मद इरफान एवं रेहान जामी ने बच्चों को तंबाकू नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव के द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया।इस आयोजन के लिए विद्यालय सचिव अमिताभ कुमार ने समस्त शिक्षकों एवं विभागीय पदाधिकारियों को साधुवाद दिया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबुगांव में जन्माष्टमी पर होगी कई प्रतियोगिताएं

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा में शनिवार को वंदना सभा में मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्रा,प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह एवं आचार्य रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन आठ घण्टे अनिवार्य रूप से स्वाध्याय करना चाहिए। सभा में प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि आगामी बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर विद्यालय में विभिन्न छात्र वर्ग के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।जिसमे राधा- कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता, राधा - कृष्ण चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता निर्धारित है। कार्यक्रम प्रमुख रिंकी कुमारी के दिशानिर्देश में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। वंदना सभा में राहुल कुमार पाण्डेय, आनन्द किशोर प्रजापति, अर्चना सिन्हा, अल्पना सिन्हा, निखत प्रवीण, पिंटू कुमार राय, रेवत लाल प्रसाद, सचिन कुमार पाण्डेय, शिव शरण ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, राज कुमार सिंह, आनन्द किशोर प्रजापति, पप्पू कुमार पाण्डेय एवं सुशील सौरभ का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

### ज्ञान ज्योति पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता)** :ज्ञान ज्योति पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किए हैं। इस परीक्षा में पैरामेडिकल छात्रों ने 80-90 प्रतिशत परिणाम पाया है। संस्थान के निर्देशक शंभू कुमार तथा सचिव विनय कुमार ने छात्रों को उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। आयोजित परीक्षा के डीएमएलटी में प्रथम स्थान शिवम कुमार , द्वितीय स्थान बेबी कुमारी तथा तृतीय स्थान वीरेंद्र विश्वकर्मा तथा लोकनाथ महतो ने प्राप्त किया। वही ओटी में प्रथम स्थान चंद्रदेव साहू द्वितीय स्थान संदीप कुमार गुप्ता तथा तृतीय स्थान अंजली कुमारी ने प्राप्त किया। ड्रेसर में मोहम्मद शाहबाज ने प्रथम स्थान आर्यन राज ने द्वितीय और गौसिया वारसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बरलंगा पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया नेस्तनाबूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला** : बरलंगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध महुआ शराब भट्ठी को नेस्तनाबूद कर दिया। जानकारी के अनुसार अहले सुबह बरलंगा पुलिस स्वर्णरेखा नदी के किनारे अवैध तरीक़े से संचालित शराब भट्ठी पर धावा बोलकर पूर्णतया नष्ट कर दिया तथा तीन स्थानों पर लगभग 6 क्विंटल जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया गया। हालाँकि पुलिस बल के पहुँचने से पहले ही अवैध शराब कारोबारी वहाँ से रफु चक्कर हो चुके थे। इस अभियान में बरलंगा थाना प्रभारी एस.आई. अनंत कुमार सिंह, ए.एस.आई ललन शर्मा एवं सैफ के जवान शामिल थे।

# सीपीएम लोकल कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला** : प्रखंड के डुंडीगाछी गॉव में शनिवार को पार्टी के जिला कमिटी सदस्य का0 धनेश्वर महतो के आवास में सीपीएम, गोला लोकल कमिटी की बैठक का0 गोवर्धन महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक पार्टी के रामगढ़ जिला कमिटी सचिव का0 आर पी सिंह चंदेल उपस्थित रहकर पार्टी के केन्द्रीय कमिटी और राज्य कमिटी द्वारा तय आन्दोलनात्मक कार्यक्रम को जिला में करने के फैसले की जानकारी दिया। बैठक में फैसला लिया गया कि 1 से 7 सितम्बर 23 तक मॅहगाई और बेरोज़गारी विरोधी सप्ताह मनाने के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में में जिला कमिटी द्वारा प्रकाशित पर्चा का आमलोगों में बॉटा जाएगा और पार्टी के झंडा तले देश में बेलगाम मॅहगाई और बेरोज़गारी के बारे में जानकारी दिया जाएगा, साथ ही 9 से 11 सितम्बर 23 तक राज्यव्यापी बिशेष कोष संग्रह अभियान के तहत कोष संग्रह करने का फैसला लिया गया। बैठक ने प्रखंड के किसानों के बीच अखिल भारतीय किसान सभा की सदस्यता किया जाएगा।

# अभाविप ने रामगढ़ कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ अभाविप ने कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान रशीद काटकर सदस्यता अभियान रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में करते हुए अभाविप कार्यकर्ता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान है नगर मंत्री शिवम आर्यन सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा अनुशासित छात्र संगठन है। इस संगठन से जुड़ना ही सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसने देश को एक ऐसा छात्र संगठन दिया जो कई वर्षों की साधना व तप से तैयार हुआ है।कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्ष भर महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते आया है ।

# महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : शनिवार को रामगढ़ के हुहुहा स्थित महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज में हुए जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए। उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने मीडिया को बताया की कॉलेज में युवाओं पर केंद्रित रंगारंग कार्यक्रम में पहुंचे सांसद का कॉलेज की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। कॉलेज कमीटी ने सांसद महोदय और उनके साथ आए भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,महामंत्री रंजन फौजी को बचे बच्चियां अगवानी करते हुए सभा कक्ष तक लेकर गए जहां जिले भर से आए विभिन्न स्कूलों के प्रतियोगी छात्र छात्राओं ने रंगारंग देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया।युवा बच्चों के नृत्य संगीत से प्रभावित होकर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित बच्चों से अमृतकाल का जिक्र करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास का जो सपना देखा है वो आप जैसे युवाओं को अलग रख कर नही बल्कि आप जैसे युवा छात्रों की प्रतिभा को इस अमृत काल में उभारकर ही संभव है। अपने वक्तव्य से उपस्थित प्रतिभागियों में उत्साह जागते हुए सांसद ने उनसे पंच प्रण के रूप में विकसित भारत निर्माण,भारतीय धरोहर और विरासतों को बढ़ावा देने,एकजुट होकर एकता और अखंडता बरकरार रखने,और देश और समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का वचन लिया जिस पर सभी ने एक सुर में समर्थन किया।कार्यक्रम के अंत में सांसद जयंत सिन्हा ने प्रतिभागियों को परितोषिक देकर उनका हौसला बढ़ाया।

# विधायक अकेला ने किया 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत गुड़ियों चौक पर 100 से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर का बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़ियों चौक पर काफी समय से ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा था। जिसकी सूचना बरही विधायक उमाशंकर अकेला को ग्रामीणों ने दिया। विधायक के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन शनिवार को बरही विधायक ने स्थानीय महिलाओं से फीता काटकर कराया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आम ग्रामीण मौजूद रहे। इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी एवं शिक्षा पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही।विधायक श्री अकेला ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे।

# कुपोषण मुक्त पंचायत को लेकर सारूकुदर मुखिया ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारुकुदर पंचायत में मुखिया उत्तम कुमार महतो की अध्यक्षता में कुपोषण मुक्त पंचयात बनाने को लेकर बैठक की गई। जिसमें प्रधान मंत्री गरीब कल्याणअन्न योजना,मध्यान्ह भोजन,पूरक पोषण योजना का सुचारू रूप से संचालन एवं निगरानी करने को लेकर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए मुखिया उत्तम कुमार महतो ने कहा कि सरकारी निर्देशानुसार कार्ड धारीयों को राशन देने, गुणवत्तायुक्त स्कूली छात्र-छात्राओं को भोजन देने एवं आँगनबाड़ी में पूरक पोषण आहार का वितरण करके हम गाँव को कुपोषण मुक्त बना सकते है।साथ हीं मुखिया ने स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को लेकर आम-आवाम को जागरूक रहकर अन्य तरह की विषम परिस्थितियों से निकलने के गुर के बारे में विस्तार पूर्वक सबो के बीच रखा। बैठक में मुख्य रूप से रोजगार सेवक,वार्ड सदस्य मुकेश सिंह, पूरनी देवी,जोगेश्वरी देवी,मीना देवी,पार्वती देवी,टेकलाल महतो, नंदलाल महतो,योगेंद्र पटेल, रहमत अंसारी,यशोदा देवी,गीता देवी, नारायण महतो,सुरेंद्र कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे ।

# सीसीएल सहित अन्य कोल परियोजनाओं के तहत जिले में हो रहे खनन कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिले में सीसीएल सहित अन्य कोल परियोजनाओं के तहत हो रहे खनन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित कोल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों व अन्य अधिकारियों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त किया जिसके उपरांत सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र से महाप्रबंधक के के सिन्हा एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) कुमार नरेंद्र, कुज्जु क्षेत्र से महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, बरकासायल क्षेत्र से महाप्रबंधक एक सिंह, रजरप्पा क्षेत्र से विवेक, अरगड्डा क्षेत्र से महाप्रबंधक एस के पांडे, परियोजना प्रबंधक एनएमडीसी नसीम अंसारी एवं श्री अतुल सिंह द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना वार पूर्व में किए गए खनन कार्यों, वर्तमान में संचालित खनन कार्यों एवं भविष्य में किए जाने वाले खनन कार्यों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को दी गई साथ ही उनके द्वारा संबंधित परियोजना में एफआरए, एनओसी, विभिन्न अधिनियमों के तहत भूमि अधिग्रहण सहित अन्य संबंधित समस्याओं को उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष रखा गया। इस संबंध में उपायुक्त ने परियोजनावार संबंधित अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं बैठक के दौरान महाप्रबंधक सीएसआर सीसीएल मुख्यालय बालकृष्ण लादी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीएसआर के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कोल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को सीएआर के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने परियोजनावार सीएसआर के तहत अब तक किए गए विकास कार्यों, वर्तमान में संचालित विकास कार्यों आदि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से सीएसआर के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी अधिकारियों को दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें अच्छे तरीके से बंद करने, पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित रखने सहित अन्य निर्देश दिए।

# भाकपा माले ने घाटो थाना प्रभारी के अभद्र व्यवहार पर जांच कर करवाई की मांग की

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भाकपा माले के जिला रामगढ़ सचिव भुवनेश्वर बेदिया ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर भाकपा माले के जिला रामगढ़ कमेटी सदस्य कांमरेड जयवीर हंसदा के साथ घाटों थाना प्रभारी के द्वारा अभद्रता, आदिवासी कथन, नेतागिरी, गाली गलौज करने के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की हैं। बताया है कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भाकपा माले प्रतिनिधिमंडल के साथ जयवीर हंसदा घाटों थाना प्रभारी के पास गए थे, इस दौरान सवालों का जवाब देने के बजाय गाली गलौज और अभद्रता की गई, जिसे भाकपा माले बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। जांच कर दोषी थाना प्रभारी को तत्काल सस्पेंड करने, अन्यथा भाकपा माले सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# अरगड्डा सिरका में आधे घंटे जमकर हुई बारिश, गर्मी से निजात मिली

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत आस-पास के क्षेत्र में शनिवार संध्या करीब 4:45 बजे काले बादलों ने जमकर बारिश किया। तकरीबन आधे घंटे तक क्षेत्र में वर्षा हुई। इससे नाली, गढ्ढो में जल जमाव हुआ। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस किया। कॉलोनी वासियों ने बताया कि सुबह से 5 घंटे बिजली मजदूर मोहल्लों में गुल रही। इससे लोगों को खास गर्मी से परेशानी हुई। वहीं बिजली विभाग हाई टेंशन पोलो में बिजली अर्थिंग तार सुधारने में लग रहा।



# रामगढ़ के पतरातू पुलिस ने स्मैक/हिरोईन कारोबारी को पड़कर जेल भेजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ के पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का जानकारी दी कि रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निदेशक अनुसार पतरातु थाना प्रभारी अमित कुमार को गुप्त सूचना मिली कि न्यू मार्केट स्थित मॉडर्न ड्रेसज नामक दुकान में स्मैग/हिरोईन बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के निर्देश पर वीरेंद्र चौधरी पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मॉडर्न ड्रेसेज नामक दुकान में छापामारी किया गया । दुकान के संचालक विक्की कुमार श्रीवास्तव के पास से 9 ग्राम स्मैग/हिरोईन तथा उसे तौलने की मशीन इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद किया गया । अग्रतर करवाई में विक्की कुमार श्रीवास्तव ने बताये कि यह स्मैक/हिरोईन पोड़ा गेट निवासी सुजीत राम के पास से खरीदा है तत्पश्चात छापामारी दल के द्वारा सुजीत राम को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके जिनके द्वारा उन्हें स्मैक/हिरोईन बेचने की बात बतायी गई है। गिरफ्तार अभियुक्त में विक्की कुमार श्रीवास्तव उम्र 26 वर्ष पिता सुरेश कुमार श्रीवास्तव थाना पतरातू जिला रामगढ़ एवं सुजीत कुमार उम्र 29 वर्ष पिता स्वर्गीय सोमर मोची सेंट्रल सौंदा थाना पतरातु रामगढ़ जिले का निवासी है इस छापामारी दाल में मुख्य रूप से वीरेंद्र चौधरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु , पु.अ.नि. अमित कुमार थाना प्रभारी पतरातु , पु.अ.नि. मयंक प्रसाद, पु.अ.नि. अभय कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# झारखण्ड सरकार कृत्रिम अंग दे कर नई जीवन देगी तालिब खान को : रूचि कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा ग्राम के निवासी मजदूर तालिब खान पिछले साल मार्च में अपने खेत से लौटने के क्रम में ग्यारह हज़ार वोल्ट की बिजली तार शरीर पर गिर गया और घायल हो गये बेहोशी के हालत में सदर अस्पताल , रिम्स राँची , देवकमल हॉस्पिटल राँची में इलाज चला परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ, अंत में दो माह वेल्लोर में इलाज चला किन्तु तालिब खान को अपना दाहिना हाथ गवांना पड़ा ज़िंदा रहने के लिए उनका दाहिना हाथ काटना पड़ा,काफ़ी पैसे खर्च करने के बाद जान तो बच गई किन्तु रोजगार और क़र्ज़ के बोझ से मारा मारा फिर रहा, किसी तरह का केस दर्ज़ नहीं हुआ, बिजली बिभाग के तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला,कृत्रिम हाथ लगाने हेतु जिला प्रशासन, स्वास्थ्य बिभाग के चक्कर लगाया पर कोई फायदा नहीं हुआ। तालिब खान झामुमो नेता कमाल कुरैशी, खलील अंसारी के सम्पर्क में आये उन्होंने रूचि कुजुर, सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को यह मामला संज्ञान में दिया ,रूचि कुजुर ने तालिब खान के लिए मंत्री हाफिजूल हसन से मदद की गुहार लगाई। मंत्री हाफिजूल हसन ने तत्परता से जिला प्रशासन हज़ारीबाग को कार्यवाही के लिए निर्देश किया,हज़ारीबाग जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो बताया की तालिब खान को जल्द ही कृत्रिम अंग प्रदान कर दिया जायेगा।तालिब खान ने कहा कि उनकी पत्नी और तीन साल कि पुत्री है कृत्रिम अंग लग जाने से जल्द ही पहले जैसा काम कर पायेगा परिवार भरण पोषण कर पायेगा तालिब खान ने रूचि कुजुर का धन्यवाद किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# निदेशक, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक झारखण्ड महिला विकास समिति ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** निदेशक, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक झारखण्ड महिला विकास समिति, शशि प्रकाश झा एवं सहायक निदेशक, कंचन सिंह द्वारा अड़की प्रखंड के तीन आंगनवाड़ी केंद्रों (उलिहातू,बाड़ी निचकेल, तुबिद ) का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम बिरसा ओड़ा में सभी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किए। निरीक्षण के दौरान सेंटर में सेविकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो की जांच की गई व बच्चों को मिलने वाले मिड डे मिल की जांच की गयी। साथ ही उत्तम मिड डे मिल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर पोषण ट्रैकर की भी जांच की गई। इसके अतिरिक्त निदेशक द्वारा मॉडल आगनबाड़ी तुबिद की सराहना की गयी। बाड़ीनिचकेल सेंटर में ड्डास्ह्ष्ठ अंतर्गत टीकाकरण कराया जा रहा है, सेंटर में गर्भवती महिलाओं से मिल कर उन्हें मिल रहे लाभ की चर्चा की तथा उन्हें रेडी टू इट राशन भी निदेशक द्वारा दिया गया। साथ ही तेजस्विनी परियोजना द्वारा किये कार्य की जानकारी ली व तेजस्विनी क्लब की चर्चा की गयी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी से तेजस्विनी के तहत किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। इस योजना का उद्देश्य किशोरियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ,महिला पर्यवेक्षिका ,तेजस्विनी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहीं। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ,महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविकाओं के साथ बैठक की गई। साथ ही पोषण माह का शुभारंभ भी किया गया। बैठक के दौरान पोषण ट्रैकर में नियमित एंट्री व महिला पर्यवेक्षिका को सेंटर का पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। पोषण माह कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह उपस्थिति हुए।उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि हम सभी अपने स्तर से कार्यों को गुणवतापूर्ण तरीके से पूरा करें। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे लाभ को पहुंचाने का सही माध्यम बनें। मौके पर निदेशक, समाज कल्याण ने कहा कि गर्भवती माताओं एवं बच्चों को उचित पोषण एवं पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं, इस हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत सभी माताओं एवं बच्चों को ट्रैक करें। इस हेतु सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि जिला का कोई भी माता एवं बच्चा छूटे नहीं। तथा सभी को सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभ स-समय उपलब्ध कराना है। जिले के सभी लोगों को पोषण, बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल, माताओं एवं बच्चों के लिए उचित पौष्टिक आहार व अन्य की जानकारी दी जाए।




## मजलिस ए सूरा की बैठक संपन्न

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जुम्मा नमाज के बाद मांडर मजलिस ए सूरा की एक अहम बैठक रखी गई। बैठक उप प्रमुख अमानत अंसारी की सदारत में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आने वाले 3.09.2023 दिन रविवार को कंजिया मैदान में मांडर प्रखंड के अंजुमन कमेटी का गठन को लेकर रखी गयी है। जिसमे अंजुमन के नियम व कानून का प्रस्ताव ला कर सहमति ली जाएगी। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी, कारी मोइन, जाहिर खान, मोहम्मद खालिद, तबारक खान, माशूक अली, जुल्फान अंसारी, शमीम अख्तर, अनवर अंसारी, मोहम्मद रकीब, जमील अख्तर, हातिम अंसारी, अतहर अंसारी, आलमगिर आलम, मुस्लिम अंसारी, जमील अंसारी, एहसान अंसारी, इस्तियाक अंसारी, इमरान अंसारी, अली अंसारी, शाहिद अंसारी सजिब अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से छापर निवासी अशोक लोहरा की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मृतक सहित घायल दोनों व्यक्ति बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बस्ती मुंडा टोला के रहने वाले थे । घटना बुढ़मू थाना क्षेत्र के करमा चढ़ाई हेंडेगिर पतरातु मुख्य मार्ग के समीप की है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घटना स्थल के समीप ही छापर हेंडेगीर मुख्य पथ को जाम कर मुआवजा की मांग पर अड़े हैं। वहीं सूचना पर पहुंचे बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय ने जमकर्ताओ से वार्ता कर जाम खुलवाया और शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया ।

## मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया पतरा के पास खेत से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया गांव के पतरा के पास एक खेत से शव मरामद किया गया। बताया जाता है कि शव 60 वर्षीय सुशील खलखो कंजिया मरई टोली का निवासी है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मांडर थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंचे ।शव को अपने कब्जे कर लिया। परिजनों के अनुसार वह शुक्रवार को मेहमानी गया था पर आज मृतक का शव कंजिया पतरा कोना के खेत में पाया गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रेलवे लाइन के किनारे 55 वर्षीय महिला का शव बरामद

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी बोकारो रेल मार्ग के झालदा कोटशीला के बीच पॉल संख्या 369/13-11पर शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे झालदा आरपीएफ ने 55 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार ड्यूटी में तैनात आरपीएफ एल. के.मिश्रा को सुचना मिला की रेलवे लाइन के किनारे एक शव पड़ा हुआ है।आरपीएफ घटना स्थल पर पहुँच शव को आसनसोल बोकारो मेमु पेसेंजर ट्रेन से मुरी ले जाया गया। जहाँ रेलवे के चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर जे कच्छप ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। मुरी जीआरपी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर युडी कांड संख्या 3/23 दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। महिला की पहचान अंकुरी धीवर पति हराधन धीवर झालदा मुनिस्पलिटी वार्ड-12 गांव अड़सा पुरुलिया की रहने वाली थी। मृतक महिला बीना किसी को बताए शुक्रवार की शाम पांच बजे घर से निकली थी। पुलिस ने बताया की महिला शायद ट्रेन से गिर गई है। जिससे दोनों पैर का पंजा पुरी तरह अलग हो गया है।

## कस्तूरबा गांधी स्कूल चान्हो पहुंची विधायक शिल्पी

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को चान्हो प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय का विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया औचक निरीक्षण। इस दौरान विधायक स्कूली बच्चों से मुलाक़ात किया, उनसे विधायक द्वारा पूछा गया कि स्कूल मे बच्चों पर टीचरो का व्यवहार कैसा है? टीचर क्लास मे ठीक से पढ़ाते है? हॉस्टल मे खाना ठीक से मिलता है? इस तरह की जानकारी लिया। इसके साथ साथ विधायक ने बच्चों को सम्बोधन करते हुए विस्तार से शिक्षा के क्षेत्र मे बहुत सारी जानकारी दिया। मौक़े पर पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## युवाओं ने आपसी चन्दा कर 52 किलो चावल की मदद की

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेतलसूद पंचायत के परासटोली के आदिवासी समाज के प्रति जागरूक एवं तत्पर रहने वाले कांदना उरांव का अकास्मिक देहांत हो गया । इन्होंने सरना जाने के रास्ते के लिए जमीन दान में दिए थे । दुखद परिवार को कुटुंब भोज रोकारूडी के श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के युवाओं ने आपसी चन्दा कर 52 किलो चावल का मदद किया। अध्यक्ष - अजय उरांव, महासचिव-दशरथ मुण्डा, कोषाध्यक्ष - निरज मुण्डा, सचिव - बिट्टू उरांव,सुरज लिण्डा, सुनिल उरांव, विरेन्द्र मुण्डा, संदिप उरांव, मोहन उरांव, अमरनाथ उरांव, शिव उरांव, जलेन्दर उरांव, रंजीत उरांव इत्यादि साथियों ने सहयोग किया।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने स्थपना सह सम्मान समारोह मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल नामकुम, राँची द्वारा स्थपना सह सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो एवम विशिष्ट अतिथि के रूप मे खिजरी विधान सभा के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप थे। आगत अतिथियो का स्वागत फूल माला, बुके, पट्टा देकर किया गया । अतिथियो ने मोमेंटो देकर अच्छे कार्य करने वाले को सम्मानित किया। स्पीकर ने कहा कि काउंसिल अच्छे कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि कम संसाधनों के बाउजूद छात्र - छात्राओ के लिए बेहतर रिजल्ट दे रही हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, चेयरमैन, काउंसिल के पदाधिकारी, स्टाफ उपस्थित थे।





### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।



नाम–राम प्रधान उम्र–30 वर्ष,
रंग–साँवला ऊँचाई – 5 फीट, 6 ईंच,
पहचान चिह्न–मानसिक स्थिति ठीक नही है।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त लापता पुरूष राम प्रधान पे0–स्व0 अनिल प्रधान सा0–गणेश मुहल्ला थाना–धुर्वा (तुपुदाना), जिला–राँची जो दिनांक–23.05.2023 को घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए जिसके संबंध में धुर्वा (तुपुदाना) थाना सनहा सं0–11/23, दिनांक–12.07.23 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राँची। –94317 06143
थाना प्रभारी तुपुदाना, राँची। –94317 06167

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 306080 (Police) 23-24 (D)



### कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।
### पुर्न ई–निविदा आंमत्रण सूचना
(अनाबद्ध निधि)

**E-Tender Number:- ZP/LATEHAR- 14/2023-24 (2nd Call)**

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत खुरा ग्राम खुरा में भुनेश्वर राम के घर पास पुलिया निर्माण। | **66,90,000.00** | 1,34,000.00 | 10,000.00 | 335 दिन | 01/2023-24 ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत मोरवाईकला में जडगड गांव में पुलिया निर्माण। | **71,90,000.00** | 1,44,000.00 | 10,000.00 | 335 दिन | 05/2023-24 ZP/LATEHAR |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 05.09.2023 पूर्वाहन् 10:00 बजे से।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–11.09.2023, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. जिला अभियंता, कार्यालय लातेहार में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र (मूल प्रति) एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की जमा करने की तिथि एवं समयः– 12.09.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 13.09.2023 अपराहन 2:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 62052–76661
8. निविदा शुल्कः– किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत मूल बैंक ड्राफ्ट के रूप में **ZILA ABHIYANTA, LATEHAR** के पक्ष में लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा। अन्य किसी बैंक शाखा से निर्गत बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. उक्त निविदा में R.W.D/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,लातेहार।

PR 306083 Rural Development(23-24)D



### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)
### कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।
पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114

**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नमांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु (DAESI (Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

गढ़वा जिले के बीज/उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता जो वैद्य अनुज्ञप्तिधारक है नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से भी आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 को दिनांक 11-09-2023 के अपराहन 5.00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकता है। नामांकन हेतु कुल अभ्यार्थी की संख्या 40 है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रामण–पत्र की छायाप्रति (अंक–पत्र, मूल प्रमाण–पत्र)।
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशक)।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. दो फोटोग्राफ पासर्पोट साईज।
6. लाईसेंसधारी की Input Dealer को रू0 10000/- (दस हजार रूपया) मात्र एवं गैर–लाइसेंसधारी को रू0 20000/- (बीस हजार रूपये) मात्र का Demand Draft जो Director SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र रद्द हाने या चयन न होने की स्थिति में Demand Draft वापस कर दिया जाएगा।
7. Demand Draft को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
9. लइसेंसधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अधिक जानकारी हेतु आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से सम्पर्क किया जा सकता है।
- विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलाव करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 306069 (Agriculture) 23-24 (D)



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला
SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521
Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

**"अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति"**

राज्यादेश संख्या 12 रा0(वि0) दिनांक 06.07.2023 के आलोक में एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत गुमला जिले के विभिन्न जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजरकॉर्प (रोहु, कतला, मृगल) एवं ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है ।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमत्रंण की जाती है । "इच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के साथ दिनांक 09.09.2023 तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के कय का सरकारी दर मो0 750.00 (सात सौ पचास) रू0 प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500.00 (एक हजार पाँच सौ) रू0 प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है ।

• मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्ते निम्नवत् होंगें :–

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा ।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाओं को तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके । विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज आपूर्ति की गई है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी ।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकाओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।
5. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्युनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज (मेजर कार्प अंगुलिकाएँ) ही कय किये जायेंगें ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.306053 Fish(23-24):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

पत्रांकः– दिनांक–

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्याः– 03/2023-24/RWD /RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 05/2023-24 | पंचायत लालगुटवा पुन्दाग सरना टोली के विभिन्न गली होते हुए पुन्दाग रेलवे फाटक तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1. 500 कि0मी0) | 8638700.00 | छियासी लाख अड़तीस हजार सात सौ रूपये। | 6 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–08.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 22.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष में, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 23.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्ड, रॉंची, दीनदयाल नगर, बूटी रोड, मोरहाबादी, रॉंची, पिन–834008 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (23.09.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 25.09.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:– 0651–2360137
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य के अधीन भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/ अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. संवेदक को UCAN Registration की छाया प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
11. संवेदक को GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
12. समान दर होने पर निविदा निश्पादन लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 306064 (REO)23-24*D



### Government of Jharkhand
### Urban Development Department
### Medininagar Municipal Corporation

**e-Procurment Short Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 09/2023-24 | Construction of PCC road from (i) Satyendra Prajapati house to jaiki Agarwal house ward ni 11 (ii) Madan Ram to Chunnu Ram house ward 11 (iii) panki road to Anand kr singh house in ward 04 (iv) Repair of PCC road near S.D.P.O. Residence (v Railing (Breez Block) near S.D.P.O. residence (vi) Laying of Paver block near Shiv Mandir Singra ward no. 01,04,11 & 12 Under Medininagar Municipal Corporation. | 1781960 | 35700 | 5000 | 3 ekg |
| 2 | UDHD/MMC/ 10/2023-24 | Strengthing of old black topped road from Chainpur bazar to Bhatti chowk with culvert in ward no. 34 & 35 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2487166 | 49800 | 5000 | 3 ekg |
| 3 | UDHD/MMC/ 11/2023-24 | Construction of (i) PCC road from rajesh kr singh house to main road (ii) laying of 450 mm HP from Rajesh kr singh house to main road in ward no. 03 under Medininagar Municipal Corporation | 1319870 | 26400 | 5000 | 3 ekg |
| 4 | UDHD/MMC/ 12/2023-24 | Construction of PCC road from omprakash saw house to durgesh singh house (science coaching centre) in ward no. 03 Under medininagar Municipal corporation | 1172664 | 23500 | 5000 | 3 ekg |
| 5 | UDHD/MMC/ 13/2023-24 | Construction of PCC Road from Lakshman tiwari house to shila devi house via girish bandh in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 1209110 | 24200 | 5000 | 3 ekg |
| 6 | UDHD/MMC/ 14/2023-24 | Strenghting of old black topped Chhotu sinha house to Ranjan kumar house (Sanjay Sahani road) with one culvert in ward no. 21, 23 under Medininagar Municipal corporation | 1300350 | 26100 | 5000 | 3 ekg |
| 7 | UDHD/MMC/ 15/2023-24 | Construction of (i) PCC Road with drain at centre from Pintu house to Jaya devi boundary (ii) RCC drain from Akhtari bibi house to santosh pathak house via jaya devi boundry in ward no. 34 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 2497830 | 50000 | 5000 | 3 ekg |
| 8 | UDHD/MMC/ 16/2023-24 | Laying of Paver Block from (i) Madan Mohan Colony Gate to Munna Singh house in ward no 04 (ii) Nahar to Bandhu Ram house in ward no. 08 Under Miedininagar Municipal corporation. | 1991960 | 39900 | 5000 | 3 ekg |
| 9 | UDHD/MMC/ 17/2023-24 | Construction for Repair of Drain from Near Archana hotel to Chota talab via Mission school in ward no. 15 Under Medininagar Municipal Corporation. | 1327140 | 26600 | 5000 | 3 ekg |
| 10 | UDHD/MMC/ 18/2023-24 | Construction of boundary wall and gate at Aanganwadi kendra in ward 18 Under Medininagar Municipal corporation | 1563831 | 31300 | 5000 | 3 ekg |
| 11 | UDHD/MMC/ 19/2023-24 | Construction for Repair of yatri shed ,Lighting, repairing of Boundary wall and Fencing in Nigam Parking and Govt. Bus stand Campus in ward no. 23 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2499230 | 50000 | 5000 | 3 ekg |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 05/09/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 05/09/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/09/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 21/09/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 21/09/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 8409756635 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9973850001 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 306084 Palamu (23-24)_D

# अवैध महुवा शराब के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई

## महुवा शराब सहित महुवा जब्त, कई भट्ठी को भी किया गया ध्वस्त

प्रभात मंत्र सवांददाता

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र के नवडीहा और चिलगा में गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार महुवा शराब के खिलाप शनिवार को छापेमारी किया गया। यह छापामारी आबकारी विभाग के निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया गया। छापेमारी में लगभग 800 किलो महुवा और 400 लीटर महुवा शराब को जप्त किया गया वही भट्ठी को ध्वस्त भी किया गया। छापेमारी के दौरान छोटकू पासी के घर से 60 किलो महुवा और 20 लीटर महुवा शराब , बड़कू पासी के घर से 50 किलो महुवा और 30 लीटर महुवा शराब ,भिखारी पासी के घर से 80 किलो महुवा और 30 लीटर महुवा शराब ,बिंदु पासी के घर से 80 किलो महुवा और 40 लीटर महुवा शराब ,आनंदी पासी के घर से 120 किलो महुवा और 30 लीटर महुवा शराब ,मनोहर पासी के घर से 80 किलो महुवा और 40 लीटर महुवा शराब ,महेश पासी के घर से 60 किलो महुवा और 30 लीटर, महुवा शराब,गजो पासी के घर से 100 किलो महुवा और 40 लीटर महुवा शराब को जप्त किया गया है। सभी अभियुक्त प्रशासन के गिरफ्त से फरार है। अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सुचना मिलने पर गिरिडीह एसपी के निर्देश पर छापेमारी की गई है छापेमारी के दौरान शराब भट्ठी को नष्ट किया गया एवं काफी मात्रा में महुवा और महुवा शराब जप्त किया गया इसके साथ ही बताया कि अभियान लगातार आगे भी चलता रहेगा।



### जिले को स्वच्छ रखने, सौंदर्यीकरण करने, यातायात को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# तालाबों के किनारे से हटाए जाएंगे अतिक्रमण : उपायुक्त

प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले को स्वच्छ रखने, शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर धनबाद नगर निगम, माडा, नगर परिषद चिरकुंडा सहित अन्य विभागों के साथ बैठक की।

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन ने पूर्व में हुए बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन एवं प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त से जिले को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने हेतु नगर निगम के द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार ने तोपचांची झील को पर्यटक स्थल बनाने, गोल्फ ग्राउंड को फेज-2 में स्टेडियम निर्माण, फ्लड लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण करने, तालाब के किनारो से अतिक्रमण हटाने, बिरसा उद्यान पार्क को और भी सुंदर बनाने, वर्टिकल गार्डन बनाने, सड़क किनारे साथ सजा, वॉल पेंटिंग समेत धनबाद शहर के एंट्री पॉइंट में को सौंदर्यीकरण करने के प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा।



उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार को सड़क, पानी, बिजली, सौंदरीकरण, नाली, साफ-सफाई, लाइट आदि की समुचित व्यवस्था करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी कार्य का एक डाटा तैयार कर ले और नागरिक सुविधा के तहत हो रहे कार्य की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। अगर कहीं लाइट लग रहे हैं तो इसकी समुचित जानकारी हो कि कितने लाइट कार्य कर रहे हैं और कितने बंद पड़े हैं। उसी प्रकार से पब्लिक शौचालयों की भी रिपोर्ट तैयार करके रखें, जलापूर्ति की भी प्रतिदिन रिपोर्ट रखें कि कहां कितनी जलापूर्ति की गई।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रमुख चौक चौराहा अन्य क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त को सीसीटीवी कैमरा की स्थिति की रिपोर्ट देने को निर्देशित किया। उन्होंने कार्य कर रहे सीसीटीवी कैमरा एवं खराब पड़े सीसीटीवी कैमरा की जानकरी प्राप्त कर सभी कैमरा को दुरुस्त कर सुरक्षा व्यवस्था बंद करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में तालाब किनारे अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मना अलंकरण समारोह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में अलंकरण समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की प्रभारी डालिया मुखर्जी ने दयानंद, अरबिंदो, विवेकानंद एवं श्रद्धानंद सदन के बारे में प्रार्थना सभा में उपस्थित बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि दयानंद सदन का रंग नीला, अरबिंदो सदन का रंग हरा, विवेकानंद सदन का रंग लाल और श्रद्धानंद सदन का रंग पीला है। इसके बाद सभी सदन के हाउस मास्टर, हाउस मिस्ट्रेस और को-हाउस मास्टर, को- हाउस मिस्ट्रेस के नाम की उद्घोषणा की गई। इसके बाद सभी हाउस के एकेडमिक, स्पोर्ट, कल्चरल एवं डिसिप्लिन के बॉयज़ कैप्टन और गर्ल्स कैप्टन के नाम बताए गए। प्रार्थना सभा मे उपस्थित बच्चों से चयनित बच्चों का परिचय कराया गया।

## नन्हें कवियों के प्रतिभाओं को मिल रही नई पहचान




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी मॉडल स्कूल सी.एफ.आर.आई, धनबाद में अंतरसदनीय अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर विंग के बच्चों ने अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने अपने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अंग्रेज़ी कविता वाचन में-आशू कुमार, देवयानी, मायरा प्रसाद, श्रुति सुमन, ऋषभ चटर्जी, रितिका सिंह, पलक कुमारी, रुद्रांश सिंह तथा भाव्या चंद्र ये सभी बच्चे विजेता रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के सी.सी.ए इंचार्ज मौसमी बनर्जी, जूनियर विंग की इंचार्ज ममता शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। अन्य शिक्षिकाओं में शुभ्रा बनर्जी, मेघा यादव, पायल मुखर्जी, सोनाली पाठक, आयुषी आदि उपस्थित थी। मौके पर दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता, हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर रवीशचंद्रा, बिरजानंद सदन के मास्टर सत्य प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यालय में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला कार्यालय में जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश भाजपा की पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से भुला दिए गए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी है। स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए बलिदान दिया था। आप सभी को विकसित भारत बनाने के लिए योगदान देना होगा। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम को लेकर पूरा समाज भावनात्मक रूप से खड़ा है। देश के वीर सपूतों की स्मृति में निर्मित होने वाले अमृत वाटिका के लिए एक चुटकी मिट्टी घर घर से लेना है। उन्होने कहा की घर-घर से मिट्टी लेना है और जहां संभव हो वहां पौधा भी लगाना है। देश की स्वतंत्रता और सीमा की रक्षा करने वाले सिपाहियों को याद करने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। हमें ऐसे शाहिद के परिवारों के बीच जाकर उन्हें यह बताना है कि वह इस लड़ाई में अकेले नहीं है, पूरा देश उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्रवण राय तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री कंचन चौरसिया ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय झा, धनेश्वर महतो, मानस प्रसून, वीरेंद्र हंसदा, उमेश यादव, महेश पासवान, कन्हैया पांडे, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी, अमलेश सिंह, अनिल सिन्हा, शैलेश चंद्रवंशी, राजकिशोर जेना, जयंत चौधरी, निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, मौसम सिंह, अभिषेक पांडे, सुजीत सिंह, अरुण साव, बच्चू राय, भरत शर्मा, पप्पू सिंह, सुमन सिंह, नीरज सिन्हा, पप्पू शर्मा, संतोष शर्मा, गुड्डू वर्मा सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रकृति के गोद में बसे गिरिडीह जिले के कई गावों के नाम पशु पक्षियों व पेड़ों के नाम से है

सुनील कुमार@प्रभात मंत्र



**बिरनी :** पहाड़ों, जंगलों और नदियों की खुबसूरती को अपने दामन में समेटे 4853.56 वर्ग किलोमीटर में फैले गिरिडीह जिले का एक अपना अलग इतिहास रहा है, जिसका 28.4 प्रतिशत भूभाग पर वनक्षेत्र है, वैसे गिरिडीह का शाब्दिक अर्थ भी पर्वतों और जंगलों का क्षेत्र है। पर्यावरण वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बोस की कर्मस्थली रही गिरिडीह जिले के लोगों का प्रकृति से बेहद नजदीक से जुड़ाव रहा है, और हो भी क्यों नहीं झारखंड बिहार की सबसे ऊंची पर्वत चोटी पारसनाथ एवं जैन धर्मालंबियों के पवित्र तीर्थस्थल पारसनाथ की तलहटी में स्थित तीर्थ क्षेत्र मधुबन गिरिडीह हीं नहीं बल्कि विश्व का गौरव रहा है। झारखंड के नाम पर पवित्र झारखंडधाम जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में शिवभक्त जलार्पण के लिए आते हैं।मिर्जागंज के जगनाथडीह में जलाशय के बीच कमल की पंखुड़ियों के बीच निर्मित भव्य सूर्यमंदिर, बगोदर के हरिहरधाम में शिवलिंग के आकार का शिवमन्दिर, साथ हीं खंडोली जलाशय एवं उसके निकट का पहाड़, सरिया प्रखंड में पिकनिक स्पॉट के साथ प्रमुख तीर्थस्थल राजदाह धाम गिरिडीह के पर्यटन क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। प्रकृति से जुड़े इस जिले में कई ऐसे गांव हैं जिनके नाम पशु पक्षियों एवं पेड़ पौधों के नाम पर रखे गए हैं, जो पूर्वजों के प्रकृति प्रेम को दर्शाती है। बघरा, बाघमारा, सुग्गासार, हुंडरदत्ता, चिरैयाघाट जैसे नाम पशु पक्षियों के नहीं बल्कि यहां के गांवों के नाम है, इसके अलावे ऐसे भी गांव के नाम हैं जो पेड़ पौधों के नाम पर रखे गए हैं जैसे खोरीमहुआ, महुआटांड, सखुवाडीह, अंबाटांड, बेलाटांड, जमुनियाटांड, पिपराडीह, तुलसीडीह, तुलसीटांड, सिंदवरिया, सिमरिया, बाराटांड़, बारागढ़ा, गम्हारडीह, चंपादह, नीमाटांड, निमाडीह इत्यादि नाम लोगों को सीधे तौर पे प्रकृति से जोड़ती है। साथ हीं बगोदर प्रखंड के गावों के नाम भी एक अलग अंदाज में है जो अपने नाम के साथ एक लय को भी जोड़ देती है, जैसे मुंडरो, बिहारो, मुर्रो, गोलगो, बेको, घोसको, डरियो, खेतको, तुकतुको, खरखरो, दोंदलो इत्यादि। हालांकि इन गावों का नामकरण कैसे हुआ इसका प्रमाण नहीं है और न हीं ये किन्हीं को मालूम है परंतु इन नामों के नामकरण के प्रति जानने की जिज्ञासा हर लोगों में देखने को मिलती है।

# डीसी कार्यालय में प्रधान लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार



प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** उपायुक्त कार्यालय में एसीबी ने छापेमारी कर प्रधान लिपिक कृष्ण नंदू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। धनबाद एसीबी शनिवार को अपनी टीम के साथ उपायुक्त कार्यालय धनबाद के निचले तल्ले में स्थित रिकॉर्ड रूम की निगरानी में जुटी हुई थी। एसीबी को जिला अभिलेखागार के प्रधान लिपिक के खिलाफ शिकायत मिली थी की उसने सर्वे खतियान के लिए 6000 रिश्वत मांगी है। एसीबी की टीम ने बताया कि मनियाडीह के रहने वाले उमेश सिंह ने जिला अभिलेखागार के कार्यालय में सर्वे खतियान की कॉपी के लिए आवेदन दिया था। इस एवज में उनसे 6000 रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। जिस पर उमेश सिंह ने गरीबी का हवाला देते हुए ?4000 तक देने में अपने आप को समर्थ बताया था। इसी क्रम मे एसीबी ने रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद उपायुक्त कार्यालय के अभिलेखागार में कार्यरत प्रधान लिपिक कृष्णेन्दू चौधरी को एसीबी ने ट्रैप कर 4000 रुपये रिश्वत लेते हुए मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के घर की भी धनबाद एसीबी तलाशी ले रही है। एसीबी के डीएसपी ने खबर की पुष्टि की है।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा 4 सितंबर को एक दिवसीय धरना देगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जनविरोधी सरकारी कार्यो के विरोध में भारतीय जनतंत्र मोर्चा 4 सितम्बर को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना देगी। उक्त जानकारी 2 सितंबर को धनबाद के गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में महंगाई चरम पर है, जनवितरण की दुकाने भी आम आदमी को राहत देने के जगह सरकार की कमाई का साधन बन गई हैं। यही नही धनबाद शहर गुण्डे मवालियों का शहर बनकर रह गया है।

आये दिन गोली और बम की आवाजे गूंज रही है। व्यवसायियों में इस प्रकार भय का माहौल हो गया है कि अपने प्रतिष्ठान पर आना-जाना इन्हे जान जोखिम में डालना लग रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि प्रशासन चोरी रोकने के जगह उनके रखवाली में व्यस्त है। और सरकार सिर्फ झूठे वादे का ढिंढोरा पीट रही है। जिसे लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने आंदोलन का बिगुल फूंक है।



# बीसीसीएल में हेल्पडेस्क का शुभारम्भ के लिए सीएमडी को बधाई : रामधारी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल के कोयला भवन में का हेल्फ डेक्स का शुभारंभ हुआ जिसमें 24 घंटे कर्मी रहेगे। कंपनी के कर्मी एवं सेवा निवृत कर्मी को चिकित्सा संबंधी कोल कर्मियों की समस्याओं का निष्पादन का निवारण होगा। धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य रामधारी ने 30 अगस्त को जेसीसी की बैठक में इस मुद्दा को उठाया था की कंपनी के कोलकर्मी एवं सेवा मुक्त कर्मी का एक्सीडेंट या गंभीर बिमारी से ग्रसित अस्पताल में इलाज करने के दौरान वेबसाइट पर या सीएमएस को ईमेल के द्वारा सूचना देना पड़ता था।

# पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने जाना भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष आजाद तुरी का हाल चाल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम परसबनी निवासी सह भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष आजाद तुरी का हाल चाल जानने के लिए शनिवार को बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उनके आवास पर पहुंचे। आपको बता दें कि कई माह से आजाद तुरी बीमार चल रहे थे, जिनका बीते दिनों अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन हुआ है। इस बीच पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने आगामी 6 सितंबर को ठाकुर बाडी मैदान सरिया में आयोजित होने वाली संकल्प यात्रा को सफ़ल बनाने हेतू विचार विमर्श किया एवं अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में आने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला परिषद सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, बिनोद सिंह, अशोक वर्मा, राजेश वर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एनडीए हेंमत सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही : फागु बेसरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** डुमरी उपचुनाव को लेकर शनिवार को झामुमो कार्यालय में प्रेसवार्ता की गई। जिसमें बेबी देवी के चुनाव अभियान में शामिल होने गिरिडीह पहुंचे जेएमएम नेता फागू बेसरा ने जेएमएम कार्यलय में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि डुमरी में बेबी देवी की जीत तय है. राज्य के दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो डुमरी के लोगों के दिलो में बसते थे. उनके जाने के बाद डुमरी इलाके की जनता की सहानुभूति बेबी देवी के साथ है. जेएमएम नेता बेसरा ने कहा कि स्थानीय नीति को लेकर जगरनाथ महतो हमेशा सक्रिय रहे थे. क्योंकि सवाल राज्य के युवाओं का था. उन्होंने कहा कि पूरा गठबंधन बेबी देवी के समर्थन में खड़ा है. लिहाजा, आईएनडीए की प्रत्याशी बेबी देवी को चुनाव जीतने से अब कोई नही रोक सकता. एनडीए के नेताओं द्वारा हेमंत सरकार के खिलाफ दिए जा रहे बयान को लेकर जेएमएम नेता फागू बेसरा ने कहा कि एनडीए सिर्फ हेमंत सरकार पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने के प्रयास में है और कुछ नही, जबकि फलसफा तो यही है की युवाओं के भावनाओ को समझने वाली सरकार अब बनी है. इधर बातचीत के क्रम में जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह कई जेएमएम नेता मौजूद थे।



# असर्फी हॉस्पिटल में हुआ कैंसर का सफल ऑपरेशन




प्रभात मंत्र संवाददाता

### मरीज ने ली राहत की सांस, असर्फी हॉस्पिटल को कहा धन्यवाद

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल में कैंसर मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन। मरीज़ विगत कई महीनो से कैंसर से पीड़ित थे। मरीज के दाई आंख के पलक में घाव हुआ था जो कि कैंसर का रूप ले लिया। जिसका पता अशर्फी अस्पताल के डॉक्टर के एक दल ने बायोप्सी करके इसका पता किया। मरीज के दाई आंख के पलक में घाव सा हो गया था, जो बढ़ते बढ़ते कैंसर का रूप ले लिया और घाव बढ़कर लगभग 5 सेंटीमीटर के आकार का हो गया जिसके कारण आंख के मांसपेशिया और उसके पुतली में फैल गया।जिसके जांच के दौरान पता चलने के पश्चात डॉक्टर्स की टीम ने इसका सफल ऑपरेशन किया और मरीज को कैंसर मुक्त करने में सफलता प्राप्त की। दरअसल मरीज को स्किन कैंसर था जो बढ़कर आंखों तक पहुंच गया और जिसके जांच के दौरान पता चलने के पश्चात अस्पताल के डॉक्टर के अथक प्रयास से इससे निजात पाया गया, और मरीज़ को स्वस्थ किया गया। वही डॉक्टरों का कहना है कि शुरुआत के समय मे ही मरीज़ अगर जांच करा लेते तो वो आंख तक नही फैलता और आंख को स्वस्थ रखा जा सकता था। मरीज के मुताबिक वह अभी बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर के अनुसार कोई भी छोटी या बड़ी घाव या अल्सर हो उसे नजरअंदाज ना करें बल्कि डॉक्टर से सलाह ले। डॉक्टर्स ने बायोप्सी करने पर भी जोर दिया। उनका कहना है कि इससे डरे नहीं बल्कि समय रहते उपचार कराए। असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक उदय प्रताप सिंह ने कहा की मरीज का ऑपरेशन मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत किया गया है।

# 15 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर नोनिकडीह सिरमोहन धौड़ा निवासी जितेन्द्र तिवारी का 15 वर्षीय युवक अंजनी तिवारी ने परिवारिक तनाव के बाद अपने कमरे में फासी लगा कर शुक्रवार देर रात को आत्महत्या कर लिया है। जिसकी सूचना जोड़ापोखर पुलिस को दिया गया। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्मार्टम के लिए शनिवार को भेज दिया है। पड़ोसियों का कहना है की शुक्रवार की रात मृतक अंजनी तीन दिन बाद घर लौटने पर माँ पूनम देवी ने कारण जानना चाहा तो वह अपने कमरे में जा कर गमछे से फासी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पड़ोसियों द्वारा युवक को जामाडोबा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक नशे का उपयोग किया करता था। मृतक के पिता असंगठित मजदूर हैं, वहीं मा पूनम देवी गृहणी है। मृतक दो भाई दो बहन है। छोटा भाई रोहित कुमार, बहन चंचल कुमारी, प्रतिमा कुमारी, माँ पूनम देवी का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## करौंदाबेड़ा पल्ली परिसर में मना तीन धर्मगुरुओं का शहादत दिवस, उमड़े मसीही

# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और गुमला विधायक भूषण तिर्की भी शहीद दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** करौंदाबेड़ा चर्च परिसर में शनिवार को शहीद फादर लौरेंस कुजूर, शहीद फादर जोसेफ डुंगडुंग और शहीद ब्रदर अमर अनूप इंदवार का शहीद दिवस मनाया गया। मौके पर हजारीबाग के विशप आनन्द जोजो की अगुवाई में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। उनका सहयोग पल्ली पुरोहित फादर मोजेस खलखो, फा एरिक इंदवार, फा प्रभुदास सहित दर्जनों पुरोहितों ने किया। मिस्सा पूजा के बाद शहीद धर्मगुरुओं को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, गुमला विधायक भूषण तिर्की, पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस के गुमला जिलाध्यक्ष चैतू उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। शहीद दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के सिमडेगा जिला उपाध्यक्ष अजित लकड़ा, गुमला जिला के वरीय उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,युवा जिला अध्यक्ष रोहित एक्का, युवा जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, मुखिया सुषमा केरकेट्टा, मुखिया कांति केरकेट्टा, मुखिया पूनम लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला तिर्की, शैलेश कुजूर, पूनम लकड़ा, ज्योति सहित विभिन्न धर्मसमाज के दर्जनों पुरोहित, धर्मबहनों के अलावे हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। *शहीदों के शहादत से धन्य हो गया करौंदाबेड़ा की धरती- बिशप आनन्द जोजो* अपने संदेश में बिशप आनंद जोजो ने कहा कि शहीदों और संतों में ईश्वर का वास रहता है। शहीद सभी फादर हमारे लिए एक उदाहरण हैं। उनकी शहादत से न सिर्फ करौंदाबेड़ा पल्ली की यह धरती भी धन्य हो गया। पवित्र हो गया है। **पुरोहित का खून ख्रीस्तीय समाज के लिए गेहूं के बीज की तरह है : भूषण बाड़ा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इन सभी पुरोहित का खून ख्रीस्तीय समाज के लिए गेहूं के बीज की तरह है। जो जमीन में जाकर तब तक नष्ट नहीं होता, जब तक फल नहीं देता। फादर की शहादत के बाद कलीसिया का विस्तार हुआ। ईश्वर हमारे साथ है। इसलिए जीवन में खुश रहे और आनंद के साथ जीवन जीये। उन्होंने मणिपुर की घटना को भी मानव समाज के लिए शर्मशार बताया। साथ ही घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए देश से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी लोगों को एकजुट होने का आह्वान करटे हुए कहा कि देश से भाजपा की सरकार को हटाना होगा। ताकि हमारा देश मे अमन चैन और खुशहाली रहेगी। आदिवासी समाज सुरक्षित रहेगा। अगर नहीं भगाया गया तो कल पूरा देश में रहने वाले हम सभी आदिवासियों का हाल मणिपुर की तरह हो जाएगा। असहायों की मदद करना सीखे- भूषण तिर्की विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि कलीसिया के अनुयायों ने अपने खून से कलीसिया को सींचा है। जो वर्तमान में एक विशाल वृक्ष बन चुका है। हम मनुष्य जाति असहायों की मदद करना सीखे। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट होने का आह्वान किया।

**निर्दयी हो चुकी है भाजपा की सरकार : बन्धु तिर्की :** पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की ने भी तीनो शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना ने पूरी मानवता को शर्मसार कर दिया। इस मामले में भाजपा की सरकार चुप्पी साधे हुए है। वहां खुलेआम हमारी बहन बेटियों की आबरू लुटा जा रहा है। आदिवासी समाज को चुन चुन कर मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। हर तरफ आदिवासी समाज की चीख पुकार गूंज रही है। पूरा माहौल भयावह है। पर भाजपा की सरकार को इसका कोई असर नहीं हो रहा है। ये सरकार कैसे इतनी निर्दयी हो गई यह समझ से परे है। ऐसी सरकार को देश मे रहने देने की जरूरत नहीं है। इसे हम सभी को मिलकर भगाना होगा।

## अमृत वाटिका के तहत अमृत सरोवर तट पर किया गया पौधा रोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आजादी का अमृत वाटिका के तहत अमृत सरोवर तट पर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया था। जिसके तट पर अमृत वाटिका के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया, बीपीओ, पंचायत सचिव, जेई, ऐई तथा रोजगार सेवकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रम में सभी पंचायतों में बना अमृत सरोवर के किनारे फलदार व छायादार पेड़ लगया गया। बीडीओ और बीपीओ द्वारा सेन्हा पंचायत में मनरेगा योजना से लगभग 3 एकड़ में लगा आमबागवानी का निरीक्षण करने के पश्चात उपविकास आयुक्त के निर्देशानुसार अरु पंचायत के जोगना ग्राम में लघु सिंचाई विभाग द्वारा सोलर चलित सिंचाई योजना निर्माण के लिए स्थल चयनित कर किसानों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के हेतु स्थल पर जायजा लिया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने की मनरेगा योजना हो या किसी भी माध्यम से बागवानी किया जा रहा है या पेड़ पौधे लगाया जा रहा है। उसे बढ़ते तक देख रेख करना सभी का जिम्मेवारी है। साथ ही कहा कि सभी लोग कुछ न कुछ पेड़ पौधा लगायें और उसे बचाएं जिससे प्राकृति में बदलाव हो और हर किसी को फल, सुद्ध हवा और शीतल छाया मिल सके। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई विशाल मिंज, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार देo, योगेन्द्र ठाकुर के अलावे मुखिया और पंचायत सचिव मौजूद थे।

## लोक जागृति द्वारा बालिकाओं का एक दिवसीय फुटबाल मैच का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेरेंगहातु तोड़ार फॉटबॉल मैदान मे बालिकाओं का एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे पांच टीमों ने भाग लिया और मैच में विनर टीम हाई स्कूल ईट, रनर बाल विकास विद्यालय ईट हाई स्कूल डांडू प्रोजेक्ट हाई स्कूल गगेया अवरनेश कोचिंग सेंटर सेरेंगहातु सभी टीम को संतावना पुरुष्कार दिया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सेन्हा ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं का आयोजन पहली बार हो रहा है और जिस उद्देश्य को लेकर आयोजन किया गया है हम उसको भी प्रोसाहित करते हैं और आगे भी ऐसा आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम का आयोजन गल्स् नाँट्स व ब्राइडसं और आशा,राची के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था लोक जागृति केन्द्र, सेरेंगहातु, लोहरदगा द्वारा किया गया। जिसमें 300 लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत सयुंक्त रुप से तोड़ार मुखिया शोभा देवी,पूर्व मुख्या व संस्था के उपाध्यक्ष सुखदेव उराँव, सचिव इमाम अंसारी,हु सैन अंसारी, इम्तियाज अहमद,इंटक अध्यक्ष इमरान आजाद, पचायत समिति, तोडार सफरूद्दिन अंन्सारी, दीपक कुजूर ने किया। पंचायत समिति सदस्य एवं पूर्व मुखिया व संस्था के उपाध्यक्ष सुखदेव उराँव साथ इंटक जिला अध्यक्ष ने कहा बाल विवाह अभिशाप से कम नहीं यदि किसी किशोर-किशोरियों का विवाह 18 व 21 वर्ष से पहले होता है तो वह कानूनन अपराध है जिसमे शामिल होने वाले सभी ब्यक्तियों पर केस हो सकता है। साथ ही साथ उन्होंने पोक्सो एक्ट के बारे में सभी को जानकारी दिए और बताये की बच्चो से सम्बंधित किसी भी प्रकार कि समस्या हो तो हेल्पलाइन नंबर - 1098 पर शिकायत कर सकते हैं।

## शिविर आयोजित कर दिव्यांग बच्चों का जांच कर दिया गया उपकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्याल अंतर्गत संचालित संकुल संसाधन केंद्र प्रांगण में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र छात्रओं को उपकरण प्रदान करने हेतु जाँच शिविर का आयोजन कर उपकरण वितरण किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र प्रांगण में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के 106 सरकारी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले 3 वर्ष से 18 वर्ष आयुवर्ग के विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं का जाँच शिविर का आयोजन उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर से आए एलिनको टीम के द्वारा जांच शिविर आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के भिन्न भिन्न विद्यालयों से 46 बच्चे बच्चियों का दिव्यांग उपकरण प्रदान करने हेतु चयन किया गया। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि बिते वर्ष चयनित 21 छात्र छात्रओं को दिव्यांग उपकरण दिया गया। जिसे पढ़ाई में छात्र छात्राओं के बीच दिव्यांगता व्यवधान न बने और पढ़ लिख कर बच्चो का भविष्य उज्ज्वल बन सके साथ ही बताया कि भुवनेश्वर से आया हुआ एलिनको टीम द्वारा चयनित छात्र छात्राओं को भी जल्द ही उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर एलिनको टीम के चिकित्सक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, शिक्षिका रीना कुमार, सोनमती कुजूर के अलावे विभिन्न विद्यालय के दिव्यांग छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## इरादों में जीत की गूंज चाहिए : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडियन टाइगर झखरा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस के सुखदेव भगत ने कहा की इरादों में जीत की गूंज चाहिए आसमां भी जमीं पे आएगी। सुखदेव भगत ने कहा की अनुशासन और निष्ठा के साथ खेलो। खेल में रोजगार के काफी अवसर है। हमारी सरकार ने खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ी गणों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजना लाई है। पंचायत में जमीन उपलब्ध हो तो मिनी स्टेडियम निर्माण कराया जाएगा। कंडरा से चंदवा गड़गांव सड़क निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही पर नराजगी व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने अनुशासन पर बल दिया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती उरांव, धनराज उरांव नंदू शुकला, वीरेंद्र यादव आयोजन समिति के मुमताज अंसारी शफीक अंसारी, सुदामा उरांव, बीनू उरांव, सोहन उरांव, छात्र संघ के बालेश्वर उरांव, युसुफ अंसारी, मोख्तार अंसारी सोनू उरांव, अफरोज, बादशाह, दशरथ, रामलाल आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर पारम्परिक रूप से ग्रामीण द्वारा स्वागत किया गया। फाइनल में तोड़ार की टीम रोमंचक मुकाबले में कंडरा को एक गोल से पराजित कर विजेता बना।

## मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 2 सितंबर, 2023 को लोहरदगा कचहरी मोड़, कुटमू रोड स्थित ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के कार एवं नन बैंकिंग अभिकर्ता एवं निवेशक सुरक्षा समिति, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश शर्मा विशेष अतिथि मोहम्मद जावेद अख्तर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिला से प्रखंड पंचायत का संगठन को विस्तार पूर्वक मजबूत हो चुका है। झारखंड सरकार से मांग किया जाता है कि झारखंड में भुगतान नीति बनाया जाए ताकि लोगों को अपनी भुगतान लेने में सुविधा होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम गरीबों का भुगतान नहीं होती है तो चरण वध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में काफी मंथन के बाद प्रदेश कमेटी के लिए विस्तार किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव श्री बिहारी भगत समिति से नियुक्त किया गया। बैठक में सुकरू उरांव, शशि नंदन भगत,पवन तिग्गा, करमचंद भगत, गोवर्धन महतो, श्याम देव उरांव, लक्ष्मी उरांव, सरस्वती देवी, मीना देवी, राजपति धनवार, इलीहबा मिंज, तारा देवी, प्रभु लकड़ा, सीमा देवी, चंद्रमणि देवी, हरिदास भगत, नंदलाल भगत, सुधीर भगत, सविना बानो, ज्योति लोहार, सफुन्तात तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## पेड़ से लटका मिला नाबालिग लड़के का शव गांव में छाया मातम जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुरपा ग्राम स्थित पतरा में पेड़ में नाबालिक लड़का का लटकता शव देख गांव में छाया मातम परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत मुरपा ग्राम के समीप पतरा में नाबालिक लकड़ा पेड़ के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि मुरपा बड़का टोली निवासी केश्वर उरांव का 15 वर्षीय पुत्र सुबोध उरांव ने पेड़ में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया। वही घर वालो ने बताया कि रात में खाना खाकर बिना बताये लगभग 11:00 बजे सुबोध घर से निकला था। परन्तु जब काफी देर तक घर नही आया तो परिजनों ने काफी खोजबीन किया परंतु लड़का का कहीं पता नही चला। वहीं सुबह में ग्रामीणों ने घर के नजदीक माटी टोगरी पतरा में पेड़ से झूलते हुए शव को देख इसकी सूचना घर वालों को दिया। तब घर वालों ने जाकर और रस्सी को काट कर शव को उतार कर जन प्रतिनिधियों को सूचना दिया। वही घटना की सूचना पर शोक प्रकट करते हुए जनप्रतिनिधियों ने सेन्हा थाना को घटना का जानकारी दिया। सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। बताया जाता है कि सुबोध का नामांकन 2022 में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडू में आठवीं कक्षा में कराया गया था। 8 दिन स्कूल जाने के बाद वह बिना घर में बताए उत्तर प्रदेश चला गया था। घर वालों को पता चला कि सुबोध बनारस में एक ईट भट्ठा में काम करता है तो घर वालों ने वर्ष 2023 मई माह में जाकर घर लाया उसके बाद से वह घर में ही रहता था। वही उसकी बहन ने कहा कि स्कूल क्यों नहीं जाते हो तो उसी बात से नाराज होकर वह 1 सितंबर की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबोध चार भाई दो बहन में सबसे छोटा था. सुबोध की फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। और गांव में मातम पसरा हुआ है.घटना की सूचना मिलते ही उगरा पंचायत मुखिया बसंती देवी, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून, समाजसेवी सगीर अंसारी मृतक के घर पहुंच शोक व्यक्त किया।

## विधायक कोलेबिरा, विधायक खिजरी व स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किया लोगों से वोट देने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं झारखण्ड राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में ईण्डिया गठबंधन और जे एम एम प्रत्याशी बेबी देवी के लिए उक्त विधानसभा के मतदाताओं से वोट देने की अपील किया। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शहरिया पंचायत के नवाडीह में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाईयों आज देश की स्थिति अच्छी नहीं है। भाजपा दलितों शोषितों आदिवासियों एवं पिछड़ों को निशाना बनाकर केन्द्र में अनेकों प्रकार का कार्य कर आवाज और उनके अधिकारों से बंचित करना चाहती है।कभी यू सी सी लाने का प्रयास करती है, पिछड़ों को उनका जो संवैधानिक अधिकार है आरक्षण उसे निजीकरण करके समाप्त कर देना चाह रही है। ये केन्द्र की सरकार मंहगाई को चरम सीमा पर ला दिया है।लोग मंहगाई के कारण सही खान-पान,कपड़ा आदि भी सही नहीं कर पा रही है।और जब हमारे इण्डिया गठबंधन के नेता उसपर आवाज उठाते हैं तो कभी ई डी,कभी सीबीआई का डर दिखाकर डराने और चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास करती है। अनेकों प्रकार का प्रलोभन देकर इण्डिया गठबंधन के नेताओं को खरीदने का काम करती है। बात नहीं बनता है तो वही फिर ई डी, सीबीआई का खौफ दिखाती है।जिसका जीता जागता उदाहरण है झारखण्ड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, जिन्हें बार बार समन भेजा जाता है। भाजपा पुरे दम-खम लगाकर झारखण्ड के लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। इसलिए हम सभी आपके समक्ष कहने और जगाने आएं हैं कि आप सभी इस भाजपा गठबंधन के झांसे में नहीं आवें और इण्डिया गठबंधन और जे एम एम प्रत्याशी बेबी देवी को प्रचण्ड बहुमत से विजई बनाए। दोनों विधायक एवं माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी के संग और भी कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किए एवम् इण्डिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों संग बैठक किए।

## 01 से 15 सितंबर तक विद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का होगा आयोजन : गणेश शास्त्री



**कैरो लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्याल स्थित डॉ. अनुग्रह नरायण उच्च विधालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 01 सितंबर शुक्रवार को सपथ ग्रहण किया गया। इस संबंध मे विद्यालय के प्राचार्य गणेश शास्त्री ने कार्यक्रम के माध्यम से कहा कि झारखंड राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी एवं जिले के उपायुक्त के निर्देशानुसार 1 सितंबर से 15 सितंबर तक सभी विधालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिस में मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, बाल-संसद,इको क्लब,जल शक्ति अभियान,विधालय में अध्यनरत छात्राओं को महावारी से सबंधित जानकारी एवं विधालय की साफ सफाई सहित अपने टोला मुहल्ला को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है। प्राचार्य शास्त्री ने कहा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधालय के विधालय प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि व शिक्षक, शिक्षिका सभी कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे तभी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निर्धारित उद्देश्य सफल हो पायेगा। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक जितेन्द्र भुषण कुमार, मनौवर हुसैन, राजेश कुमार, सुषमा शांति लता डांग, अणिमा एक्का, विनीत कुमार, इत्यादि शिक्षक एवं छात्र-छात्रा कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## सेविकाओं द्वारा पोषक क्षेत्र वाले गांव में चलाया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा की ओर से सितंबर माह पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 से 30 सितंबर तक मनाया जाना है। इसी कड़ी में आज शनिवार को लोहरदगा जिला के सभी पोषक क्षेत्र वाले गांव में गर्भवती माता के घर में सेविकाओं द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान सेविकाओं द्वारा गर्भावस्था में क्या-क्या सावधानी बरतना है एवं जो महिलाएं स्तनपान कराती है उन्हें क्या-क्या सावधानी लेनी है, बच्चे को प्रसव के बाद 1 घंटे के भीतर स्तनपान कराना कितना जरूरी है, इन सभी मुख्य बिंदुओं पर आज सभी सेविकाओं द्वारा गर्भवती या धात्री माता को जानकारी दी गयी।

## बाबूलाल मरांडी आज समाहरणालय मैदान में जनसभा को करेंगें संबोधित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 11.30 बजे बाबूलाल जी पहुंचेंगे शंख नदी, फिर भगवान बिरसा का करेंगे माल्यार्पण ततपश्चात 2500 मोसटरसाइकलों के साथ भाजपा कार्यकर्ता संख नदी के पास से रैली द्वारा समाहरणालय मैदान तक बाबूलाल मरांडी का करेंगे स्काउट,फिर होगा इनका सम्बोधन। भाजपा समर्थकों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभा स्थल पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महासचिव रितेश कुमार ने कही उन्होंने बतलाया कि आज दिन रविवार दोपहर 12 बजे स्थानीय समाहरणालय मैदान में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का आगमन होगा तथा उपस्थित विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। झारखंड में वर्तमान जे एम एम एवं कॉंग्रेस नित गठबंधन के शासन में हेमन्त सोरेन सरकार के अगुवाई में व्याप्त भरस्टाचार, बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, लचर शासन, ज़मीन घोटालों के विरुद्ध बाबूलाल जी का गर्जना का आगाज होगा। बाबूलाल जी के आगमन को लेकर ज़िला के सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं में काफी जोश व उमंग है, इस जनसभा को सफल बनाने हेतु भाजपा के सभी सातों मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अथक प्रयास कर रहे हैं। वहीं ओबीसी मोर्चा अपनी पदाधिकारियों,कार्यकर्ता व ज़िला के सभी भाजपा समर्थकों से अपील करती है कि बाबूलाल जी के इस जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दें।

## नव युवक संघ रानीकुदर में बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के रानीकुदर में नवयुवक संघ रानीकुदर की ओर से बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को मैदान में खेला गया। खेल में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का,युवा जिलाध्यक्ष सन्देस एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत की। खेल का फाइनल बालिका वर्ग मैच में फरसापानी बनाम हसीनापुर, वहीं बालक वर्ग में गुडगुडटोली बनाम स्टार 11 की टीम के द्वारा खेला गया। बालिका वर्ग में दोनों ही टीम शानदार पारी खेलते हुए पहले एवं दूसरी पारी में बराबरी पर रही जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का आयोजन हुआ जिसमें 4-0 गोल से हसीनापुर की बालिका टीम जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग में दोनों टीम शानदार खेलते हुए बराबरी पर ही इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का आयोजन हुआ जिसमें गुडगुड टोली की टीम 3-0 से जीत दर्ज की की मौके पर विजेता टीम को पूर्व मंत्री के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया अपने संबोधन में कहा इस प्रकार कि ग्रामीण स्तर पर आयोजन से खेल के प्रति लोगों का रुचि बढ़ता है और यहां से खिलाड़ी खेल कर जिला स्तर राजस्तर और देश स्तर पर खेल कर नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में झारखंड पार्टी कोई कमी ना छोड़े और इसके लिए आयोजन समिति हमेशा सहयोग ले सकते हैं। ताकि इस प्रकार का आयोजन कर प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे लाया जा सके। वही इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष जीतू मोदी उपाध्यक्ष मोतीलाल अहीर, सचिव गुलशन कच्छप, संरक्षक संजय केरकेट्टा,बाल्कन इंदवार, पंचायत समिति सदस्य सुलोचीनी देवी, पूर्व मुखिया लॉरेंग डुंगडुंग, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, सुदीप लुगून, रसाल खलखो मोहम्मद वैस आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती के नेतृत्व में निकली मोटरसाइकिल रैली

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय बाबूलाल मरांडी का आज दिनांक 3 सितंबर 2023 दिन रविवार को 12:00 दिन में स्थानीय समरण मैदान लोहरदगा में आगमन होगा एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। 3 सितंबर 2023 को होने वाले कार्यक्रम को लेकर नगर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे शहर में मोटरसाइकिल रैली का प्रदर्शन किया गया एवं लोगों को आह्वान किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए 8 सदस्यीय समिति का हुआ गठन

**नई दिल्ली** : एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार ने 8 सदस्यीय समिति का गठन किया है। 8 सदस्यीय समिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और गुलाब नबी आजाद भी शामिल हैं। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दरअसल, देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। लेकिन केंद्र सरकार %एक देश, एक चुनाव को लेकर 8 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। इसके अलावा इस समिति में सदस्य के तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी और गुलाम नबी आजाद को शामिल किया गया है। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव के लिए बनाई गई आठ सदस्य समिति में 15वें वित्त आयोग के पूर्व चेयरमैन एनके सिंह को भी शामिल किया गया। इसके अलावा लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष सी. कश्यप, सीनियर वकील हरीश साल्वे, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी इस आठ सदस्य समिति में शामिल हैं। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक विशेष सदस्य के रूप में समिति की हाई लेवल बैठकों में हिस्सा लेंगे। हालांकि, एक देश-एक चुनाव को लेकर राजनीतिक दल बंटे हुए नजर आ रहे हैं। कई विपक्षी दलों ने एक देश-एक चुनाव की आलोचना की है। उन्होंने इसे गलत बताया है।

### ई-कॉमर्स को रेगुलेट करने और निगरानी के लिए प्राधिकरण का गठन जरुरी : जेसीपीडीए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: छोटे छोटे स्थानीय एवं खुदरा व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (जेसीपीडीए) ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को पत्राचार कर ई-कॉमर्स को रेगुलेट करने और निगरानी करने के लिए एक नियामक प्राधिकरण के गठन की मांग की। जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि ई-कॉमर्स उद्योग को छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए विनियमन की आवश्यकता है। यह देखा जाय तो ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर 5-6 कंपनियों का एक ही समूह शीर्ष विक्रेता है जो छोटे व्यवसायियों के बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता है। ई कॉमर्स की मनमानी पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि शेयर बाजार और दूरसंचार उद्योग के लिए सेबी की तरह ई-कॉमर्स को विनियमित करने और निगरानी करने के लिए एक नियामक प्राधिकरण का गठन किया जाय। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि केंद्र सरकार इस महीने के अंत तक अनैतिक व्यापार प्रथाओं और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) उल्लंघनों के खिलाफ एक मजबूत ई-कॉमर्स नीति लागू करेगी जिससे स्थानीय स्तर के छोटे व्यापारी लाभान्वित होंगे। जेसीपीडीए के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि ई कॉमर्स पर दवा और बंद फूड प्रोडक्ट की बिक्री पूर्ण प्रतिबंधित होनी चाहिए। यह देखें तो एक डिस्ट्रीब्यूटर को दवा और फूड प्रोडक्ट की बिक्री के लिए तमाम वैधानिक प्रक्रियायें पूरी करनी पडती हैं, उत्पाद को अपने वेयरहाउस में भी हाईजेनिक तरीके से रखना पड़ता है, जो कि ई कॉमर्स पर लागू नहीं होता है। ई कॉमर्स पर नियर एक्सपायरी फूड प्रोडक्ट भी डिलीवरी किये जाते हैं जबकि एक दुकान पर जाकर उपभोक्ता नियर एक्सपायरी आइटम को लेने से परहेज करते हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी हाल ही में इसपर कड़ी आपत्ति जताई है।मंत्रालय को इसकी समीक्षा भी समीक्षा करनी चाहिए।

## पलामू में 3200 मैट्रिक टन खाद्यान की कटौती की गयी, 8 लाख लाभुक को नहीं मिला अगस्त माह का राशन

# खाद्यान का समायोजन 8 माह बाद करने का क्या औचित्य है : वीडी राम

*** राज्य सरकार व आपूर्ति विभाग के द्वारा की गयी लापरवाही के कारण लाभुकों को नहीं मिला राशन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : विगत दो वर्षों से पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें यथा पलामू एवं गढ़वा सुखाड़ का दंश झेल रहे हैं। बावजूद इसके अगस्त महीने का राशन कार्ड धारियों को कई प्रखंडों में राशन नहीं मिल पाया है। कई प्रखण्डों के राशन कार्ड धारियों ने इस आशय की शिकायत मुझसे की है। खासकर कांडी प्रखण्ड एवं सदर प्रखण्ड मेदिनीनगर के राशन कार्ड धारियों द्वारा स्थिति की जानकारी प्राप्त करने पर यह पता चला है कि भारत सरकार के द्वारा पलामू जिला के लिए लगभग 3200 मैट्रिक टन खाद्यान्न की कटौती की गयी है। कटौती से लगभग 08 लाख लाभुक अगस्त माह के राशन से वंचित हो जायेंगे। भारत सरकार के द्वारा अगस्त माह में खाद्यान्न में कटौती का कारण यह है कि सितम्बर से दिसम्बर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण खाद्यान्न का वितरण नहीं हुआ था और स्टाक में उतना खाद्यान्न होना चाहिए था। उक्त बातें पलामू के सांसद वीडी राम ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए था कि बचे हुए खाद्यान्न का समायोजन जनवरी, फरवरी 2023 तक कर लेती। उक्त अवधि के खाद्यान्न का समायोजन 8 माह बाद अगस्त महीने में करने का क्या औचित्य है ? खद्यान वितरण में राज्य सरकार एवं जिला के आपूर्ति विभाग के द्वारा की गयी अनियमितता एवं लापरवाही का द्योतक है। सितम्बर से दिसम्बर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण राशन का वितरण क्यों नहीं हुआ और बचा हुआ राशन वर्तमान में कहॉ है। अगस्त माह का खाद्यान्न बचे हुए लाभुकों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस में इनकी रही उपस्थिति

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पाण्डेय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मिडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, मनोरंजन दुबे उपस्थित थे।

### पलामू व गढ़वा को सुखाड़ से निपटने के लिए केंद्र ने दी राशि

सांसद ने कहा कि पलामू व गढ़वा जिले में धान की रोपनी नहीं के बराबर हो पाया है। खरीफ फसलों का आच्छादन भी ठीक नहीं है। ये दोनों जिले पूरी तरह से सुखाड़ की चपेट में हैं। इन दोनों जिलों में बारिश भी कम हुआ है। पलामू व गढ़वा में व्याप्त अकाल को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह से गंभीर है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राहत आपदा कोष से 500 करोड़ रूपए देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही राज्य के सुखाड़ प्रभावित जिलों में राहत योजना चलाने के लिए 100 करोड़ रूपए शीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन जिलों में पलामू एवं गढ़वा सम्मिलत हैं।

## कार्डियोमायोपैथी से ग्रसित महिला को 3 महीने में किया ठीक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पारस एचईसी अस्पताल ने 10 वर्षों से कार्डियोमायोपैथी से ग्रसित महिला को 3 महीने में ही ठीक किया । कार्डियोमायोपैथी दिल की कमजोरी से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें हमारे दिल की मांसपेशियां कमजोर हो जाती है और जिसकी वजह से हमारा दिल शरीर में सही तरीके से ब्लड सर्कुलेशन नहीं कर पाता है। पिछले 10 साल से महिला इस बीमारी से ग्रसित थी। मरीज़ के परिजनों ने बताया की कई जगह उपचार कराने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं हो पा रही थी, और उसकी समस्या बढ़ती ही जा रही थी। पारस एचईसी अस्पताल के चिकित्सक डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने मरीज़ को अस्पताल में सिर्फ़ एक दिन के लिए भर्ती कर इलाज किया। उसके बाद मरीज़ का बिना हार्ट ट्रांस्प्लांट किए उसे घर भेज दिया और डॉ कुंवर अभिषेक की देखरेख में लगभग 3 महीने की निरंतर चिकित्सा ( सिर्फ़ दवा से ) के बाद, वही महिला आज पूरी तरह स्वस्थ है और अपनी रोज़मर्रा के कामकाज बखूबी कर रही है।

## पर्यटन के विकास से मिलेगा रोजगार : लोकेश मिश्र

*** उपायुक्त लोकेश मिश्र ने लिया रानी फॉल पर्यटन स्थल की व्यवस्था का जायका**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शनिवार को रानी फॉल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पर्यटन के केंद्र रानी फॉल में व्यवस्था सुदृढ होनी चाहिए। साथ ही यात्री शेड आदि में भी आवश्यक सुधार करें। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश डीसी ने अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी क्षेत्रों में विकासशील कार्य किये जायें। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक सौंदर्य के प्रेमियों के लिए प्रकृति ने खूंटी जिले को पर्यटन स्थल के रूप में कई अनुपम उपहार दिये हैं। इनमें पंचघाघ जलप्रपात, पेरवां घाघ, रानी फॉल, बिरसा मृग विहार, तजना डैम, पेलौल डैम, लटरजंग डैम व आम्रेश्वर धाम प्रमुख हैं। इन स्थलों पर सालों भर पर्यटक आते हैं। जिला प्रशासन द्वारा उक्त पर्यटन स्थलों के विकास की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित हैं। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही हैं। जिला मुख्यालय से महज बारह किलोमीटर की दूरी पर स्थित रानी फॉल का प्राकृतिक सौंदर्य किसी को भी लुभा सकता है। खूंटी-तमाड़ मुख्य मार्ग पर आड़ीडीह गांव से करीब दो किलो मीटर की दूरी पर स्थित है रानी फॉल। डीसी लोकेश मिश्र जिले में पर्यटन के विकास हेतु काफी प्रयासरत हैं। उनका कहना है कि पर्यटन का विकास होने से रोजगार का सृजन होगा।

## फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो होटल रेडिशन ब्लू में होगा आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबीशन तीज त्यौहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए आपके लिए लेकर आ रहा है प्रीमियम शो. शो 12 और 13 सितंबर को रॉची में होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित होगा. जहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लुसिव कलेक्शन प्रदर्शित होंगे.साथ हीं साथ आप एक हीं छत के निचे देख सकेंगे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन, जिनमें एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मैड ज्वेलरी, लक्ज़री होम डेकोर, और बहुत कुछ शामिल हैं. साथ हीं बनारस की एक्सक्लुसिव, प्योर और स्पेशल साडियां आपको आकर्षित करेंगी. वही लखनव की ऑल रेंज की चिकेनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी वियर, किट्टी पार्टी वियर, कोकटेल पार्टी वियर आपका दिल जीत लेगी. दिल्ली बम्बई ,लुधियाना ,लखनऊ ,कानपुर बनारस के कलेक्शन, बैंगलोर के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा गारारा से अपने वार्डरॉब को नया टच डे सकतें हैं.शो में इस बार आपको बिल्कुल कुछ नया देखने को मिलेगा, वो है हर ऐज के लिए से लाये गए वेस्टर्न वियर.की ड्रेस, सूट, की एक्सक्लुसिव रेंज साड़ी, बयान सिल्क का यूनिक कलेक्शन के अलावा कश्मीर के साड़ी और ड्रेस भी कुछ खास है. वहीं सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आ रहें हैं. रीयल ज्वेलरी आपका दिल लुभाएगी.शो स्पेशल एडिशन लेकर आ रहा है होम डेकोर प्रोडक्ट में आपको प्लेटर, बेड कवर, बेड शीट के यूनिक कलेक्शन देख सकेंगे.

वही मेले की संचालिका रीना अग्रवाल ने बताया कि

फैशन पॉइंट और ख्याति... द बुटीक का संयुक्त प्रयास! लाइफस्टाइल प्रदर्शनी में आने वाले डिज़ाइनर्स के लिए एक दिलकश फैशन शो का आयोजन हो रहा है, जहाँ वे अपने डेसेस और आभूषणों को एक और खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित कर सकेंगे। इसके द्वारा ग्राहकों को एक बड़ी और बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा, जिससे उनकी वस्त्र और आभूषण की चयन सुविधा में वृद्धि होगी।

मेले में प्रतिदिन लकी ड्रा का भी आनंद उठा सकते हैं. जितने वाले को चांदी का सिक्का एवं गिफ्ट हैंपर दिया जाएगा। मेला सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा.

## फिल्म अभिनेता अयाज खान का रांची एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**रांची** : शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर, भोजपुरी युवा विकास मंच, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान पीठो रिया कांके के संयुक्त तत्वाधान में भोजपुरी फिल्मों के मसहूर अभिनेता अयाज़ खान जी का रांची एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अयाज़ खान जी ने कहा कि राजधानी रांची मेरा दूसरा घर है। यहां कि हरियाली और सौंदर्य हमें बार बार आने के लिए खींचता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वो एक फिल्म कि शूटिंग के लिए रांची आए है। इस अवसर पर मुख्य रूप से , भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर के अध्यक्ष रोमीत नारायण सिंह,भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय संस्थान पिठौरिया की संचालिका बी के राजमती, अभिनेत्री अंतरा दुबे, सिंधु बाला समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 43 परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं के दूसरे चरण का प्रशिक्षण एक से 30 सितंबर तक चलेगा, सीएम की मिली सहमति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की 7वीं से 10 वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त 43 परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं (डिप्टी कलेक्टर) के दूसरे चरण का प्रशिक्षण और भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम समेकित रूप से एक सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री की सोच है कि जिस तरह भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत दर्शन कराया जाता है, उसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी भारत दर्शन कराया जाए, ताकि वे अन्य प्रदेशों की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यो को देख और समझ सकें। भारत दर्शन के दौरान उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा उससे वे राज्य के विकास में और भी बेहतर तरीके से योगदान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री के इसी विजन को ध्यान में रखकर परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं को पहली बार भारत दर्शन कराया जा रहा है।

### श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में मिलेगा प्रशिक्षण

सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं के दूसरे चरण का प्रशिक्षण श्री कृष्णा कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में आयोजित होगा। इससे पहले इन सभी उप समाहर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच में ही श्रावणी मेला को लेकर देवघर और दुमका में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं, दूसरे चरण के प्रशिक्षण तथा भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ता एक अक्टूबर - 2023 से जिला प्रशिक्षण हेतु अपने पदस्थापित जिला में योगदान सुनिश्चित करेंगे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी पहली बार करेंगे भारत दर्शन

## पेशकार पर हुए जानलेवा हमला मामले में हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान




*** सशरीर हाजिर हुए गृह सचिव व डीजीपी, 4 सितंबर को होगी अगली सुनवाई**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में पेशकार पर जानलेवा हमले का मामला अब झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले को स्वत~ संज्ञान लिया है। शनिवार को हाईकोर्ट छुट्टी रहने के बाद बैठा। यह विशेष सुनवाई के तहत है। मुख्य न्यायधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट में राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह और होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार सशरीर हाजिर हुए हैं। सुनवाई के दौरान दोनों ने कोर्ट के कई सवालों का जवाब दिया है। सुनवाई के दौरान डीजीपी ने कोर्ट को बताया कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं सरकार ने बताया कि राज्य के 20 सिविल कोर्ट और 4 सब डिविजनल कोर्ट में 3293 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा लगाने की पूरी प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरी हो जाएगी। अगली सुनवाई चार सितंबर को निर्धारित की गयी। इस तारीख को जमशेदपुर के डीसी एवं एसएसपी को वर्चुअल मोड में कोर्ट में हाजिर होने को कहा है। शुक्रवार को जमशेदपुर कोर्ट में एडीजे-1 की अदालत में घुसकर इजलास के बगल में काम कर रहे सहायक पेशकार राकेश कुमार पर एक युवक ने चापड़ से जानलेवा हमला किया। घटना शाम करीब 6 बजे की है। हमलावार को भागने के क्रम में कर्मचारियों ने खदेड़कर पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। घटना के तुरंत बाद रजिस्ट्रार भी पहुंच गए। घटना में शामिल साहिल अंसारी उर्फ साहिल बच्चा कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-2 के हरदेव सिंह पथ का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ की। इधर, घायल राकेश कुमार का टीएमएच में इलाज चल रहा है।

## मृत दारोगा शशांक कुमार की पत्नी रंजना शर्मा ने दर्ज कराया मामला

**रांची।** लालपुर थाना में पदस्थापित रहे मृत दारोगा शशांक कुमार की पत्नी रंजना शर्मा उर्फ नेहा ने दो के विरुद्ध 20 लाख रुपए मांगने और नहीं देने पर केस में फंसा कर बदनाम कराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। रंजना ने हजारीबाग के मुफ्फसिल थाना में बुढ़मू की रहने वाली युवती (जिसने शशांक पर यौन शोषण का आरोप लगाया था) और ओरमांझी हुटुप निवासी आर्यन सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों पर खुदकुशी के लिए उकसाने (भादवि की धारा 306 व 34) के तहत मामला दर्ज हुआ है। दारोगा शशांक कुमार ने 21 अगस्त को जहर खा लिया था। हजारीबाग स्थिति एक अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। शशांक कुमार पर बुढ़मू की रहने वाले युवती ने ही यौन शोषण का आरोप लगाते हुए लालपुर थाने में ही वर्ष 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसकी जांच राँची पुलिस और सीआईडी कर रही थी।

## शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार शनिवार को शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिले। इस दौरान वे रांची के 64 हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के इलाही नगर, संजीवनी नगर एवं जाकिर कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े मामलों से संबंधित उनकी शिकायतों और सुझावों को जाना। उन्होंने आम मतदाताओं से सीधे वार्तालाप कर यह जानने का प्रयास किया कि उनके परिवार में कोई पात्र मतदाता छूट तो नहीं गया है। क्या बीएलओ उनके घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं? साथ ही मतदाता सत्यापन के बाद क्या घर के बाहर स्टीकर लगाए गए हैं? इतना ही नहीं उन्होंने एक अपार्टमेंट और दो स्लम इलाके के मतदाताओं के बीच बैठकर उनसे सामूहिक विमर्श भी किया। भ्रमण के क्रम में कुछ मतदाताओं ने बताया कि वे अर्हता रखते हैं लेकिन अभी तक उनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बन पाया। कुछ ऐसे भी मतदाता मिले जिनका वोटर आईडी कार्ड दूसरे राज्य, जिले एवं विधानसभा क्षेत्र का बना हुआ है लेकिन काफी समय से इस क्षेत्र में रहने के कारण अपने मत का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। इन सब के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन लोगों का सूची में नाम नहीं है उनके लिए अभियान चलाएं। ऐसे क्षेत्रों में कैम्प लगाकर नागरिकों से फॉर्म छह एवं फॉर्म आठ भरवाकर मतदाता सूची को अद्यतन बनाएं। इससे पूर्व उन्होंने अपने सभा कक्ष में रांची की उपायुक्त एवं निर्वाचन कार्यों से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कुमार ने कहा कि हर बार यही संज्ञान में आता है कि रांची के मतदाता अच्छे प्रतिशत में वोट नहीं करते हैं।

यह बात यहां के मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े सभी कर्मियों और पदाधिकारियों के लिए गंभीरता के साथ चिंतन करने योग्य है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में कोई भी वोटर छूटे नहीं इस उद्देश्य से हमें साथ मिलकर एक टीम भावना के साथ काम करना है। समीक्षा के क्रम में उन्होंने रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सत्यापन का धीमा कार्य देखकर रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्र में निर्वाचन के कार्य में पदाधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें चिन्हित कर उन पर अविलंब विभागीय कार्रवाई करें। कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र की मतदाता सूची में वैसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गयी है और उनका नाम अभी भी सूची में मौजूद है, उनका नगर निगम से निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर मतदाता सूची से नाम विलोपित करने का काम करें। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, निर्वाचन कार्य से जुड़े जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।